
# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## पाक को सबक सिखाने की 'पूरी तैयारी'



### यह भी केंद्र के निर्देश

खाद्य पदार्थों की सप्लाई चेन दुरुस्त रहे। प्राइस कंट्रोल कमेटी की बैठक में तय हो कि चीजों की कीमतें न बढ़ें

*1* शुक्रवार को सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी श्रीनगर पहुंचे, उन्होंने वहां सीमा पर अग्रिम चौकियों का निरीक्षण किया

*2* इस बीच त्राल और बिजबहेड़ा में पहलगाम अटैक में शामिल रहे दो आतंकियों के घर उड़ा व ढहा दिए गए

## गृहमंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात कर दिए निर्देश

# वीजा कैंसिल... पाकिस्तानियों को खोज-खोजकर वापस भेजें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्री से बात की। शाह ने मुख्यमंत्रियों से कहा है कि वे अपने-अपने राज्यों से पाकिस्तान के लोगों को जल्द से जल्द हटाएं। पहलगाम हमले के बाद गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान से जुड़े सारे वीजा कैंसिल करने के निर्देश दिए हैं।

भारत ने अटारी-वाघा बॉर्डर को बंद करने का भी फैसला लिया है। भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को इस रास्ते से लौटने के लिए एक मई तक का वक्त दिया गया है। भारत में पाकिस्तानी हाईकमीशन में तैनात पाकिस्तानी डिफेंस एडवाइजर्स को देश छोड़ने के लिए एक हफ्ते का समय दिया है। साथ ही दोनों हाई कमीशन में तैनात कर्मचारियों की संख्या 50 से घटाकर 30 कर दी थी। शुक्रवार को सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी श्रीनगर पहुंचे। उन्होंने वहां सीमा पर अग्रिम चौकियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ सैन्य ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

आतंकियों व साजिशकर्ताओं को इस बार भारत पूरी तरह से नेस्तानाबूद करेगा। भारत ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। अमेरिका, रूस, इजराइल, ब्रिटेन व फ्रांस जैसे देशों ने भारत की किसी भी कार्रवाई का समर्थन किया है।



सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी

### उधर, कठुआ में दिखाई दिए चार संदिग्ध

कठुआ के चन्नी इलाके में रेलवे ट्रैक यार्ड के पास शुक्रवार को चार संदिग्ध व्यक्ति देखे गए हैं। इस बात की जानकारी कुछ महिलाओं ने दी। पुलिस और सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है।

त्राल



बिजबहेड़ा



### पहलगाम हमले के बाद तगड़ा एक्शन

#### आतंकी आसिफ का घर ब्लास्ट से उड़ाया, आदिल के घर पर चला बुलडोजर

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षाबलों का बड़ा एक्शन सामने आया है। त्राल में जम्मू-कश्मीर पुलिस आतंकी आसिफ के घर पहुंची। बताया जा रहा है कि उसके घर में विस्फोटकों का जखीरा था, जिसमें धमाका हुआ। इसके अलावा एक आतंकी आदिल के घर पर भी जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुलडोजर से कार्रवाई की और उसे ध्वस्त कर दिया। बता दें कि पहलगाम हमले के बाद ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने स्वीकारा सच

#### कहा- पाकिस्तान 30 साल से कर रहा है गंदा काम



आखिरकार पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने स्वीकार किया है कि उनका देश आतंकवाद का समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा कि हम करीब तीन दशक से अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पाक के डिप्टी पीएम का शर्मनाक बयान

#### पहलगाम हमले के आतंकियों को बताया स्वतंत्रता सेनानी



पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने पहलगाम के आतंकियों को स्वतंत्रता सेनानी करार दिया है। इस्लामाबाद में पत्रकारों से डार ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम जिले में हमले करने वाले लोग स्वतंत्रता सेनानी हो सकते हैं।

### चश्मदीद ने पहचाना स्केच वाला आतंकी

#### संदिग्ध खच्चर वाला हिरासत में, धर्म पूछा था



जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले की पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक फोटो के मामले में तुरंत एक्शन लेते हुए संदिग्ध खच्चर वाले की पहचान कर उसे हिरासत में ले लिया है। ये मामला तब सामने आया जब एक ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पहलगाम हमले के पीड़ितों से राहुल गांधी ने की मुलाकात



#### बोले- हमला भाई को भाई से लड़ाने का विचार

विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के घायलों और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। राहुल गांधी ने कहा कि मैं यहां यह जानने आया हूं कि क्या हो रहा है और मदद करने आया हूं। हम सरकार द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। जो कुछ हुआ है उसके पीछे समाज को बांटने, भाई को भाई से लड़ाने का विचार है। और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हर एक भारतीय एकजुट हो, एक साथ खड़ा ▶▶ शेष पेज 6 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


IPL आज का मुकाबला

कोलकाता पंजाब

शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### एनएसई पीड़ितों को देगा आर्थिक मदद



**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस अमानवीय हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों की सहायता के लिए एनएसई ने 1 करोड़ रुपए की मदद देने की घोषणा की है, प्रत्येक परिवार को करीब 4 लाख प्रदान किए जाएंगे।

### इसरो के पूर्व प्रमुख कस्तूरीरंगन का निधन



**बेंगलुरु।** इसरो के पूर्व अध्यक्ष कृष्णस्वामी कस्तूरीरंगन का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। बेंगलुरु आवास पर उन्होंने 84 साल की आयु में अंतिम सांस ली। सुबह 10 बजे के करीब उनकी मौत हुई। रविवार को अंतिम संस्कार से पहले रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट में उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। कस्तूरीरंगन सबसे लंबे समय तक इसरो चीफ के पद पर कार्यरत रहे हैं।

### श्रीमहाकाल मंदिर में मोबाइल पूरी तरह बैन



**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में अब मोबाइल का इस्तेमाल करते पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। मंदिर प्रबंधन ने मंदिर के साथ ही परिसर में भी मोबाइल के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। तीन स्थानों पर स्थित लॉकर में जमा करना होगा। आदेश में कहा गया कि सुरक्षा और धार्मिक माहौल बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। मोबाइल का इस्तेमाल करने पर कार्रवाई होगी।

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भोपाल चेंबर का आह्वान

# चौक बाजार, दवा बाजार व न्यूमार्केट सहित शहर के मार्केट आधे दिन के लिए आज बंद

**बीते दिन व्यापारियों ने बांधी थी काली पट्टी**

*पहलगाम आतंकी हमले के बाद लोगों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अलग-अलग तरह से लोग आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं*

जुमे की नमाज के बाद ताजुल मसाजिद के बाहर युवाओं ने आतंकवाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देशभर में विरोध और प्रदर्शन जारी है। आतंकी हमले के विरोध में भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर चौक बाजार, दवा बाजार, न्यूमार्केट सहित अन्य बाजारों के व्यापारिक संगठनों में भोपाल बंद के समर्थन में शनिवार को आधे दिन का बाजार बंद का ऐलान किया है।

चेंबर के अध्यक्ष तेजकुल पाल सिंह पाली ने सभी व्यापारिक संगठनों से आतंकी हमले के विरोध में बाजार बंद में अपना सहयोग और समर्थन देने की अपील की है। बीते दिन थोक दवा के व्यापारी ने आतंकी हमले के विरोध में काली पट्टी लगाकर ▶▶ शेष पेज 6 पर



बोर्ड ऑफिस चौराहे पर विहिप ने पुतला फूंका

### कपड़ा बाजार 2 बजे तक बंद: श्यामबाबू

फेडरेशन ऑफ राजधानी वस्त्र व्यवसायी संघ रजि. के अध्यक्ष श्यामबाबू अग्रवाल ने बताया कि भोपाल बंद के समर्थन में शनिवार समस्त कपड़ा व्यापारियों देश की एकता और अखंडता के लिए हिंदू धर्म के रक्षार्थ बाजार 2 बजे तक बंद रखेंगे।

### ताजुल मसाजिद के बाहर भी मुस्लिम समाज ने किया प्रदर्शन

#### मुस्लिमों ने आतंकवाद और पाकिस्तान के पुतले फूंके

युवा बोले-बॉर्डर पर छोड़ दो



भोपाल में शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। आतंकवाद का पुतला दहन किया। प्रदर्शन में महिला और बच्चे भी शामिल हुए। प्रदर्शन में शामिल युवाओं ने कहा कि हम लोगों को बॉर्डर पर छोड़ दो। आतंकवाद किसी धर्म या देश का प्रतिनिधित्व नहीं करता और इसके अपराधियों को सजा मिलनी चाहिए। जुमे की ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सावरकर विवाद पर राहुल को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# स्वतंत्रता सेनानियों पर टिप्पणी करने की किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ उत्तर प्रदेश की एक ट्रायल कोर्ट की ओर से जारी समन को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। राहुल को उनके खिलाफ दायर विनायक दामोदर सावरकर मानहानि मामले में समन किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को विनायक दामोदर सावरकर पर उनकी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी के लिए फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश में उनकी टिप्पणी के लिए दर्ज मामले में राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने राहुल गांधी को भविष्य में इस तरह के कोई भी बयान न देने की चेतावनी भी दी, क्योंकि शीर्ष अदालत इस ▶▶ शेष पेज 6 पर



*राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक*

#### सिंघवी की दलील पर सुप्रीम कोर्ट का पलटवार

सिंघवी ने अदालत से कोई टिप्पणी न करने का आग्रह किया और कहा कि राहुल गांधी का समूहों के बीच दुश्मनी पैदा करने का कोई इरादा नहीं था। पीठ ने पलटवार करते हुए कहा कि आप स्वतंत्रता सेनानियों के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं करते। जब आपको भारत के इतिहास के बारे में कुछ भी पता नहीं है, तो आपको ऐसी कोई टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

### भारत के ताबड़तोड़ एक्शन का असर

## पाकिस्तान का स्टॉक मार्केट क्रैश पीएसएक्स की वेबसाइट हुई बंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के शेयर मार्केट में तबाही का माहौल है। पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) में शुक्रवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। लगातार दो कारोबारी सेशन में 2500 से अधिक अंक की गिरावट आई है।



शुक्रवार को कारोबार शुरू होने के पांच मिनट के भीतर कराची स्टॉक एक्सचेंज का सबसे प्रमुख इंडेक्स, जिसमें पाकिस्तान की टॉप लिस्टेड कंपनियां शामिल होती हैं केएसई-100 में 2.12 परसेंट का शार्प फॉल देखा गया। इसके बाद इंडेक्स 114,740.29 पॉइंट पर आ गया। इसके अलावा पीएसएक्स की वेबसाइट कुछ समय के लिए ऑफलाइन हो गई। वेबसाइट पर 'वी विल बैक सून' का मैसेज दिखने लगा। भले ही यह दावा किया गया कि वेबसाइट की रूटीन मेंटेनेंस का काम जारी है, लेकिन समय-समय ▶▶ शेष पेज 6 पर

### 40 साल से रोजा व नमाज पढ़ रहे थे

## पहलगाम हमले से दुखी होकर शाहबुद्दीन बन गए 'श्यामलाल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

कुलकर्णी नगर के रहने वाले एक शख्स ने पहलगाम हादसे से दुखी होकर न केवल हिंदू धर्म में घर वापसी की, बल्कि दरगाह परिसर में सुंदरकांड का पाठ भी करवाया। दरअसल, श्यामलाल निनोरी पिछले 40 सालों से सैयद निजामुद्दीन की दरगाह की सेवा ▶▶ शेष पेज 6 पर

कव्वाली की जगह करवाया सुंदरकांड पाठ



### 56 दुकान में लगा पोस्टर हुआ वायरल

#### पिग्स एंड पाकिस्तानी नॉट अलाउड

इंदौर की 56 दुकान के व्यापारियों ने हमले के विरोध में पोस्टर लगाए हैं, जिसमें लिखा है पिग्स एंड पाकिस्तानी सिटीजंस नॉट अलाउड एट 56 दुकान। पोस्टर में एक पिग पाकिस्तानी सेना के जनरल की वर्दी पहना हुआ दिखाई दे रहा है।

### फाइटर प्लेन से छत पर गिरा धातु का टुकड़ा

## मकान के अंदर हुआ 10 फीट गहरा गड्ढा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के पिचोरे क्षेत्र में शुक्रवार को भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक लड़ाकू विमान से गलती से एक गैर-विस्फोटक वस्तु गिर गई। इस घटना में एक भारी वस्तु मनोज सागर के घर पर गिरी, जिससे छत और गेट टूट गए और लगभग 10 फुट गहरा गड्ढा बन गया। राहत की बात यह रही कि घर में मौजूद परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। स्थानीय लोगों ने धमाके जैसी तेज आवाज और उसके बाद उठे धूल के गुबार के बारे में ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ गलती से प्लेन से गैर विस्फोटक वस्तु गिरी

हवाई वस्तु छोड़ने पर वायु सेना ने जताया खेद

#### कहा-विस्फोटक खतरा नहीं

आईएएफ ने घटना के बाद एक्स पर दुख जताया। बयान में कहा कि शिवपुरी के पास जमीन पर संपत्ति को हुए नुकसान पर खेद है। यह आईएएफ विमान से गलती से एक गैरविस्फोटक हवाई वस्तु छोड़ने के कारण हुआ। इसकी जांच शुरू कर दी गई है। इससे किसी भी तरह विस्फोटक खतरा नहीं है।


## 9वीं की छात्रा के साथ आइसक्रीम में नशीला पदार्थ खिलाकर गैंगरेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के मायापुर थाना क्षेत्र में एक हॉस्टल की छात्रा के साथ गैंग रेप की वारदात सामने आई है। इसका खुलासा तब हुआ जब गुरुवार को छात्रा को पेट में दर्द हुआ और उसे ब्लीडिंग के चलते खनियांधाना के स्वास्थ्य केंन्द्र में भर्ती कराया गया। जांच के बाद पता चला की छात्रा दो माह की गर्भवती है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों में से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लया है। वहीं एक व्यक्ति अभी भी फरार है। बताया गया है कि 15 वर्षीय छात्रा अपने गांव से करीब 20 किलोमीटर दूर सरकारी हॉस्टल ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ पेट दर्द होने पर कराया था भर्ती, तब हुआ खुलासा

## भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में तेज गर्मी



शाम 6:41 बजे, करोंद मंडी क्षेत्र में आसमान में बादल

खजुराहो और नौगांव सबसे ज्यादा गर्म रहे

# आज से बारिश का अलर्ट

### रतलाम समेत 13 जिलों में चलेगी लू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में 26 अप्रैल से बारिश का दौर शुरू होगा, जो 3 दिन तक चल सकता है। पश्चिमी विक्षोभ और ट्रफ की वजह से मौसम बदलेगा। हालांकि, प्रदेश के बड़े हिस्से में तेज गर्मी रहेगी और लू भी चलेगी। इससे पहले गुरुवार को छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव सबसे ज्यादा गर्म रहे। खजुराहो में 44.6 डिग्री और दमोह में पारा 43.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पचमढ़ी को छोड़ दें तो सभी शहरों में पारा 40 डिग्री से अधिक ही रहा। पचमढ़ी में तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पांच बड़े शहरों में ग्वालियर सबसे गर्म रहा। यहां 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उज्जैन में 41.4 डिग्री, भोपाल में 41.2 डिग्री, इंदौर 40 और जबलपुर में 41.5 डिग्री रहा।

#### कहीं हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति

मौसम विभाग ने शनिवार को प्रदेश के 13 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। इनमें रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी शामिल हैं। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन-जबलपुर समेत अन्य शहरों में तेज गर्मी रहेगी। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि अगले चार दिन तक प्रदेश में कहीं तेज लू का असर रहेगा तो कहीं हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बन सकती है। इसके बाद पूरे प्रदेश में गर्मी का असर रहेगा।

#### भोपाल, इंदौर ग्वालियर में पारा 40 डिग्री के पार

प्रदेश में शुक्रवार को तेज गर्मी रही। भोपाल समेत कई शहरों में दिन इतने गर्म रहे कि सड़कों का डामर तक पिघल गया। छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव सबसे ज्यादा गर्मी वाले टॉप-2 शहर रहे। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया।



राजधानी के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर सकल हिंदू समाज एवं विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल ने आतंकी हमले के विरोध में रैली निकालकर प्रदर्शन किया।




पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों और स्टाफ ने कैंडल मार्च निकाला।

## विहिप मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ के क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र पंवार ने कहा- हिंदू के धैर्य को कायरता ना समझें जिहादी

# सकल हिंदू समाज ने पाकिस्तान और आतंकवाद की निकाली अर्थी, बोर्ड ऑफिस चौराहे पर फूंका पुतला

▶ आतंकी हमले का जमकर हो रहा विरोध प्रदर्शन, विहिप बजरंगदल के कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के पास हुए आतंकी हमले का देशभर में जमकर विरोध किया जा रहा है। जगह-जगह विरोध प्रदर्शन के साथ ही पाकिस्तान और आतंकवाद के पुतले जलाए जा रहे हैं। वहीं राजधानी में भी आतंकवाद के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन रैली, कैंडिल मार्च और पुतला फूंकें जा रहे हैं।

शुक्रवार को आतंकी घटना पर आक्रोष व्यक्त करने एवं बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए सकल हिंदू समाज एवं विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल भोपाल द्वारा राजधानी के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर विराट विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पाकिस्तान और आतंकवाद की अर्थी निकालते हुए बोर्ड ऑफिस चौराहे पहुंचे और पुतला जलाया, साथ ही पाकिस्तान और आंतकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई।

विहिप मप्र-छग के क्षेत्रसंगठन मंत्री जितेंद्र पंवार ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना हृदय को चीरने वाली घटना है, जिस प्रकार यात्रियों के पेंट उतरवाकर, कलमा पूछ कर और आईडी चेक कर, जब यह सुनिश्चित हो गया कि वे मुस्लिम नहीं है, उनका नरसंहार किया, इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध व आक्रोशित है। यह कोई सामान्य आतंकवादी घटना नहीं अपितु, पाकिस्तान का भारत के विरुद्ध खुले युद्ध की घोषणा है। उन्होंने कहा कि पूरा देश इस समय गुस्से में है। जिहादी हिंदू के धैर्य को कायरता न समझें। भारत सरकार पहलगाम बलिदानियों का बदला लें। इस दौरान केएल शर्मा प्रान्त अध्यक्ष विहिप, सुरेंद्र सिंह प्रान्त संगठन मंत्री विहिप, राजेश जैन प्रान्त मंत्री, जितेन्द्र चौहान प्रान्त सह मंत्री, लोकेन्द्र मालवीय प्रान्त सह सयोजक बजरंग दल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और अन्य लोग मौजूद रहे।

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने किया पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन, मृतकों को दी श्रद्धांजलि




जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देश में आक्रोश है। इस हमले के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी के तहत शुक्रवार को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा प्रदर्शन किया गया। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा सेल प्रदेश अध्यक्ष आईटी सेल प्रताप सिंह यादव ने बताया अशोका गार्डन स्थित सब्जी मंडी चौराहे से विशाल कैंडल मार्च निकाला गया, जो प्रभात चौराहे पर पहुंचकर संपन्न हुआ। इसके बाद पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया और हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव, भोपाल जिला अध्यक्ष अर्जुन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष कप्तान सिंह यादव सहित उमेश यादव, शुभम यादव, प्रशांत यादव, प्रताप यादव, नरेंद्र यादव, गणेश यादव, लेखराज यादव, अनुज यादव, कार्तिक यादव, प्रकाश यादव, श्रीराम यादव एवं समाज के कई वरिष्ठ एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

## डॉक्टर्स बोलेः आतंकियों का सफाया कर पाकिस्तान पर करें हमला

▶ जीएमसी में आतंकी हमले के विरोध में डॉक्टरों ने निकाला कैंडल मार्च

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीमएसी) में डॉक्टरों और स्टाफ ने शुक्रवार रात अस्पताल परिसर में कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च में शामिल डॉक्टरों ने हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। डॉक्टरों ने केंद्र सरकार से आतंकियों का पूरी तरह से सफाया कर पाकिस्तान पर हमला कर मुंहतोड़ जवाब देने की मांग की है। कैंडल मार्च में जीमएसी की डीन डॉ. कविता एन सिंह, वरिष्ठ सर्जन डॉ. आईके चुघ समेत अस्पताल के जूनियर डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ ने शिरकत की। कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जीएमसी डीन कविता एन सिंह ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर लोगों में बहुत गुस्सा है, क्योंकि जिनको मारा गया है, उनकी कोई गलती नहीं है। देश में अमन-चैन का माहौल है, लेकिन इस तरह की घटना निंदनीय है।

## बजरंग मार्केट में निकाला कैंडल मार्च

बजरंग मार्केट में पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं कैंडल मार्च निकाला गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद नीरज सिंह, बजरंग मार्केट के व्यापारी एवं साकेत मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग



छोला रोड स्थित मस्जिद के पास हिंदू और मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व सुनील कौशल ने किया। विरोध प्रदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम माली, मेहर अली, काशीराम साहू , बिलाल खान, शाहिद खान, सलीम खान समेत अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रॉयल प्रेस क्लब ने कैंडल मार्च निकाल कर किया प्रदर्शन



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार शाम को बोर्ड ऑफिस चौराहे पर रॉयल प्रेस क्लब के तत्वावधान में कैंडल मार्च निकालकर 2 मिनट का मौन रखकर मृतक लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कैंडल मार्च की शुरुआत बोर्ड ऑफिस स्थित पुलिस चौकी से हुई जिसका समापन चौराहे के सामने स्थित बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष किया गया।

## मंत्रालय कर्मचारियों ने आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा वल्लभ भवन परिसर में पहलगाम हमले में जान गंवाने वालों मृतकों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कर्मचारियों ने हमले में जान गंवाने वाले 28 नागरिकों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सुधीर नायक, राजकुमार पटेल, राजेशकौल, आशीष सोनी, आलोक वर्मा, सतीश शर्मा, एलएस धुर्वे, दयानंद उपाध्याय समेत बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कर्मचारियों ने दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



## कायस्थम ने पहलगाम में आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

कायस्थम मध्य प्रदेश ने शौर्य स्मारक के मुख्य द्वार पर पहलगाम में आतंकवादी हमले में मृत व्यक्तियों को श्रद्धांजलि दी। कायस्थम संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों और कायस्थ समाज के अन्य सदस्य बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और कैंडल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कायस्थम मध्य प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया है कि आतंकवादियों के हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाए।

### राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी कलेक्टर्स को जारी किए निर्देश

# आरटीईः निजी विद्यालयों में निःशुल्क ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 5 मई से होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश का इंतजार कर रहे बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए अच्छी खबर है। आरटीई के तहत प्रवेश की प्रक्रिया 5 मई से शुरू हो जाएगी। इसको लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही प्रवेश की प्रक्रिया का टाइम टेबल भी घोषित किया गया है।

जारी कार्यक्रम के अनुसार, शिक्षण सत्र 2025-26 में 5 मई से प्रवेश प्रक्रिया की कार्रवाई शुरू की जा रही है। निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त निजी स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की मार्क सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन होगा। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि-सुधार का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जाएगा। आवेदन के बाद सत्यापन का कार्य शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र में 7 मई से 23 मई तक होगा।

### 29 मई तक लॉटरी से होगा सीटों का आवंटन

रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना 29 मई तक की जाएगी। आवंटन के बाद अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिए उपस्थिति और स्कूल द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग का कार्य 2 से 10 जून तक किया जाएगा।

### मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाना अनिवार्य

आवेदक अपने ग्राम, वार्ड तथा विस्तारित पड़ोस के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन दर्ज करा सकेंगे। निर्धारित सत्यापन केंद्र (शासकीय जन-शिक्षा केंद्र) में मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है।

### यहां मिलेगी सहायता


प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी एजुकेशन पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गई है। इससे जुड़ी जानकारी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है।

### नर्सरी में न्यूनतम आयु 3 वर्ष

प्रवेश प्रक्रिया में कक्षावार निर्धारित आयु की भी जानकारी दी गई है। नर्सरी में न्यूनतम आयु 3 वर्ष एवं अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह, केजी-1 में न्यूनतम आयु 4 वर्ष एवं अधिकतम आयु 5 वर्ष 6 माह, केजी-2 में न्यूनतम आयु 5 वर्ष एवं अधिकतम आयु 6 वर्ष 6 माह, कक्षा-1 में न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम आयु 7 वर्ष 6 माह निर्धारित की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्धारित तय समय-सीमा में प्रक्रिया पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं।

# शीतलता के लिए बेल के रस से हुआ बटेश्वर का रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा शुक्र प्रदोष के अवसर पर भगवान बटेश्वर का बील के रस से अभिषेक कर महाआरती की गई एवं शत्रुओं पर विजय प्राप्ति हेतु वसुधारा से जल अर्पित हुआ।

समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया शिव के गले में हलाहल विष का वास होने के कारण भगवान को गर्मी में शीतलता प्रदान करने हेतु ठंडे जल की मटकी से वसुधारा अर्पित की गई। वहीं शत्रुओं पर विजय प्राप्ति के लिए बेल का रस, गन्ने का रस चारों मगज से बनी विजया एवं ठंडे दूध से महा रुद्राभिषेक किया। सायंकाल मोगरा, पुदीना गुलाब एवं अन्य फूलों से आकर्षक श्रृंगार कर रात्रि 10 बजे महा आरती की हुई। वहीं मठा, लस्सी, आम का रस, केरी का पना जैसे शीतल पेय पदार्थों का भोग अर्पित किया गया। इधर, छोला विश्राम घाट पर मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में भी शुक्र प्रदोष के अवसर पर कई धार्मिक आयोजन हुए। बाबा मुक्तेश्वर का सुबह विशेष अभिषेक कर श्रृंगार किया गया और आरती की गई। इस दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। नगर में अन्य मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई।

## गुरुतेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर कीर्तन समागम 3 और 4 मई को

**भोपाल।** श्री गुरुतेग बहादुर के प्रकाश दिवस पर दो दिवसीय कीर्तन समागम होगा। पहला समागम 3 मई को शाम 7.30 बजे से रात 9.30 बजे तक होगा। दूसरा समागम 4 मई को सुबह 8.30 बजे से 11 बजे तक चलेगा। कीर्तन में हरप्रीत सिंह दिल्ली वाले और अमृतपाल सिंह अमृतसर वाले द्वारा कथा से संगत को गुरबाणी से निहाल किया जाएगा। हर दीवान के बाद गुरु का लंगर लगाया जाएगा। सेवा की जिम्मेदारी गुरुद्वारा कमेटी के सचिव सरदार हरदीप सिंह निभाएंगी।

## दिव्या बोहरा बनीं ओम शिव शक्ति सेवा महिला मंडल की अध्यक्ष

**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से दिव्या बोहरा को ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल की (महिला मंडल) की अध्यक्षा पद के लिए मनोनीत किया गया।

### पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद यात्रियों में दहशत का माहौल

# चार दिनों में जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनों में भोपाल मंडल के स्टेशनों से 3 हजार यात्रियों ने कराए टिकट निरस्त, 40% यात्रियों ने ऑनलाइन कराए टिकट कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद यात्रियों में दहशत का माहौल है। इसके चलते भोपाल रेल मंडल के स्टेशनों से जम्मू-कश्मीर जाने वाले यात्री टिकट कैसिंल करा रहे हैं। पिछले चार दिनों में मंडल के स्टेशनों से 3 हजार से अधिक यात्रियों ने टिकट कैंसिल कराए है। वहीं, ऑनलाइन टिकट बुकिंग कराने वाले 40 फीसदी यात्रियों ने टिकट निरस्त कराए हैं। इसके चलते पिछले दिनों जहां ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही थी। अब कंफर्म टिकट मिल रही है।

### सैकड़ों की संख्या में जाते थे लोग

भोपाल से काफी संख्या में लोग जम्मू में घूमने व मां वैष्णो देवी के दर्शन करने जाते हैं, लेकिन 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद लोग कतरा रहे हैं। मोबाइल और साइबर कैफे से लोग टिकट कैंसिल करा रहे हैं। पिछले चार दिनों में भोपाल से करीब 40 फीसदी से अधिक लोगों ने ऑनलाइन टिकट कैंसिल करा दी है।

### आरपीएफ अलर्ट

पहलगाम हमले के बाद रेलवे स्टेशन पर अलर्ट जारी किया गया है। आरपीएफ संदिग्ध लोगों पर नजर बनाने और पूछताछ का निर्देश दिया गया है। भोपाल रेल मंडल के आरपीएफ कमांडेंट प्रशांत यादव ने बताया कि आरपीएफ जवान लगातार भोपाल स्टेशन व ट्रेनों में सर्चिंग के साथ आने-जाने वाले यात्रियों से पूछताछ कर रहे हैं।

### बुकिंग काउंटर पर इक्का-दुक्का लोगों ने कराया रिजर्वेशन

आरक्षित टिकट बुकिंग केंद्र पर जम्मू-कश्मीर, कटरा मां वैष्णो देवी धाम जाने वाली ट्रेनों में बुकिंग कराने वाले यात्रियों के संख्या न के बराबर देखने को मिली। पिछले चार दिनों से इस रूटों पर जाने वाली ट्रेनों में रिजर्वेशन कराने वाले यात्रियों की संख्या में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। आतंकी हमले के दिन यानी 22 अप्रैल को जहां 170 लोग ने रिजर्वेशन कराने पहुंचे थे। वहीं 23 को 61, 24 को 36, 25 अप्रैल को 40 लोग रिजर्वेशन कराने पहुंचे। कई लोग टिकट कैंसिल कराने अधिक पहुंच रहे हैं। यात्री अब हालात सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं।

## आतंकी हमले के बाद कश्मीर जाने वाले पर्यटक ट्रैवल कंपनी से पहले एडवांस बुकिंग करवा चुके, अब कैंसिल करवा रहे बुकिंग

पहलगाम में हुए आतंकी हमले की गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है। इसके चलते अब कश्मीर घूमने जाने के नाम से डर रहे हैं। इसकी एक बानगी मप्र सहित राजधानी भोपाल में देखने को मिल रही है। आलम ये है कि कश्मीर जाने वाले पर्यटक टूर ऑपरेटर्स व ट्रैवल कंपनी के पहले से एडवांस बुकिंग धड़ाधड़ से कैंसिल करवा रहे है। इसके चलते टूर ऑपरेटर्स को लाखों का नुकासन हुआ है। इसी तरह कश्मीर जाने के लिए ट्रेनों में जहां आतंकी हमले के पहले तक टिकट वेटिंग में जा रही थी, वहीं अब लोग लगातार टिकट कैंसिल करा रहे है।

### 30 से 40 प्रतिशत बुकिंग कैंसिल हुई

जानकारी के अनुसार पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पर्यटकों में डर का माहौल। इसके चलते राजधानी भोपाल के टूर ऑपरेटर्स के कश्मीर व जम्मू के लिए एडवांस की बुकिंग को कैंसिल करा रहे है। राजधानी में करीब 30 से 40 फीसदी बुकिंग कैंसिल करा दी है। इसके चलते आपरेटर्स को लाखों का फटका लगा गया है। ट्रैवल एजेंसियों का धंधा चौपट हो गया था। लोगों ने मई तक की बुकिंग कैंसिल करा ली है। हालांकि कुछ लोगों ने टूर ऑपरेटर्स के कहने पर शिमला या मनाली, केरला व गोवा व पुणे के लिए बुकिंग करने को तैयार हो गया। टूर ऑगेर्नाइजर वीएस बघेल ने बताया कि लोगों में फिलहाल कश्मीर को लेकर डर है। हमले से पहले तक लोग फोन करके लगातार बुकिंग करा रहे थे। यहीं से फ्लाइट से लेकर होटल सहित अन्य बुकिंग की जा रही थी। होटल में रूम को लेकर मारमारी देखने को मिल रही थी। इससे वहां किराए भी बढ़ गया था। हर दिन 15 से 20 फोन आ रहे थे, लेकिन अब बुकिंग कैंसिल कराने के लिए फोन कर रहे है। अभी तक 30 से 40 फीसदी तक बुकिंग कैंसिल हुई है। इसमें कुछ लोगों ने मई माह की भी बुकिंग कैंसिल कराई है। इसके चलते अभी तक टूर ऑगेर्नाइजर को करीब 12 से 15 लाख का नुकसान हो गया है। हालांकि कुछ लोगों ने दूसरी जगह पर अपनी बुकिंग कराने को तैयार हो गए है।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 26 अप्रैल 2025

4 जो इजराइल ने हमास के साथ किया, वो पाकिस्तान...



9 रवींद्र भवन में बैंड 'यूफनी' व 'यूफोरिया' की लाइव प्रस्तुति...





### पीडब्ल्यूडी, स्मार्ट सिटी, नगर निगम और यातायात पुलिस बनाएंगे प्लान

# ई-रिक्शा के रूट-लेन होगी तय, चुनिंदा जगहों पर लगेगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के ट्रैफिक सिस्टम को बुरी तरह प्रभावित करने वाले ई-रिक्शों पर अब नकेल कसी जाएगी। इनके रूट, स्टॉप, सड़क पर लेन और अंदर की गलियों में चलाने की तैयारी है। जिससे शहर के ट्रैफिक को सुधारा जा सके। शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में चल फैसला लिया गया।

इसके लिए पीडब्ल्यूडी, स्मार्ट सिटी, नगर निगम और यातायात पुलिस विस्तृत प्लान तैयार करेगी, जिसके लिए सोमवार को चारों एजेंसियों की साथ में बैठक रखी गई है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि शहर के आधा दर्जन तिराहे-चौराहों पर लेफ्ट टर्न क्लियर करने, दो स्थान पर रोटिरियों को ठीक करने और पांच नए स्थान पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने का निर्णय भी लिया गया है। बैठक में स्मार्ट सिटी सीईओ अंजू अरुण कुमार, डीसीपी ट्रैफिक संजय सिंह, एडीएम प्रकाश नायक, एसडीएम आदित्य जैन समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### 1 मुख्य सड़कों से नहीं चलेंगे ई-रिक्शा अंदर की गलियों से लेंगे सवारी




### 2 सोमवार को चारों एजेंसियों की साथ में बैठक होगी

**सड़कों पर लेफ्ट साइड में चलेंगे ई-रिक्शा**

बैठक में बताया गया कि ट्रैफिक पुलिस जोन वार ई-रिक्शा की लिस्टिंग करेगी। जिसके आधार पर इन्हें परमिट दिए जाएंगे। लो-फ्लोर बसों के रूटों पर इनको परमिट नहीं मिलेंगे। बल्कि मुख्य मार्गों से अंदर जाने वाले रास्तों पर इनको चलाया जाएगा। इनके लिए लो-फ्लोर बसों के स्टॉप से दूर अलग स्टॉप बनाए जाएंगे। मैन रोड पर ई-रिक्शा लेफ्ट साइड यानी अंतिम लेन में चलेंगे।

### ट्रैफिक सुधार के लिए यह भी जरूरी

- *व्यापमं चौराहे, बिट्टन मार्केट के दोनों चौराहों के लेफ्ट टर्न क्लियर करना*
- *6 नंबर चौपाटी के बाहर लगने वाली दुकानें अंदर करना*
- *1100 क्वार्टर हनुमान मंदिर के सामने से ठेले हटाने*
- *शैतान सिंह चौराहा से बंसल अस्पताल तक की रोड चौड़ी करना*
- *बंसल अस्पताल के पास सड़क से गाड़ियों को हटाना*
- *बावड़िया आरओबी पर दूसरी ओर डिवाइडर बनाना*
- *10 नंबर मार्केट की पार्किंग व्यवस्थित करने, बीच से दुकानें हटाना*

### बावड़िया कलां पर लगेंगे नए सिग्नल

रोहित नगर स्थित बावड़िया कलां चौराहा, बावड़िया कलां आरओबी के पास और कोलार रोड पर होली क्रॉस स्कूल चौराहा समेत पांच नए स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे। माता मंदिर चौराहा स्थित रोटरी का आकार बड़ा है, इसे छोटा किया जाएगा। लेफ्ट टर्न भी क्लियर किए जाएंगे। साढ़े दस नंबर चौराहे की रोटरी हटाकर यहां लेफ्ट टर्न क्लियर किए जाएंगे। दस नंबर और ग्यारह नंबर की ओर वाले डिवाइडर भी हटाए जाएंगे।

### न्यू मार्केट में फुटपाथ पर दुकानों का कारोबार

न्यू मार्केट में दुकानदारों ने खुद फुटपाथों पर छोटे कारोबारियों को रोजाना के किराये पर अस्थाई काउंटर दे रखे हैं, जिसकी वजह से यहां जाम के हालात बनते हैं। वाहनों का सड़कों के किनारे खड़ा होना भी जाम की प्रमुख वजह रहता है। ट्रैफिक पुलिस व नगर निगम अमले को न्यू मार्केट में हर 2 घंटे में पेट्रोलिंग करने के निर्देश थे, जिससे सड़क किनारे अतिक्रमण न हो। टीटी नगर थाना चौराहे की रोटरी को छोटा करना भी जरूरी हो गया है।

### 15 साल पुराने वाहनों का पीयूसी होगा चेक

कलेक्टर ने आरटीओ को हिदायत दी कि शहर की सड़कों पर दौड़ रही पुरानी गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। खास कर ऐसी पुरानी गाड़ियां, जो शहर में प्रदूषण का स्तर बढ़ा रही हैं, उन पर कार्रवाई करने को कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित करने सभी जिलों के एसपी को निर्देश

**भोपाल।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान से भारत आए सभी नागरिकों का वीजा निरस्त कर उन्हें देश छोड़ने की आदेश दिए हैं। आदेश के मुताबिक सार्क वीजा लेकर आए पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक देश छोड़ना है। इसके अलावा मेडिकल वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को 29 अप्रैल तक देश छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश सभी जिलों के एसपी को निर्देशित किया है कि वह ऐसे सभी पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित करें और उन्हें जानकारी देते हुए समय सीमा में देश छोड़ने को कहें।

### सरकारी आयुर्वेद कॉलेज में प्रवेश के लिए लाने होंगे 630 नीट स्कोर

**भोपाल।** अब आयुर्वेद बीएएमएस यानी बैचलर ऑफ आयुर्वेद मेडिसिन एण्ड सर्जरी एमबीबीएस से कम आंकी नहीं जा सकती। अच्छा नीट स्कोर लाने के बाद अब बहुत सारे छात्र एमबीबीएस के स्थान पर बीएएमएस आयुर्वेद चुन रहे हैं। कोविड के बाद से स्थितियां बदल गई हैं। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि 2025-26 सत्र के लिए नीट प्रवेश परीक्षा चार मई को आयोजित होगी। जिसके माध्यम से एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीयूएमएस, बीएसएमएस के साथ-साथ बीएससी नर्सिंग व बीव्हीएससी एण्ड एएच में प्रवेश हो सकते हैं। डॉ. राकेश पाण्डेय ने संभावना जताई है कि अगर सरकारी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में प्रवेश चाहते हैं तो अनारक्षित वर्ग को 720 में से मिनिमम 630 से अधिक नीट स्कोर लाना होगा, ओबीसी को 600 से अधिक व एससी-एसटी वर्ग को 490 से अधिक नीट स्कोर लाना होगा। सूत्र बताते हैं कि नीट 2025 में लगभग 23 लाख से ज्यादा छात्रों ने पंजीयन कराया है। वह अब परीक्षा देंगे।

### पांच आरोपियों में से दो आरोपी गिरफ्तार एक हिरासत में लिया

### बदनामी के डर से छात्राएं नहीं आ रहीं सामने, संगठित अपराध के बड़े गिरोह का हो सकता है खुलासा

# छात्राओं के दैहिक शोषण मामले में केस डायरी संबंधित थानों को भेजी, पांच प्रकरणों में बारह आरोपी बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छात्राओं को प्रेमजाल में फंसाकर उन्हें ब्लैकमेल करने और शादी के लिए धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। एक अन्य आरोपी को पन्ना से हिरासत में लिया गया है। प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। बागसेवनिया में शून्य पर दर्ज हुए प्रकरण संबंधित थानों को भेज दिए गए हैं। वहां असल अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। अब तक कुल पांच शिकायतें पुलिस के पास पहुंची है।



आरोपी फरहान

अब पुलिस इस संगठित अपराध से जुड़ी अन्य छात्राओं और युवतियों से संपर्क कर रही है, लेकिन अधिकतर युवतियां बदनामी के डर से शिकायत नहीं कर रही है। भोपाल के थानों में अब तक पांच प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन प्रकरणों में कुल 12 आरोपी बनाए गए है। जिनमें छह की गिरफ्तारी की जा चुकी है। निजी कॉलेज से जुड़े तीनों प्रकरण में फरहान नामक युवक को मुख्य आरोपी बनाया गया है। बागसेवनिया, अशोका गार्डन व जहांगीराबाद थाने में दर्ज सभी मामलों में पीड़िताओं का कहना है कि फरहान कॉलेज में उनका सीनियर था। उसने दोस्ती के बहाने उनसे दुष्कर्म किया और फिर वीडियो बनाकर उन्हें धमकाते हुए अपने समुदाय के युवकों से दोस्ती कराई।

### *दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश*

### *श्यामला हिल्स और बैरागढ़ में भी एफआईआर*

*श्यामला हिल्स और बैरागढ़ थाने में भी दो प्रकरण दर्ज किए गए हैं। श्यामला हिल्स थाने में दर्ज मामले में पीड़िता से पूछताछ में पता चला कि आरोपी शाहरुख ने प्रेमजाल में फंसाकर उससे दुष्कर्म किया था। साथ ही शाहरूख ने पीड़िता पर दबाव बनवाया कि वह अपनी नाबालिग सहेली से उसके दोस्त अयान की दोस्ती कराए। अयान और नाबालिग के बीच रिश्ता बनने के बाद अयान ने भी नाबालिग का वीडियो बना लिया और उसे अपने दूसरे दोस्त अरबाज शेख के सामने परोस दिया। शाहरूख युवती से बाणगंगा क्षेत्र में जोया नामक महिला के किराए के कमरे में दुष्कर्म करता था। इस दौरान जोया व उसका पति फैजान व जावेद नामक व्यक्ति उसका साथ देते थे। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं अयान और अरबाज ने नाबालिग से बैरागढ़ क्षेत्र में शोषण किया था, जिसके चलते बैरागढ़ थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया व जेल भेज दिया है। दो अन्य की तलाश की तलाश है।*

### *आरोपी फरहान ने कॉलेज की छात्राओं से दुष्कर्म किया*

### एबीवीपी ने पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



*रायसेन रोड स्थित एक निजी कॉलेज में विशेष समुदाय के छात्रों के गिरोह द्वारा हिंदू छात्राओं को प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म करने और ब्लैकमेल करने की घटना के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भोपाल महानगर ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया। एबीवीपी ने इस जघन्य अपराध की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। परिषद ने आरोपियों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से शीघ्र सजा, कॉलेज प्रशासन की भूमिका की जांच और छात्राओं की सुरक्षा के लिए सभी कॉलेजों में एंटी-हरासमेंट सेल बनाने की मांग उठाई। भोपाल महानगर के मंत्री शिवम जाट ने कहा कि यह घटना केवल एक कॉलेज तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज को झकझोर देने वाली है। यह अजमेर कांड की पुनरावृत्ति है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि प्रदेश की बेटियां स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें।*

### *अभाविप ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की*

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने की यह मांग

- *दोषियों पर बीएनएस, पॉक्सो एवं आईटी एक्ट की धाराओं के अंतर्गत फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से शीघ्र सजा दिलाई जाए।*
- *इस कांड में संलिप्त किसी भी कॉलेज प्रशासनिक अधिकारी की भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए।*
- *प्रदेश भर के शैक्षणिक संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी तंत्र, हेल्पलाइन, एंटी-रैगिंग एवं एंटी-हरासमेंट सेल सक्रिय किए जाएं।*

### *मुख्य आरोपी फरहान और अली 3 दिन की रिमांड पर*

*3 छात्राओं से दुष्कर्म के मामले में 2 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी थी। एक आरोपी को पन्ना से हिरासत में ले लिया गया है। इस मामले में मुख्य आरोपी फरहान और अली को बताया जा रहा है। आरोपियों ने दर्जनों छात्रों के साथ दुष्कर्म किया था, छात्राओं से रेप की ये घटनाएं 2023 से शुरू हुई थी लेकिन उससे पहले के मामलों की पीड़िताएं पुलिस के पास अब तक नहीं आई है। जिस नाबालिग के साथ फरहान ने रेप किया था, उस नाबालिग की बड़ी बहन के माध्यम से वो फरहान के संपर्क में आई थी और उसके कॉलेज में जाने तक फरहान उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। ऐसे ही करते इन 5 आरोपियों के ग्रुप ने युवतियों से सम्पर्क साध कर उन्हें निशाना बनाया। इस मामले में 3 एफआईआर दर्ज की गई है। नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला बागसेवनिया में दर्ज हुआ है दूसरा मामला अशोका गार्डन में दर्ज किया गया है और तीसरा मामला जहांगीराबाद में दर्ज किया गया है।*

### लव जिहाद के अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा: सारंग

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने भोपाल में लव जिहाद के मामले में कहा है कि मध्यप्रदेश में लव जिहाद जैसे किसी भी गैरकानूनी और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले अपराध को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्री सारंग ने बताया कि जैसे ही यह मामला पुलिस के संज्ञान में आया, तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष जांच टीम एसआईटी का गठन किया गया है, जो समस्त तथ्यों की गहराई से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस पूरे प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से ले रही है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। सारंग ने कहा कि यह एक अक्षम्य अपराध है। इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को, चाहे वह किसी भी स्तर या प्रभाव वाला क्यों न हो, बख्शा नहीं जाएगा। सरकार का लक्ष्य न केवल दोषियों को दंडित करना है, बल्कि ऐसा सख्त उदाहरण प्रस्तुत करना है जिससे भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसी हरकत करने की हिम्मत न कर सके। राज्य सरकार महिलाओं की गरिमा और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### धर्म परिवर्तन नहीं करने पर दी मुस्लिम युवती से शादी की धमकी

## शादी के बाद पत्नी को पूजा करने से रोका, बनाया धर्म परिवर्तन का दबाव

महिला थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि शादी के पहले पति से बात हुई थी कि वह अपना धर्म मानेगा और मैं अपना धर्म मानूंगी। कुछ दिन ठीक से सबकुछ चला बाद में पति मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाने लगा। वह कहने लगा कि मैं उसी शर्त पर फैमिली प्लानिंग करुंगा जब तुम हिंदू से मुस्लिम धर्म अपना लोगी।

यदि मुस्लिम धर्म नहीं अपनाया तो अन्य मुस्लिम युवती से शादी कर लूंगा। पुलिस के अनुसार 43 साल की महिला वन विहार रोड भोपाल में रहती हैं। उसने शिकायत करते हुए बातया कि 20 दिसंबर 2014 को उसकी शादी गानिम अली निवासी एयरपोर्ट रोड, भोपाल से हुई थी।

25 अप्रैल को उन्होंने शादी को रजिस्टर्ड करवाया। वह गानिम अली को वर्ष 2012 से पहचानती है। शादी के समय पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज भी दिया था।

पीड़िता का कहना है कि गानिम अली से शादी इस शर्त पर हुई थी कि वह अपने धर्म को अपनाएगा और मै अपने धर्म को अपनाऊंगी। शादी के कुछ समय तक ठीक चला। बाद में गानिम उसे प्रताड़ित करने लगा।

### मूर्ति तोड़ी, पूजा पर लगाई रोक

पीड़िता का कहना है कि मैं घर में पूजा करती थी कि गानिम मुझे मुझसे कहता था कि तुम पूजा नहीं करोगी। गानिम ने मां द्वारा दी गई मूर्ति को भी तोड़ दिया। 29 जुलाई 2022 को पिता की मृत्यु हो गई। उस समय वह पति के साथ दुबई में थी। उसने पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने का कहा तो पति ने उसे जाने नहीं दिया। 05 अगस्त 2022 को वह दुबई से अपने मायके भोपाल पहुंची। कुछ महीने तक वह पति से अलग रही। इस दौरान पति कहता था कि तुम अपना धर्म परिवर्तन करो और नमाज पढ़ना सीख लो। घर में हिजाब पहना करो। पीड़िता ने हिजाब पहनने और नमाज पढ़ने से मना किया तो वह कहने लगा कि मेरे साथ रहना है तो मुस्लिम धर्म अपनाना पड़ेगा। जब तुम धर्म अपना लोगी, तभी मैं बच्चा पैदा करुंगा। यदि धर्म परिवर्तन नहीं किया तो मुस्लिम समाज की युवती से शादी कर लूंगा।

### पानी सप्लाई की लाइनों में मिले लीकेज

## 19 मोहल्लों का निरीक्षण कर पीने के पानी की सैंपलिंग, दूषित पेयजल की जानकारी भी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूनियन कार्बाइड कारखाने के आसपास की 42 बस्तियों में जहरीला पानी सप्लाई होने की वजह से यहां के गैस पीड़ित रहवासियों को जहरीला पानी पीना पड़ रहा है। इसके पहले भी सुप्रीम कोर्ट की निगरानी समिति ने 42 बस्तियों से पीने के पानी के सैंपल लिए थे।

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट की निगरानी समिति के आदेश पर भोपाल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनित अग्रवाल की अध्यक्षता में 19 मोहल्लों का निरीक्षण कर सैंपलिंग की गई। टीम को अन्नू नगर और आरिफ नगर में ट्यूबवेल से पानी मुहैया कराए जाने के साक्ष्य दिखाए, इसके साथ ही ब्लू मून कॉलोनी, प्रेम नगर, शिव शक्ति नगर, उड़िया बस्ती, शिव नगर, गरीब नगर, नवाब कॉलोनी में पाइपलाइन फूटी होने से दूषित पानी पीने की जानकारी दी। इसके अलावा फूटा मकबरा, कैंची छोला, कल्याण नगर मोहल्लों में लोगो के पानी कनेक्शन नहीं दिए जाने की बात रखी गई।



### *70 फीसदी को मिल रहा गंदा पानी*

*लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कई जगह से पानी के सैंपल भी लिए हैं। इसके अलावा भोपाल ग्रुप फॉर इनफार्मेशन एन्ड एक्शन की अध्यक्ष रचना ढींगरा ने समिति को इन सभी 42 मोहल्लों की पानी की स्थिति, सीवेज का पानी पीने के पानी में मिलने के संबंध में फोटो और वीडियो के साथ एक रिपोर्ट दी है, जिसमे बताया है कि 70 प्रतिशत ज्यादा मोहल्लो में लोगो को साफ पानी नहीं मिल रहा है।*

### मंत्री सारंग ने डिजाइन देखकर मौके का किया निरीक्षण


## सुभाष नगर आरओबी की थर्ड आर्म जल्द होगी तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुभाष नगर आरओबी की तीसरी आर्म का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। शुक्रवार को सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। करीब 22 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली यह थर्ड आर्म 242 मीटर लंबी होगी और इससे सुभाष नगर, रचना नगर और गोविंदपुरा क्षेत्र की लगभग पांच लाख आबादी को एमपी नगर और आरकेएमपी की ओर आने-जाने में राहत मिलेगी।

थर्ड आर्म के निर्माण से भेल क्षेत्र से आने वाले यात्रियों को अब प्रभात चौराहा होकर लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। वाहन सीधे पुराने फ्लाईओवर पर चढ़ सकेंगे, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। यह फ्लाईओवर सुभाष नगर आरओबी के ऊपर से होकर कर्व डिजाइन में बनाया जाएगा। थर्ड आर्म से मैदा मिल और एमपी नगर की ओर से भेल की ओर जाने वाले यात्रियों को भी अब वैकल्पिक और सीधा मार्ग मिलेगा।





### ऐसी बनेगी थर्ड आर्म

- यह पीछे से घूमकर मौजूदा आरओबी के ऊपर से गुजरेगी।
- मेहता मार्केट के सामने स्थित मोती नगर की दुकानों के पास यह लेग उतरेगी
- मोती नगर से पुल पर चढ़ने के लिए यहां डबल लेन का निर्माण किया जाएगा
- मोती नगर के पास से चढ़कर मैंदा मिल के पास यानी एमपी नगर की तरफ आया जा सकेगा

## खबर संक्षेप




### नपा ने चलाया जल गंगा संवर्धन अभियान

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में नगर पालिका द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न आयोजन किए जा रहे है, जिसमें जल का दोहन न करने और जल संरक्षण की शपथ दिलाई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रशांत जैन ने बताया कि नगर में शासन के निर्देशानुसार भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा व नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल के नेतृत्व में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने दीवार लेखन, जागरुकता रैली, पोस्टर, बैनर सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिसमें जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, पौधरोपण सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं।

### बाल विवाह रोकने जागरुकता रथ रवाना



**मंडीदीप।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत नागरिकों को बाल विवाह नहीं कराने के प्रति जागरूक करने के लिए शुक्रवार को कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे द्वारा जागरुकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। एक्सेस टू जस्टिस प्रोग्राम की जिले में सहयोगी संस्था कृषक सहयोग संस्थान द्वारा रथ तैयार कराया गया है। कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा कि बाल विवाह अब सिर्फ सामाजिक बुराई नहीं कानूनन अपराध भी है। यह रथ बाल विवाह के कानूनी और सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारियां देकर लोगों को जागरूक करेगा। पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे ने कहा कि बाल विवाह कराने या बाल विवाह में शामिल होने पर दो साल की सजा या एक लाख रु जुर्माना हो सकता है। बाल विवाह होने की सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस या चाइल्ड लाइन के नंबर पर सूचना दी जा सकती है।

### अरोरा के जन्मदिन पर केक काटकर दी बधाई



**औबेदुल्लागंज।** वरिष्ठ नेता अनिल अरोरा का शुक्रवार को हर्षोल्लास से जन्मदिन मनाया गया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा, मिशा बंदी रामकिशोर शर्मा, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, सना ममनून, जेपी शर्मा, सुरजीत सिंह बिल्ले, शम्मी, डॉ. भूपेंद्र नागर, नरेंद्र शर्मा, पंकज कोठारी, रामेश्वर नागर, आसिफ पठान, व्यापार संघ सचिव प्रदीप अरोरा आदि ने बधाई दी। पार्षद समाज सेवक आमिर ममनून ने केक कटवाकर बधाई दी।

### जेल में पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट के दोषियों को 2 साल की सजा

**भोपाल।** केंद्रीय जेल गांधी नगर में बंदियों द्वारा पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने के मामले में विशेष न्यायाधीश राजर्षि श्रीवास्तव ने आरोपियों शादाब कुरैशी, अल्लू उर्फ परवेज और अब्दुल नईम को दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2705 | | |
| दिन: | 490 | 34 | 789 |
| रात: | 268 | 60 | 569 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 345 | 25 | 366 |
| रात: | 148 | 36 | 466 |

# 69 साल की रिटायर्ड बुजुर्ग मां को बेटे और बहू ने चप्पल से पीटा

दिव्यांग, ब्रेन हेमरेज और लकवाग्रस्त पति बचाने पहुंचे तो उन्हें भी धक्का देकर गिराया

◆ बैरागढ़ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

बैरागढ़ पुलिस ने बुजुर्ग महिला की शिकायत पर बेटे और बहू के खिलाफ, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है। बुजुर्ग महिला का आरोप है कि बेटा और बहू घर पहुंचे और उनके साथ चप्पल से मारपीट करते हुए झूमाझटकी की। दिव्यांग, ब्रेन हेमरेज और लकवाग्रस्त पति बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी धक्कामुक्की की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ऊषा शर्मा पति महेश चंद्र शर्मा (69) सीआरपी बैरागढ़ में रहती हैं। वह तकनीकी शिक्षा रोजगार संचार न्यायालय से रिटायर्ड हैं और उनके पति महेश चंद्र शर्मा बैंक से रिटायर्ड है। दंपती ने बताया कि उनका बेटा कपिल शर्मा (39) और बेटी शिखा दुबे है। वे दोनों की शादी कर चुके हैं। कपिल शर्मा उनके साथ रहता है। घर का खर्चा दंपती की पेंशन से ही चलता है। बेटे कपिल शर्मा ने हमारे पैसों से आई-20 कार खरीदी है। उसकी किस्त हमारे द्वारा चुकाई जाती है। वे कार नहीं चला पाते, इसलिए कार बेटे के नाम पर कर दी। बेटे ने दोस्त अजय वासवानी को बेच दी।

अजय ने उस पर पांच लाख का लोन एयूआई बैंक से ले रखा है। लोन की किस्त नहीं चुकाने के कारण 23 मार्च को बैंक वाले गाड़ी खींचने के लिए आए थे। इस बात को लेकर उनका बेटा कपिल उन्हें ताने देने लगा। वह गालियां देता है और हम लोगों के साथ मारपीट करता है।

**फंदा में है दस एकड़ भूमि और डेयरी**

दंपती की फंदा में दस एकड़ भूमि है। कपिल वहीं रहता है और डेयरी का संचालन करता है साथ ही किसानी करता है। गत 23 अप्रैल की कपिल पत्नी रेनू के साथ घर पहुंचा। उसने कार देखी तो नहीं मिली। कार उनकी बेटी कोर्ट के काम से सीहोर ले गई थी। इस पर कपिल शर्मा व बहू रेनू उर्फ रूपाली शर्मा दोनों ने पति के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। कपिल को गाली देने से मना किया, तो उसने चप्पल से मारपीट की। पति बचाने आए तो उनके साथ धक्कामुक्की की। बुजुर्ग दंपती ने शिकायत करते हुए बताया कि कपिल और उसकी पत्नी बच्चों के साथ जहर खाकर मर जाने की धमकी देते हैं। बहू कहती है कि झूठे केस में फंसा दूंगी।

# पेटी में रखी नगदी समेत साढ़े चार लाख रुपए के जेवरात चोरी

**भांजे और उसके दोस्त पर संदेह, ऐशबाग पुलिस कर रही जांच**

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित पुष्पा नगर फूटी बावड़ी इलाके में अज्ञात बदमाश घर के कमरे में रखी लोहे की पेटी से 11 हजार रुपए की नगदी समेत साढ़े 4 लाख रुपए का गोल्ड चुराकर ले गया। गृहणी ने अपने भांजे और उसके दोस्त पर चोरी की आशंका जताई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मीरा गौर पति शैलेन्द्र गौर (32) पुष्पा नगर रोड, फूटी बावड़ी ऐशबाग में पति, सास और ससुर सहित परिवार के साथ रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह गृहणी हैं। उनकी सास सुशीला देवी गौर के रूम में एक लोहे की छोटी पेटी रखी थी। पेटी में उनका और उनकी दो ननद समेत सास का पुराने जेवरात रखे हुए थे। उनकी सास और ससुर खाटूश्याम दर्शन के लिए गए हुए थे। इस बीच 15 अप्रैल को वे सास ससुर के कमरे की सफाई कर रही थी, तभी फर्श पर उन्हें पेटी की चाबी पड़ी मिली। संदेह होने पर दंपती ने पेटी चेक किया तो नगदी और जेवरात चोरी हो चुके थे। उन्होंने तत्काल सास को घटना की जानकारी दी। वे खाटूश्याम से भोपाल पहुंचे और जेवरात की घर में तलाश की, लेकिन नहीं मिला।

**सोने-चांदी के आभूषण ले गए**

पुलिस ने बताया कि अज्ञात बदमाश उनके घर रखी पेटी से सोने के दो मांग का टीका, दो जोड़ी झुमकी, तीन हार, छः कंगन, चार अंगूठी एक मंगलसूत्र, एक चेन, एक जोड़ी कान की बाली और 11 हजार रुपए की नगदी चुराकर ले गए। मीरा गौर ने उनके भांजे राज पटेल व उसके दोस्त पल्केश साहू पर चोरी का संदेह जताया है।

## मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित 11 मील के पास हुआ हादसा

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, घटना स्थल पर ही हुई मौत

गुरुवार रात करीब साढ़े 8 बजे युवक भोपाल से काम कर नूरगंज जा रहा था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित 11 मील के पास गुरुवार रात करीब साढ़े 8 बजे ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। ट्रक का पहिया शरीर पर से गुजरने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ट्रक की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार अविनाश ठाकुर (36) अस्सी फीट रोड, सौरभ कॉलोनी अशोका गार्डन में रहता था और छत पर लोहा बांधने का काम करता था। नूरगंज में उसकी ससुराल है। इन दिनों वह ससुराल में ही रह रहा है और काम के सिलसिले में भोपाल आता है। गुरुवार रात करीब साढ़े 8 बजे वह भोपाल से काम कर नूरगंज जा रहा था। इस दौरान 11 मील से आगे मिलन रेस्टोरेंट के पास उसे ट्रक ने कुचल दिया।

**चूनाभट्टी चौराहा पर रेड सिग्नल पार करते समय अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर**

चूनाभट्टी पुलिस ने बताया कि अशीष दास पिता संजय कुमार दास (36) सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम में रहता था और किसान था। उसका भाई अवधपुरी में रहता है। वह अक्सर भाई के घर आता था। बुधवार को भी वह भोपाल आया था और कलियासोत की तरफ से चूनाभट्टी चौराहा पहुंचा था। बुधवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे चूनाभट्टी चौराहा बाइक से निकलते समय सिग्नल रेड हो गया। दूसरी ओर से ट्रैफिक चलने लगा। इसी बीच आशीष ने अपनी बाइक तेज गति से निकालने का प्रयास किया और अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जल्दबाजी में सिग्नल पार करने के चलते बाइक की रफ्तार अधिक थी और टक्कर लगते ही वह सड़क पर करीब दस मीटर तक घिसट गया। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी। राहगीरों ने उसे बंसल अस्पताल पहुंचाया, वहां रात करीब दस बजे उसकी मौत हो गई।

## तालाब में डूब रहे युवक को गोताखोर ने बचाया



**भोपाल।** रानी कमलापति आर्च ब्रिज के पास छोटे तालाब में डूब रहे एक युवक को नगर निगम के गोताखोर ने सकुशल बचा लिया। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि रानी कमलापति आर्च ब्रिज के पास छोटे तालाब में एक युवक डूब रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे गोताखोर शेख आसिफ ने तालाब में छलांग लगाकर युवक को बाहर निकाला और सीपीआर देकर उसकी जान बचाई। इस दौरान श्यामला हिल्स थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने युवक को इलाज के लिए तत्काल ही हमीदिया अस्पताल भेज दिया गया। वह आत्महत्या के इरादे से तालाब में कूदा था या नहाते समय हादसे का शिकार हुआ इसका पता युवक के बयान दर्ज होने पर पता लग सकेगा।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में लालघाटी पर हुआ विरोध प्रदर्शन

# जो इजराइल ने हमास के साथ किया, वो पाकिस्तान के साथ किया जाए: सबधाणी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ संतनगर



विगत दिवस कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा 28 पर्यटकों की बेरहमी से हत्या के विरोध में जहां पूरे देश में आक्रोश फैला हुआ है, वहीं राजधानी के लालघाटी यंग क्लब के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन कर यह दिखाया कि इस दुखद घटना पर पूरा भारतवर्ष एक साथ खड़ा है।

प्रदर्शन के दौरान आनंद सबधाणी ने कहा कि आतंकियों के आकाओं को हम यहां से पैगाम देना चाहते हैं कि जरूरत पड़ी तो देश का एक-एक युवा हाथों में हथियार लेकर पाकिस्तान की ओर कूच करने में देरी नहीं करेगा। आज भी देश के सपूतों में पाकिस्तान को नेस्तनाबूद करने का माद्दा है। जो इज़राइल ने हमास के साथ किया, अब वो हमें भी करना ही होगा। मेजर जनरल श्याम सुंदर श्रीवास्तव हमारी तीनों सेनाएं हर क्षेत्र में पाकिस्तान को धूल चटा सकती हैं। सबधाणी ने चेतावनी देते हुए कहा कि आज देश की कई माताओं ने अपना बेटा, कई बहनों ने अपना भाई, कई पत्नियों ने अपना पति, कई बच्चों ने अपना पिता और कई परिवारों के रोज़ी रोटी का साथी ही खो दिया, लेकिन फिर भी इस बार सरकार से सांत्वना नहीं, बल्कि बदले की उम्मीद है।

# रोजगार सहायक 10 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

**सहायता राशि जारी करने के एवज में मांगे थे 33 हजार 500 रु.**

लोकायुक्त पुलिस की रीवा यूनिट ने शुक्रवार को जयसिंह नगर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत छूदा के ग्राम रोजगार सहायक चंद्र प्रकाश गुप्ता को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता राजेश सिंह कंवर के पिता की मृत्यु के बाद संबल योजना के तहत मंजूर हुई 2 लाख की सहायता राशि को उनकी माता के खाते में ट्रांसफर करने के एवज में छूदा गांव का रोजगार सहायक 30 हजार रुपए घूस मांग रहा था। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास का लाभ दिलाने के लिए अलग समग्र आईडी बनवाने के नाम पर भी 3500 रुपए की रिश्वत मांगा थी।

सहायता राशि और समग्र आईडी के नाम पर घूस मांगने की शिकायत मिलते ही लोकायुक्त पुलिस रीवा के एसपी योगेश्वर शर्मा ने मामले का सत्यापन कराया। इसके बाद आवेदक को रोजगार सहायक से बात करने के लिए भेजा गया। इस रकम का भुगतान तीन किस्तों में करने पर दोनों के बीच सहमति बनी। शुक्रवार को जैसा ही छूदा स्थित अपने निवास पर रोजगार सहायक ने पहली



## संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वीं जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत, गूंजे जयकारे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में सेन समाज द्वारा शुक्रवार को सेन महाराज की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में श्रद्धालुओं ने सेन महाराज के जयकारे लगाए।

वार्ड 8 स्थित दुर्गा मंदिस से शोभायात्रा शुरू होकर इन्द्रपुरी चौराहा, गांधी चौक, गणेश चौक, मुख्य बाजार होते हुए स्टेशन रोड स्थित आयोजन स्थल पहुंची, जहां समाज के पदाधिकारियों ने सेन महाराज की आरती की। संगीत की मधुर धुनों के साथ निकली यात्रा में पुरुष हाथों में ध्वज पताका लिए जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान सजीव झांकी सजाई गई जो आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन स्थल पर वक्ताओं ने समाज की एकता और अखंडता को बनाए रखने पर जोर दिया।

**मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 30 अप्रैल को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन**

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होने 90 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन, धाकड़ नागर समाज के 26 जोड़े शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ औबेदुल्लागंज

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जनपद औबेदुल्लागंज में 90 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हुआ, जो 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर यह विवाह होंगे। वहीं से धाकड़ (नागर) समाज के 38वां आदर्श विवाह सम्मेलन में 26 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। वाल्मीकि आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया बुधवार 30 अप्रैल को होगा।

धाकड़ नागर समाज के विवाह और वाल्मीकि के आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह की तैयारी जोरों पर चल रही है। औबेदुल्लागंज में तीनों सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, जिला सीईओ अंजू पवन भदोरिया शामिल होंगे।

**केंद्रीय मंत्री शिवराज को सम्मेलन में आने का दिया न्यौता**



श्री धाकड नागर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन की समिति के सदस्यों ने भोपाल जाकर अक्षय तृतीया 30 अप्रैल बुधवार का होने वाले सम्मेलन में आने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को आमंत्रण पत्र दिया। इस अवसर पर हाई कोर्ट वकील विजय धाकड़, नारायण सिंह पटेल, अशोक पटेल, गौरी शंकर नागर, राजेश पटेल, सम्मेलन अध्यक्ष शशांक धाकड़, बाबूलाल नागर, कैलाश डब्बू नागर आदि शामिल थे।

**विधायक पटवा को दिया आमंत्रण-पत्र**



श्री धाकड नागर समाज आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति ने शुक्रवार को भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा से भेंट कर सम्मेलन में आने का आमंत्रण पत्र दिया। धाकड़ समिति के विजय धाकड़, सम्मेलन के अध्यक्ष शशांक धाकड़, तेजसिंह नागर, चंद्र सिंह नागर, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, दिनेश नागर, राजू भाई पटेल आदि ने बताया कि यह 38वां सम्मेलन है।

## बीटेक छात्र से मोबाइल झपटकर भागे बदमाश

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित निजामद्दीन कॉलोन रोड पर गुरुवार रात करीब पौने आठ बजे बाइक सवार बदमाशों ने बीटेक छात्र का मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत 30 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार झपटमारों पर प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार अयोध्या बायपास निवासी हर्षदीप जैन (18) रायसेन रोड स्थित निजी कॉलेज में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गुरुवार शाम वह निजामुद्दीन कॉलोनी के पास मार्केट गया था। वहां से घर लौट रहा था। निजामुद्दीन कॉलोनी के पास पहुंचते ही उसके मोबाइल पर कॉल आया और वह मोबाइल पर बातचीत करते हुए नरेला जोड़ की तरफ जाने लगा। तभी कॉलोनी के पास मुख्य रोड पर पीछे से आई बाइक पर सवार दो बदमाशों में से पीछे बैठे बदमाश ने हर्षदीप जैन के हाथ से मोबाइल झपट लिया। हर्षदीप कुछ समझ पाता इससे पहले बदमाश तेजी से बाइक चलाते हुए नरेला जोड़ की तरफ भाग निकले।

## संपर्क करने पर प्राथमिकता से सुननी होगी बात

# डीजीपी का आदेश : पुलिस अफसर व कर्मचारी अब सांसद और विधायकों को करेंगे सैल्यूट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश में अब सांसद-विधायकों को भी पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को सैल्यूट करना होगा। साथ ही उनसे शिष्टता के साथ पेश आना होगा। इस संबंध में डीजीपी कैलाश मकवाना ने आदेश जारी कर दिए है। आदेश में इस बात का भी उल्लेख है कि जनप्रतिनिधि यदि पुलिस अधिकारियों से मिलने उनके कार्यालय जाते हैं तो उनकी बात प्राथमिकता के आधार पर सुननी होगी।

पुलिस महानिदेशक ने इसके निर्देश प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों को जारी कर इसका पालन करने के लिए कहा है। सभी सांसद, विधायकों को सरकारी कार्यक्रम या सामान्य मुलाकात के दौरान उनका अभिवादन वदीर्धारी अधिकारी और कर्मचारी सैल्यूट से करेंगे। इतना ही नहीं यदि सांसदों, विधायकों द्वारा पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से मोबाइल पर किसी समस्या के संबंध में संपर्क किया जाता है, तो उनकी बात ध्यान से सुनेंगे और शिष्टता के साथ जवाब देंगे। हालांकि इस तरह का आदेश पूर्व में भी जारी हो चुका है। डीजीपी के संज्ञान में आया कि इस आदेश का पालन ठीक तरीके से नहीं किया जा रहा, तो उन्होंने फिर से सख्ती के साथ इसे लागू करने के निर्देश दिए है।

**आए दिन जनप्रतिनिधि और पुलिस में हो रहा विवाद**

दरअसल इस आदेश को इस संदर्भ में भी देखा जा रहा है कि आए दिन जनप्रतिनियों का पुलिस से किसी न किसी विषय को लेकर विवाद हो रहा है। हाल ही में मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल थाने में अपनी ही गिरफ्तारी की मांग को लेकर बैठ गए थे। दरसल उनका एक सब इंस्पेक्टर से पूर्व में विवाद हुआ था। इसी लिए उन्होंने करीब 6 घंटे कार्यकर्ताओं के साथ थाने में प्रदर्शन किया। वहीं दो दिन पहले ही पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने शिवपुरी एसपी अमन सिंह राठौर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। डीजीपी ने इस तरह का आदेश जारी कर कहीं न कहीं पुलिस अफसरों और मैदानी अमले को यह मैसेज दिया है कि जनप्रतिनिधियों से सामंजस्य बनाकर चलें।

## केंद्र सरकार करे सख्त कार्रवाई, कश्मीर, पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू हो

# आतंकी हमले के विरोध में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन कर आतंकवाद का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडीदीप




जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और श्रीहिंदू उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कर जन आक्रोष रैली निकाल कर आतंकवाद का पुतला दहन किया। जन आक्रोश रैली मंगल बजार में निकाली गई। प्रदर्शनकारियों ने जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने एवं सेना को नियंत्रण सौंपने जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, ऐसी मांग की।

पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष बद्रीसिंह चौहान ने आतंकी हमले पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि हिंदू जनमानस की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं। केंद्र सरकार आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष अजीतसिंह चौहान ने कहा कि देश में आतंकियों की कोई जगह नहीं है। पहलगाम में आतंकी कार्रवाई पाक का षड्यंत्र है। राजनीतिक दल सिर्फ बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि असली आतंकवादी पाकिस्तान की सेना है। सरकार से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कठोर कार्रवाई की मांग की।

# एयर एंबुलेंस से ट्रॉमा यूनिट और प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम को पहुंचाया जाएगा घटना स्थल

## पीपीपी मोड पर उन्नत चिकित्सालयों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का करें विस्तार: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हर जीवन अमूल्य है, आपातकालीन चिकित्सकीय परिस्थितियों में व्यक्ति को उन्नत स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सुविधा प्रदेश में शुरू की गई है। इस सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार और जिला स्तर पर बेहतर विभागीय समन्वय से क्रियान्वयन आवश्यक है। ऐसे क्षेत्रों में जहां उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां पीपीपी मोड पर चिकित्सालय बनाने के प्रस्ताव तैयार किए जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा योजना की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं और आपदाओं में गोल्डन ऑवर ट्रीटमेंट अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इसके लिए भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से सेवाओं के प्रावधान किए जा रहे हैं।

### सेंसिटिव क्षेत्रों में प्राथमिकता से लैंडिंग अधोसंरचना के विकास पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकालीन स्थितियों में जैसे सड़क दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा में, ट्रॉमा यूनिट और प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम को घटना स्थल तक एयर एम्बुलेंस से पहुंचाया जाना चाहिए। इसके साथ ही एयर एम्बुलेंस सेवा के बेहतर उपयोग के लिए सेंसिटिव क्षेत्रों में प्राथमिकता से आवश्यक लैंडिंग अधोसंरचना का विकास करने पर उन्होंने जोर दिया। मुख्यमंत्री ने ऐसे क्षेत्र जहाँ सड़क दुर्घटनाएं अधिक होती हैं उन्हें चिन्हित करने और इन क्षेत्रों से ट्रॉमा सेंटर तक जल्दी पहुंचाने के लिए योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि शीघ्रता से पीड़ित को चिकित्सकीय सेवाएं मुहैया कराई जा सकें।

मुख्यमंत्री ने की पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा योजना की समीक्षा

### आपातकालीन चिकित्सा उपलब्ध कराने में प्रभावी पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिविल सर्जन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कलेक्टर और पुलिस प्रशासन को सतत संपर्क में रहने और आवश्यकता पड़ने पर एयर एम्बुलेंस सेवा का उपयोग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिला स्तर पर योजना के प्रावधानों और सेवाओं के प्रति विभागीय अधिकारियों को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, अपर मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिव शेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य संदीप यादव, आयुक्त विमानन चंद्रमौली शुक्ला सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### एयर एंबुलेंस सेवा पात्रता

सड़क एवं औद्योगिक दुर्घटना अथवा प्राकृतिक आपदा में पीड़ित व्यक्तियों को राज्य में एवं बाहर शासकीय या निजी चिकित्सालय में निःशुल्क एयर एम्बुलेंस सेवा प्रदाय कर पहुंचाया जाता है। आयुष्मान कार्डधारी को राज्य में और बाहर शासकीय एवं आयुष्मान संबद्ध अस्पतालों में निःशुल्क सेवा उपलब्ध कराई जाती है। अन्य हितग्राही जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उनके लिए राज्य में शासकीय अस्पताल में निःशुल्क और राज्य के बाहर अनुबंधित दर पर सशुल्क परिवहन की व्यवस्था है।

### एयर एंबुलेंस सेवा की स्वीकृति

दुर्घटना, आपदा के मामलों में संभाग में निःशुल्क परिवहन के लिए जिला कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अनुशंसा पर स्वीकृति दे सकते हैं, जबकि संभाग के बाहर जाने के लिए स्वास्थ्य आयुक्त स्वीकृति देंगे। गंभीर मरीजों को मेडिकल कॉलेज से बाहर एयर एम्बुलेंस की स्वीकृति, अधिष्ठाता की अनुशंसा पर संभाग आयुक्त द्वारा और राज्य के बाहर के लिए संचालक चिकित्सा शिक्षा द्वारा दी जाती है। अन्य सशुल्क परिवहन मामलों में स्वीकृति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय स्तर पर दी जाती है।

### मप्र में अब सभी जिला अस्पतालों में उपलब्ध होंगे शव वाहन

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ऐसे भाई-बहन जो पारिवारिक सदस्य की मृत्यु के बाद शव को घर ले जाने में असमर्थ है, उन सभी के लिए राज्य सरकार शव वाहन से पार्थिव देह घर तक पहुंचाने का कार्य करेगी। शुरुआत में यह व्यवस्था जिला स्तर पर लागू की जा रही है, जिसे बाद में विकासखण्ड और तहसील तक विस्तार मिलेगा। सड़क दुर्घटना एवं अन्य विषम परिस्थितियों में मृत्यु होने पर परिजन को शव वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मीडिया को जारी संदेश में कहा कि प्रदेश सरकार अति संवेदनशील है और मुश्किल समय में लोगों की पीड़ा समझती है। शव वाहन उपलब्ध कराने के संबंध में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं।*

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल का सम्मान करेगा जनपद सदस्य संघ

**भोपाल।** प्रदेश के 313 ब्लॉक में अपनी सेवाएं देने वाले साढ़े सात हजार से अधिक जनपद सदस्य उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का सम्मान करेंगे। जिसके लिए रीवा में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनपद सदस्यों की निधि और मानदेय को लेकर भी बात की जाएगी। कार्यक्रम में पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल भी शामिल होंगे। जनपद सदस्य संघ मप्र के उपाध्यक्ष मृगेंद्र नाथ त्रिपाठी ने बताया कि जनपद सदस्यों ने पंचायती राज का उत्सव मना रहे हैं। रीवा के गंगेव से जनपद सदस्य त्रिपाठी ने बताया कि पूरे प्रदेश के सदस्यों को जोडकर उनके हित के लिए संगठन प्रयास कर रहा है।

### मंत्रालय कर्मचारी बोले: वर्ष 2016 की स्थिति के आधार पर मिले पदोन्नतियां

**भोपाल।** मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने सरकार से वर्ष 2016 की स्थिति के आधार पर ही पदोन्नतियां देने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक और कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा पदोन्नतियां देने की घोषणा के बाद कर्मचारियों में जो प्रसन्नता थी वह धीरे-धीरे निराशा और संदेह में बदल रही है। मुख्यमंत्री की घोषणा बाद दो सप्ताह बीत हो चुका हैं परंतु अब कोई हलचल नजर नहीं आ रही है। अभी तक यही स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पदोन्नतियां किस फामूर्ले के तहत होगी।

### विक्रम उद्योगपुरी को मेगा इन्वेस्टमेंट जोन के रूप में विकसित करें

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विक्रम उद्योगपुरी को मेगा इन्वेस्टमेंट जोन के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर विचार किया जाए। उज्जैन में आईटी पार्क के द्वितीय चरण का कार्य समय सीमा निर्धारित कर पीपीपी मोड पर तत्काल आरंभ किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएसआईडीसी) के संचालक मंडल की बैठक में निर्देश दिए। बैठक में कार्पोरेशन के प्रबंधकीय तथा लेखा संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

## आईटी में प्रदेश के युवाओं की पहल सराहनीय, राज्य सरकार हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर

# मप्र में आईटी पर केंद्रित होगा प्रदेश का पहला सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वर्तमान और भविष्य की तकनीक का आधार आईटी है। प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार करते हुए समय के साथ चलने के लिए आईटी सेक्टर में निवेश और गतिविधियों का विस्तार आवश्यक है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद पहली सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव आईटी पर केंद्रित होगी। राज्य सरकार आवश्यक सहयोग देकर आईटी इंडस्ट्री को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर तक व्यापक स्वरूप देने की इच्छुक है।

इंदौर में 27 अप्रैल को होने वाली टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव इस दिशा में निश्चित ही परिणाममूलक रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में होने वाली आईटी कॉन्क्लेव के संबंध में विभिन्न जिलों के उद्योगपतियों से समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वर्चुअली संवाद कर रहे थे। संवाद में उद्योगपतियों ने आईटी पार्क के विस्तार की आवश्यकता बताई। साथ ही आईटी के क्षेत्र में कार्य कर रहे उद्योगपतियों ने दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए शिक्षा और औद्योगिक गतिविधियों में समन्वय, स्टार्ट-अप में उद्यमिता की संस्कृति को विकसित करने, प्राकृतिक गैस पर टैक्स कम करने और प्रदेश में स्टार्ट-अप कम्युनिटी के मध्य बेहतर समन्वय संबंधी चर्चा भी की।

### मुख्यमंत्री ने आईटी क्षेत्र में कार्यरत उद्योगपतियों से किया वर्चुअली संवाद

प्रदेश में डिजिटल इकोनॉमी मिशन, आईटी पार्कों में वॉक-टू-वर्क सुविधा और एआई आधारित गतिविधियों के विस्तार पर हुई चर्चा



### संवाद में वॉक-टू-वर्क सुविधा के साथ आईटी पार्क होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से संवाद में वॉक-टू-वर्क सुविधा के साथ आईटी पार्क विकसित करने, प्रदेश में डिजिटल इकोनॉमी मिशन लागू करने और एआई आधारित गतिविधियों की अन्य उद्योगों में स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में कार्य करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों की पहल और नवाचार की सराहना करते हुए उन्हें गतिविधियों के विस्तार के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह संवाद राज्य शासन और आईटी के क्षेत्र में कार्य कर रहे उद्योगपतियों के बीच मजबूत रिश्तों का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि सबके सहयोग से मप्र आईटी सेक्टर में अपनी विशेष पहचान स्थापित करेगा।

### सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इन उद्योगपतियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री ने जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल और इंदौर में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न उद्योगपतियों से संवाद किया। जबलपुर के चंद्रेश वीरा प्रेम संस इंटरप्राईजेस और अनुराग श्रीखंडे इंटेनिक्स प्रायवेट लिमिटेड से चर्चा की। ग्वालियर के धर्मेन्द्र कुमार यादव स्मार्ट कंट्रोल इंडिया लिमिटेड, अनुराग श्रीवास्तव आईआईआईटीएम, राजेश खन्ना एसआरएफ लिमिटेड, मुकुल चतुर्वेदी सूर्या रोशनी लिमिटेड और कृष्णकांत चतुर्वेदी कोमोनिफाय वेंचर प्रायवेट लिमिटेड से चर्चा की।

### चार राउंड टेबल मीटिंग होगी

अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने 27 अप्रैल को आयोजित टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव के कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीसीसी, ड्रोन, एवीजीसी और सेमीकॉन नीति के संबंध में चार राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन किया जाएगा।

### समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए जाएंगे एवं आवंटन-पत्र भी सौंपे जाएंगे

*चिहिन्त इकाइयों के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए जाएंगे एवं आवंटन-पत्र भी सौंपे जाएंगे। राज्य की चार नीतियों जीसीसी नीति, ड्रोन नीति, सेमीकंडक्टर एवं एवीजीसी नीतियों की गाईड लाइंस भी जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आईटी एवं संबंधित क्षेत्रों के प्रमुख उद्योगपतियों, निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकों का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह, एमडी एमपीएसईडीसी आशीष वशिष्ठ, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एमपीएसईडीसी गुरू प्रसाद सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।*

### इंजीनियर, सरपंच सर्वे रिपोर्ट तैयार करेंगे



# जलसंकट वाले गांवों में होंगे नए बोर, 30 तक जुटाएंगे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले की जिन पंचायतों में जलसंकट है, जहां पर नलकूप सूख गए हैं वहां पर मई के महीने में बोर लगवाया जाएगा। इससे पहले पीएचई (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग) के इंजीनियर और सरपंच सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करेंगे। साथ ही गर्मी में पर्याप्त पेयजल देने वाले निजी नलकूपों का अधिग्रहण किया जाएगा और उनसे अन्य रहवासियों को पेयजल उपलब्ध करया जाएगा।

यह बात हुजूर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने शुक्रवार को कही। वह जिला पंचायत सभागार में ग्रामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित पेयजल सुविधा के लिए तालाब, नलकूप खनन आदि विषयों पर बैठक ले रहे थे। इस दौरान कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी सहित सरपंच, सचिव व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। विधायक ने जिला पंचायत सीईओ, कलेक्टर और पीएचई विभाग से पंचायतों में पेयजल व्यवस्था के बारे में जानकारी मांगी।

### अधिकारी नहीं दे पाए जानकारी

*बैठक में पीएचई के अधिकारी कोई खास जानकारी नहीं दे पाए। गांवों में जलसंकट के चलते पीएचई अधिकारियों और इंजीनियरों पर नाराजगी जताई और एक इंजीनियर से पूछा कि उनके पास कहां की जिम्मेदारी है। इस पर इंजीनियर ने कहा कि आदमपुर छावनी और रातीबड़ तो विधायक चौंक उठे। उन्होंने कहा कि आदमपुर छावनी और रातीबड़ दोनों ही भोपाल के अलग-अलग कोनों पर है। ऐसे में काम करने में दिक्कतें होती होगी। उन्होंने पीएचई की अधिकारी मंजू सिंह से कहा कि तुरंत कार्य में बदलाव करें। ऐसी जगह पर ड्यूटी लगाएं, जो पास में हो। 30 अप्रैल तक सर्वे कर पता लगाएं कि कहां जलसंकट है। वह एक से चार मई तक खुद निरीक्षण करेंगे और जरूरत पड़ने पर 15 मई तक बोर भी लगवाए जाएंगे। बैठक के बाद पहलगाम आतंकी हमले में मृत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।*

## राष्ट्रीय स्तर की निबंध प्रतियोगिता आयोजित

# एक राष्ट्र, एक चुनाव के बारे में अधिक से अधिक प्रसार हों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमिटी लॉ स्कूल एमिटी विश्वविद्यालय ने राष्ट्र स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसका शीर्षक एक राष्ट्र एक चुनाव था। प्रतियोगिता का समापन समारोह ऑनलाइन आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति रोहित आर्या (पूर्व न्यायाधीश मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. नितेश शर्मा- सदस्य, एक राष्ट्र एक चुनाव समिति, मध्य प्रदेश थे।

मुख्य अतिथि जस्टिस रोहित आर्य ने कहा कि यह विषय इतना सुसंगत है कि इसके बारे में लोगों को प्रसारित किया जाना अतिआवश्यक है।

### सराहनीय पहल

*एमिटी लॉ स्कूल एमिटी विश्वविद्यालय प्रयास सराहे जाने चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. नितेश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर इस मुहिम का संवर्धन इसके प्रचार प्रसार से ही संभव है। इस अवसर पर एमिटी के प्रो. चांसलर जनरल वीके शर्मा ने भी संबोधित किया।*

# टमाटर उत्पादक किसानों के बारे में सोचें सरकार, लागत के बराबर भी दाम नहीं मिल रहे : पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य के टमाटर उत्पादक किसानों की पीड़ा को लेकर राज्य शासन से आग्रह किया है कि वह किसान हित में निर्णय लें।



दरअसल छतरपुर में टमाटर उत्पादक किसान संकट में है। टमाटर के भाव 3 से 4 रुपए किलो तक और गिर गये हैं।

इससे लागत से कम दाम मिल रहे हैं। पटवारी ने कहा कि किसानों को सही दाम नहीं मिलने से वे फसल में मवेशी चरने छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं। पटवारी ने कहा है कि यह हालात प्राकृतिक आपदा के कारण नहीं, बल्कि सरकारी उदासीनता और नीतिगत विफलता का नतीजा हैं। छतरपुर के किसान आज जिंदा हैं, लेकिन उनकी उम्मीद मर रही है। किसान कोई याचक नहीं, वह देश का अन्नदाता है। सरकार को तुरंत हस्तक्षेप करना होगा। पटवारी ने कहा कि टमाटर से जुड़ा यह संकट भी नया नहीं है, यह मप्र के किसानों की प्रदेशव्यापी समस्या है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कटनी में संगोष्ठी को किया संबोधित

# स्वार्थ, तुष्टिकरण की राजनीति के लिए संविधान से खेलती रही कांग्रेस: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कटनी के स्वामी विवेकानंद सभागार में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। इस दौरान शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया। उन्होंने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गठन का विचार दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि देश को पहली बार जल प्रबंधन और संरक्षण का विचार भी बाबा साहेब ने दिया। वो एक अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, शिक्षाविद्, लेखक और पत्रकार भी थे। उन्होंने देश को इतना कुछ दिया, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें आजादी के बाद 55 सालों तक भारत रत्न क्यों नहीं दिया? कांग्रेस की सरकार जब स्व. राजीव गांधी को भारत रत्न दे सकती है, तो बाबा साहब को क्यों नहीं दिया? वजह साफ है कि कांग्रेस और



उसका नेतृत्व बाबा साहेब से घृणा करते थे। हमें बाबा साहेब के कामों और उनके साथ कांग्रेस पार्टी के व्यवहार को जन-जन तक पहुंचाना है। कांग्रेस के जो लोग संविधान को हाथ में लेकर बात करते हैं, उन्होंने संविधान से खिलवाड़ किया है। कांग्रेस की सरकार ने संविधान की प्रस्तावना में परिवर्तन करके उसमें धर्म निरपेक्ष और समाजवाद शब्द जोड़ दिए, जिसका बाबा साहेब ने पुरजोर विरोध किया। कांग्रेस ने संविधान में ये शब्द सिर्फ अपने स्वार्थ, तुष्टिकरण और एक वर्ग को खुश करने के लिए जोड़े थे।

# पंचायती राज दिवस पर जल संरक्षण स्वच्छ भारत मिशन पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला पंचायत भोपाल के सभाकक्ष में वर्चुअली बिहार के मधुबनी में आयोजित राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया। सीधे प्रसारण को देखने के व सुनने के लिए तीनों स्तर की पंचायतों में उचित व्यवस्थाएं की गई।

राष्ट्रीय पंचायत दिवस के आयोजन में जल संरक्षण, स्वच्छता, अधोसंरचनाओं का रख-रखाव, जलजीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन से संबधित गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने पर चर्चा की गई। 'स्वच्छ सुजल गांव' की सामुहिक शपथ ग्रहण का आयोजन कर प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन पर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों के नाम चयनित किए गए। जल गंगा संवर्धन अभियान' की विशेष गतिविधियों के




विषय में भी चर्चा करते हुए केंद्रित सामुदायिक सहभागिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय पंचायत दिवस के आयोजन में जिले की उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इला तिवारी, सहायक परियोजना अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, कार्यक्रम नोडल अधिकारी सुबेन्द्र सिंह यादव, जिला परियोजना प्रबंधक, आरजीएसए एवं जिला पंचायत के समस्त वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला से अभद्रता, भ्रष्टाचार सहित शिकायतों में गंभीर आरोप, लेकिन कार्रवाई फाइलों तक सीमित

# जॉयसन के विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक शिकायतें हो रहे नए-नए खुलासे, फिर भी पंद्रह साल से जमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी सीजे जॉयसन की शिकायतें स्कूल शिक्षा मंत्री तक पहुंचने के बाद मामले में जांच के निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके बाद संभाग स्तर पर जांच कमेटी गठित की जा रही हैं। वहीं दूसरी इन शिकायतों के बाद नए-नए खुलासे हो रहे हैं।

विभागीय जानकारों की माने तो सीजे जॉयसन के विरुद्ध बीते दस वर्षों में आधा दर्जन से अधिक शिकायतें टीटी पुलिस थाना, लोक शिक्षण संचालनालय, जिला शिक्षा अधिकारी, संभागीय संयुक्त संचालक, स्कूल शिक्षा मंत्री सहित विभिन्न स्थानों पर की गई हैं। इसके बाद भी जॉयसन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीते 15 वर्षों से जमे हुए हैं। विभागीय सूत्र बताते हैं कि जॉयसन को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के खेल शाखा एवं आयोजन से बड़ा लगाव है। ऐसे में कई बार कार्यालय में तो परिवर्तन हुआ और जॉयसन को कई जगह भेजा गया, लेकिन जॉयसन ने वरिष्ठ अधिकारियों और अपनी पहुंच के चलते हर बार वापसी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के खेल शाखा एवं आयोजन में करा ली। यहां तक कथित शराब वीडियो सामने आने के बाद तत्कालीन डीईओ द्वारा आदेश जारी करते हुए जॉयसन को विधानसभा शाखा में भेज दिया था, लेकिन आदेश पर अमल नहीं करा पाए। नतीजन आज भी वह फाइल धूल खा रही है। ऐसे में 15 वर्षों से लगातार डीईओ कार्यालय की खेल शाखा एवं आयोजन की कमान अपने हाथ में ली गई है।

### सपोर्ट करने वाले कई अधिकारियों के नाम आए सामने

*बताया जाता है कि इस शाखा जॉयसन के अनुमति के बगैर पत्ता भी नहीं हिलता है। हालांकि स्कूल शिक्षा मंत्री तक शिकायत पहुंचने के बाद मामले में ताबड़तोड़ जांच के आदेश जारी किए गए हैं। मामले में जॉयसन को सपोर्ट करने वाले स्कूल शिक्षा विभाग के मुख्यालय में पदस्थ कुछ अधिकारियों के नाम भी सामने आ सकते हैं। इधर मामले में सीजे जॉयसन ने शिकायतों को पुरानी शिकायतें बताते हुए फर्जी बताया है। उन्होंने कहा कि मामले में विभाग स्तर पर जांच की जा रही है। शिकायतकर्ता और शिकायत की सत्यता की भी जांच होना चाहिए।*

### 10 वर्षों से भेल स्थित सरकारी आवासों का ऑडिट ही नहीं

विभागीय जानकारों के अनुसार, राजधानी के भेल स्थित सरकारी आवासों का आवंटन का अधिकार और पूरी बागडोर जिला शिक्षा अधिकारी के हाथ में है। विभागीय सूत्रों के अनुसार करीब 10 सालों से इन आवासों का ऑडिट तक नहीं हुआ है। ऐसे में न तो अब तक आवासों की संख्या और न ही इनके रख-रखाव पर किए गए खर्च और न ही इनसे आने वाले किराए की जानकारी सार्वजनिक की गई है। ऐसे में कई ऐसे कर्मचारी हैं, जो वर्षों से सरकारी आवास पाने के लिए डीईओ कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, जबकि इसमें सीजे जॉयसन का पूरा दखल बताया जाता है। स्कूल शिक्षा मंत्री को की गई शिकायतों में सीजे जायसन को दो-दो सरकारी आवास आवंटित होने के आरोप भी लगाए गए हैं। इस पर जांच विचाराधीन है। मामले में जब जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि शिकायत हुई है, मामले में वरिष्ठ स्तर पर जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### जेडी स्तर पर सोमवार तक गठित होगी जांच कमेटी

मामले में संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, भोपाल संभाग अरविंद चौरगढ़े ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय से मामले में जांच के लिए दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं। मामले में जांच के सोमवार तक जांच कमेटी गठित कर दी जाएगी। सभी प्रकार के दस्तावेजों और तथ्यों की निष्पक्ष जांच की जाएगी और मुख्यालय को जल्द ही रिपोर्ट भी भेजी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया मुख्यालय स्तर पर की जाएगी।

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-02, भोपाल
Mob. No. : 9425601534, ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र. - मप्रपुआअविनि/336/पयं/भोपाल-02/तशा/2025
भोपाल, दिनांक : 23.04.2025

### प्रेस विज्ञप्ति

जिला-भोपाल में विशेष शाखा पुमु भोपाल में वरिष्ठ अधिकारी कक्ष एवं विभिन्न अनुभागों में मरम्मत कार्य, एससीआरबी पुमु भोपाल के लायब्रेरी में वाटर प्रूफिंग, रिपेयरिंग कार्य, डिस्पेच शाखा, रिपेयरिंग एवं पेन्ट कार्य, टाइल्स, विन्डो रिप्लेसमेन्ट कार्य, भूतल एवं प्रथम तल तथा नवीन पुमु गेट क्रमांक-03 एवं ग्रेट क्र.-1 में मरम्मत कार्य, विभिन्न शाखाओं में टायलेट एवं प्रांगण में व्हीआईपी एवं स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य, फायर होर्स पाइप लगाने का कार्य, पुमु लाइब्रेरी हेतु लाइट कार्य, क्यूडी शाखा के अंतर्गत विभिन्न मरम्मत कार्य तथा अमनि कल्याण एवं लेखा के वाशरूम में मरम्मत के कार्य, एवं पुलिस मुख्यालय भवन में अन्य कार्य हेतु निविदा क्रमांक-04/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक - MPPHCL/ TENDER No. - 2025_MPPHC_419000_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 09.05.2025 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119793/2025 **परियोजना यंत्री**


## एम्स भोपाल और ईको इंडिया ने मिलाया हाथ, अब स्वास्थ्यकर्मी बनेंगे माहिर

**भोपाल।** एम्स भोपाल और ईको इंडिया संस्था ने मिलकर काम करने का फैसला किया है। ईको इंडिया संस्था लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार दिलाने में मदद करती है। इन दोनों ने एक समझौता किया है, जिससे एम्स के डाक्टरों और नर्सों को नई चीजें सीखने और स्किल को और बेहतर बनाने का मौका मिलेगा। इस समझौते पर एम्स भोपाल के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर हुए।


### न्यायालय नजूल अधिकारी, तहसील कोलार, भोपाल

क्रमांक/क्यू/रीडर/2025
भोपाल, दिनांक 23.04.2025
प्रकरण क्रमांक : /अ-20(1)/2025-26

// इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री संदीप बवेजा, श्री सौरभ बवेजा पुत्रगण श्री आई.एस. बवेजा निवासीगण ई-1/137, अरेरा कालोनी, भोपाल द्वारा अरेरा कालोनी ग्राम शाहपुरा, तहसील कोलार स्थित लीज भूमि क्रमांक ई-1/137 क्षेत्रफल 6000 वर्गफीट की लीज नवीनीकरण हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जो, विचाराधीन है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त नजूल भूमि के लीज नवीनीकरण के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**तहसील कोलार, भोपाल**


## फर्जी जाति प्रमाण पत्र से 28 साल नौकरी करने का मामला: महिला को 2 साल की सजा

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर मध्य प्रदेश शासन के आयुक्त पुरातत्व एवं संग्रहालय में 28 साल तक नौकरी करने वाली आरोपी सपना वर्मा को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कृष्णकांत बागरे ने भादंसं की धारा-420,468 और 471 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 9 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अभियोजन के अनुसार आरोपी महिला सपना वर्मा बारी जाति में आती है। उसने स्वयं को कोरी जाति का बताकर वर्ष 1988-89 में तहसील हुजूर भोपाल से अनुसूचित जाति का फर्जी जाती प्रमाण पत्र बनवाकर आयुक्त पुरातत्व एवं संग्रहालय मध्य प्रदेश शासन में नौकरी हासिल की थी। इस विभाग में सपना वर्मा ने 1 जून 1993 को नौकरी ज्वाईन कर 24 मई 1995 तक 28 साल सरकारी नौकरी की।

आयुक्त पुरातत्व एवं संग्रहालय मध्य प्रदेश शासन की ओर से पुलिस की सीआईडी विंग में सपना वर्मा के खिलाफ लिखित शिकायत किए जाने पर पुलिस की सीआईडी विंग ने 24 मई 1995 को सपना वर्मा के विरूद्व भादंसं की धारा-420,468 और 471 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के बाद विवेचना अधिकारी ने न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

# अखाड़ों और मठों की भूमि सिंहस्थ की लैंड पुलिंग योजना में ली जाए: महाकाल सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

**सिंहस्थ क्षेत्र का एक समान विकास होगा**

प्रदेश सरकार द्वारा सिंहस्थ 2028 को लेकर लैंड पुलिंग योजना में किसानों की भूमि के साथ अखाड़ों और मठों की भूमि भी लेना चाहिए जिससे सिंहस्थ क्षेत्र का एक समान विकास होगा।

इस आशय का एक पत्र महाकाल सेना के राष्ट्रीय धर्म प्रकोष्ठ प्रमुख महेंद्र सिंह बैंस ने राज्यसभा सांसद उमेशनाथ महाराज को अखाड़ों के साथ समन्वय के लिए भेजा हैं जिसकी प्रति प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री को भेजी गई हैं। पत्र में उल्लेख है कि जिस प्रकार प्रशासन, भाजपा के वरिष्ठ सदस्यों के साथ राज्यसभा सांसद उमेशनाथ महाराज किसानों के साथ समन्वय बनाकर लैंड पुलिंग योजना के लाभ के बारे में बताएंगे। जिसका महाकाल सेना स्वागत करती हैं। सरकार द्वारा जिस प्रकार लैंडपुलिंग योजना में किसानो की भूमि अधिग्रहित कर सिंहस्थ क्षेत्र का विकास किया जाएगा उसी प्रकार सिंहस्थ क्षेत्र के अखाड़ों मठों की हजारों बीघा भूमि को भी लैंडपुलिंग योजना में शामिल करना चाहिए जिससे सिंहस्थ क्षेत्र का एक समान विकास हो सकेगा। साधु संत त्यागी स्वभाव के होते हैं वह संसार को त्यागकर सन्यासी जीवन जीतें हैं उन्हें हजारों बीघा भूमि की क्या आवश्यकता ? इसलिए साधु संतों को भी जनकल्याण की भावना के साथ अखाड़ों की हजारों बीघा भूमि लैंड पुलिंग योजना में सरकार को देना चाहिए जिससे साधु संतों और किसानों में मतभेद नहीं रहेगा और सिंहस्थ भूमि का एक समान विकास होगा और यदि साधु संत सरकार की लैंड पुलिंग योजना में अपनी भूमि नहीं देते हैं तो यह साधु संत समुदाय सरकार की विकास और जनकल्याणकारी योजना के विरुद्ध माने जाएंगे।

## पेज एक का शेष....

### वीजा कैंसिल...

अधिकारी प्रतीक शर्मा व प्रशांत श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। इधर, दिल्ली में अमित शाह के घर पर दोपहर में फिर एक बड़ी आपात बैठक हुई। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हुए।

### आतंकी आसिफ का घर...

आतंकियों का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वे सुरक्षा बलों को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। सुरक्षाबलों ने त्राल में जिन आतंकियों पर एक्शन लिया है। वे दोनों आतंकी लश्कर ए तैयबा से जुड़े हैं। बीते 22 अप्रैल को बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले से जुड़े वीडियो में दोनों नजर आए थे। आसिफ और आदिल सहित हमले में शामिल अन्य आतंकियों को मार गिराने के लिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने आतंकियों तक पहुंचने के लिए अब तक 2000 लोगों से पूछताछ की है। इसके साथ ही काफी लोगों को हिरासत में भी लिया है।

### कहा- पाकिस्तान 30...

यह एक गलती थी और हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और 9/11 के बाद की जंग में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता।

### संदिग्ध खच्चर वाला...

महिला पर्यटक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने एक संदिग्ध की फोटो दिखाते हुए उस पर धर्म संबंधी सवाल पूछने का आरोप लगाया था। संदिग्ध की पहचान अयाज अहमद जंगल निवासी गोहिपोरा रैजन, गांदरबल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि संदिग्ध सोनमर्ग के थाजवास ग्लेशियर पर खच्चर चालक का काम करता है। पुलिस ने संदिग्ध से गहन पूछताछ की है और इस मामले में कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बता दें कि महिला पर्यटक ने दावा किया कि हमले से ठीक पहले 20 अप्रैल को वह बैसरन वैली घूमने गई थीं, तब स्केच में दिख रहे संदिग्ध ने उन्हें खच्चर राइड कराई थी। संदिग्ध ने उस दौरान उनसे कई अजीब सवाल किए, जिनमें धर्म, धार्मिक स्थलों की यात्रा और दोस्तों की धार्मिक पहचान से जुड़े प्रश्न शामिल थे। महिला पर्यटक ने अपने फोन में मौजूद एक फोटो और वॉट्सएप ग्रुप के स्क्रीनशॉट भी दिखाए, जिनमें उनके दोस्त भी संदिग्ध की पहचान की। फोटो में एक व्यक्ति मेरून रंग की जैकेट और पजामा पहने हुए नजर आ रहा है। महिला पर्यटक ने दावा किया था कि खच्चर वाले के फोन पर एक कॉल आई, जिसमें उसने प्लान ए और प्लान बी जैसी कोडेड बातें सुनीं। कॉल में कहा गया 'प्लान ए ब्रेक फेल, प्लान बी – 35 बंदूकें मैं भेजा हूं, घास में छुपी हैं। इसके बाद जब संदिग्ध को लगा कि महिला सैलानी उसकी बातों को गौर से सुन रही हैं, तो उसने स्थानीय भाषा में बात करना शुरू कर दिया था।

### बोले- हमला भाई को...

हो, ताकि हम आतंकवादियों द्वारा की जा रही कोशिशों को विफल कर सकें। मैंने मुख्यमंत्री और एलजी से भी मुलाकात की और उन्होंने मुझे जो कुछ हुआ उसके बारे में जानकारी दी और मैंने उन दोनों को आश्वासन दिया कि मेरी पार्टी और मैं उनका पूरा समर्थन करेंगे।

### चौक बाजार, दवा बाजार...

दुकानों में काम किया। वही शाम 6 बजे तक दुकानें बंद कर दी। इसके बाद मौन रैली निकाली और फिर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़, श्रीभोपाल सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल और श्री थोक सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव गर्ग (गांधी) ने बताया कि भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर आधे दिन के बाजार बंद रखेंगे। इधर, न्यू मार्केट के व्यापारियों के प्रमुख संगठन न्यूमार्केट व्यापारी संरक्षण समिति (रजि) के सतीश कुमार गंगराड़े, पवन वरदानी,प्रदीप कुमार गुप्ता, अजय देवनानी ने बताया कि बंद के आह्वान को न्यूमार्केट के व्यापारियों का पूरा समर्थन है।

### मुस्लिमों ने आतंकवाद...

नमाज के बाद ताजुल मसाजिद के बाहर भी युवाओं ने आतंकवाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि काली पट्टी बांधकर हम यह संदेश दे रहे हैं कि हम आतंकवाद की घटना के खिलाफ हैं। इमामी गेट चौराहे पर अनवर पठान ने कहा कि यह न सिर्फ कश्मीर पर, बल्कि पूरे भारत पर हमला है। ऑल इंडिया उलमा बोर्ड के उपाध्यक्ष मुफ्ती दानिश नदवी ने कहा कि जिसने एक भी बेगुनाह को मारा, उसने पूरी इंसानियत को मारा।

**आतंकवाद के खिलाफ सीहोर रहा बंद:** आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को सीहोर पूरी तरह बंद रहा। शहर के मुख्य बाजार सहित गली मोहल्ले में भी स्थित दुकानें भी पूरी तरह बंद रहीं। यह पहला अवसर है, जब कोरोना काल के बाद सीहोर इस तरह से समूचा बंद रहा है। मेडिकल स्टोर और दूध की दुकानें भी बंद रहीं। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में भी बंद का असर देखा गया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सिद्धपुर द्वारा पहलगाम में आतंकियों द्वारा घटित घटना के विरोध में बंद का आव्हान किया गया था।

### स्वतंत्रता सेनानियों पर...

तरह की टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान ले सकती है। पीठ ने कांग्रेस नेता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या राहुल गांधी जानते हैं कि महात्मा गांधी भी अंग्रेजों के साथ अपने संवाद में आपका वफादार सेवक जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते थे। गौर हो कि यह मामला कांग्रेस नेता की ओर से 17 नवंबर, 2022 को महाराष्ट्र के अकोला जिले में एक रैली में अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सावरकर पर की गई टिप्पणियों से उपजा है। उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने 4 अप्रैल को कहा था कि राहुल सत्र न्यायालय के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दायर कर सकते हैं, जिससे इस स्तर पर उच्च न्यायालय का हस्तक्षेप अनावश्यक हो जाता है।

### पाकिस्तान का स्टॉक...

पर बाजार में गिरावट के अफवाहों को हवा मिली और निवेशकों में और खौफ पैदा हो गया। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड (आईएमएफ) ने भी अपने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में पाकिस्तान के विकास दर अनुमान को घटाकर 2.6 परसेंट कर दिया है। दरअसल, कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद भारत के जवाबी कार्रवाई करने के बाद पाकिस्तानी शेयर मार्केट में उथल-पुथल मची हुई है।

### पहलगाम हमले से ...

करते थे, जो ग्वालियर ऑयल मिल की जमीन पर बनी है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उन्हें मुस्लिम मानकर उनका नाम शाहबुद्दीन रख दिया था और श्यामलाल भी खुद को शाहबुद्दीन मानने लगे थे। शाहबुद्दीन और उनका परिवार मुस्लिमों की तरह ही रोजा रखते, नमाज पढ़ते और इस्लाम की तमाम धार्मिक मान्यताओं को मानते थे। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में कई हिंदू परिवारों की मौत से श्यामलाल का हृदय परिवर्तन हुआ। क्षेत्रीय पार्षद जीतू यादव की पहल पर उन्होंने हिंदू धर्म अपनाने का फैसला किया।

### 9वीं की छात्रा के...

में रहकर 9वीं कक्षा में पढ़ रही थी। इसी दौरान फोन और मैसेंजर के जरिए उसकी मुलाकात पिपरौदा आलम गांव निवासी विवेक यादव और जितेंद्र चंदेल से हुई। इसके बाद दोनों ने छात्रा के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया।

**मामला दर्ज किया है:** खनियाधाना के स्वास्थ्य केंद्र से मामले की सूचना मिली थी। नाबालिग ने दो युवकों द्वारा दुष्कर्म किए जाने की बात कही है। पुलिस ने पॉक्सो और गैंगरेप की धाराओं में विवेक यादव और जितेंद्र चंदेल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने एक आरोपी को भी राउंडअप कर लिया है।

**नीतू सिंह**, थाना प्रभारी मायापुर

### मकान के अंदर...

बताया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास की इमारतें भी हिल गईं। सागर के घर को काफी क्षति पहुंची है, लेकिन उस समय घर में मौजूद वह और उनके परिजन बाल-बाल बच गए। सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम के अलावा एयरफोर्स ग्वालियर की टीम भी जांच के लिए मौके पर पहुंचा। जांच में पता चला कि वायु सेना के विमान से एक गैर विस्फोटक चीज मकान पर गिरी है।

**नुकसान का आकलन कर रहे:** यह घटना ऐसे समय में हुई है जब क्षेत्र में आईएएफ के नियमित प्रशिक्षण अभ्यास चल रहे थे। स्थानीय प्रशासन और आईएएफ के अधिकारी वर्तमान में नुकसान का आकलन कर रहे हैं और प्रभावित सागर परिवार के साथ समन्वय स्थापित कर रहे हैं।


## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-03
भोपाल-462003, Mobile No. : 9425601545
ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/458/पयं/भोपाल-03/तशा/2025
भोपाल, दिनांक : 25.04.2025

### प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत जिला हरदा, रायसेन एवं शाजापुर विशेष मरम्मत कार्य हेतु निविदा क्रमांक-04/2025-26 (ऑनलाइन निविदा **क्रमांक-419150, 419151, 419152** आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक-05.05.2025 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119798/2025 **परियोजना यंत्री**

## OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL
**Sewage Department**
**Municipal Corporation Rest House, Shyamla Hills, Bhopal**
**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online Tender are inviting on appendix 2.10 from the appropriate firm that registered in Office of the Madhya Pradesh (Centralized PWD Registration Cell) for following work. The tender documents can be obtained online on the website http://mptenders.gov.in as per the Key Dates in the Notice published on the above website.

| S. No. | NIT No./ Call No. | Tender ID | Details of Work | Tender Value (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | 03/SEW/ BMC/2025-26 Second Call | 2025_UAD_409674_2 | PROVIDING AND LAYING OF SEWER LINE AND CHAMBERS AT G-2 GULMOHAR COLONY WARD 51 ZONE 06 | 16,60,230.00 | 12,452.00 | 08.05.2025 |
| 2 | 04/SEW/ BMC/2025-26 Third Call | 2025_UAD_409688_3 | PROVIDING AND LAYING SEWER LINE AND MANHOLE AT AAMRA VIHAR PHASE 3 WARD-83, ZONE -18 | 2,73,185.00 | 2,732.00 | 01.05.2025 |

T.N. 1700/025/026 Executive Engineer, Municipal Corporation, Bhopal

## संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, भोपाल, मध्यप्रदेश शासन के अधीन
Hazrat Nizamuddin Colony Road, Narela Shankari, Bhopal, Madhya Pradesh, Pin Code-462022
Phone No: 9981919733, Web: http://globalskillspark.in
Email Id: ceo.ssrgsp@gmail.com

**Advertisement**

Centre of Innovation and Entrepreneurship, Global Skills Park Invites EOI

The Centre of Innovation and Entrepreneurship at Global Skills Park invites Expression of Interest (EOI) for development of computer applications supporting various initiatives of the Department of Technical Education, Skill Development and Employment, from the firms/Institutes who can provide solutions for computer applications. EOI should be submitted on Email: dirpd.gspshopal@mp.gov.in till 6:00 PM by 05.05.2025

For detailed information about the Scope of work, please visit: https://globalskillspark.in

G-11999/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

Chief Executive Officer
Sant Shiromani Ravidas, Global Skills Park, Bhopal, Madhya Pradesh

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

**हरिभूमि क्लासीफाइड**
संपर्क सूत्र : 9407279644


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक


**GANDHI P.R. COLLEGE BHOPAL**
(Minority Institution)
D-1 Danish Nagar Hoshangabad Road, Bhopal- 462026
Faculty Required for D.El.Ed. Course
H.O.D.-PG in School subject and M.Ed. at least 5 year experience of teaching in a teacher education institute.
Lectures Perspectives in Education / Science/-Humanities, Mathematics/ Language/ Fine Arts /Dance & Music etc.
Pay scale and qualifications as per Norms. Candidates should apply with in 5 days along with all testimonials.
Send your resume to email Id: principal@gandhiprcollege.com or personally at college office.

**हरिभूमि**
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R- 22/04/25 to 16/06/25 not = April 27,29 may = 4,11,12,18,25, june=1,8,15

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन:** आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह:** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या:** परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक:** धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।


**धनु:** वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## शब्द पहेली - 5848



**बाएँ से दाएँ**
1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

### शब्द पहेली -5847 का हल



## सूडोकु नवताल - 5858

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5857 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### सिंजेंटा ने उत्पादों की कार्ययोजना पेश की

**नई दिल्ली।** सिंजेंटा इंडिया ने नई दिल्ली में आयोजित बायोएग वर्ल्ड कांग्रेस में विज्ञान आधारित बायोलॉजिकल उत्पादों के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने के लिए अपनी कार्य योजना पेश की। सिंजेंटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के कंट्री हेड एवं मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील कुमार ने कहाकि खेती कई जटिल चुनौतियों का सामना कर रहा है। सुशील कुमार ने कहा कि वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में किसान कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

### टाइटन ने किया टाइटन वनम का उद्घाटन

**बेंगलुरू।** टाइटन कंपनी लिमिटेड ने तमिलनाडु के होसुर स्थित थोरापल्ली में एक व्यापक वृक्षारोपण पहल टाइटन वनम का उद्घाटन किया। जिसके तहत पहले से 45 एकड़ बंजर चरागाह पोरामबोक्कु जमीन को तकरीबन 120 से अधिक देशी प्रजातियों के साथ जंगल में बदला जा चुका है। इसका अनावरण सीके वेंकटरमन, मैनेजिंग डायरेक्टर- टाइटन, एनई श्रीधर, चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर-टाइटन, टीएमटी वीआर लथा, प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एवं सैशन जज, कृष्णागिरी, दिनेश कुमार आदि की मौजूदगी में किया गया।

### उमा एक्सपोर्ट्स ने बढ़ाई प्रसंस्करण क्षमता

**मुंबई।** उमा एक्सपोर्ट्स लिमिटेड ने नवी मुंबई में अपनी लीज पर ली गई सुविधा में पल्स निर्माण संचालन की शुरुआत की घोषणा की। नए संयंत्र ने अपनी ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरी कर ली है और अब यह पूरी तरह से संचालन में है, जिससे उत्पादन क्षमता में 36,000 एमटीपीए की वृद्धि हुई है। यह नया उद्यम पूरी तरह से आंतरिक संचित निधियों द्वारा वित्तपोषित किया गया है, जिससे कोई बाहरी निवेश की आवश्यकता नहीं है, और यह कंपनी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण से मेल खाता है।

### फोकस लाइटिंग एसओआर में शामिल

**मुंबई।** फोकस लाइटिंग एंड फिक्चर्स लिमिटेड ने गुजरात सरकार के रोड्स एंड बिल्डिंग्स विभाग के इलेक्ट्रिकल विंग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए पैनल में शामिल किया गया है। यह पैनल में शामिल किया जाना विभाग की शेड्यूल रेट समीक्षा समिति द्वारा गहन मूल्यांकन के बाद हुआ है, जिसने कंपनी की योग्यता की पुष्टि की है कि वह विभिन्न सरकारी परियोजनाओं के लिए प्रकाश समाधान प्रदान कर सकती है, पल्स लाइट टेक और टीआरआईएक्स ब्रांड के अंतर्गत प्रस्तुत उत्पादों में इनडोर और आउटडोर दोनों प्रकार की लाइटिंग फिटिंग्स शामिल हैं।

### मोस्ट का 'डिसीज्ड ऑर्गन और टिशू डोनेशन' शुरु

**कोलकाता।** मणिपाल ऑर्गन शेयरिंग एंड ट्रांसप्लांट (मोस्ट ) ने मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में 'डिसीज्ड ऑर्गन और टिशू डोनेशन' के पूर्वी भारत चैप्टर का शुभारंभ किया। जिनमें प्रो. मणिमय बंद्योपाध्याय, निदेशक, रीजनल ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन एवं निदेशक, आईपीजीएमईआर, प्रो. अनिरुद्ध नेओगी,सोट्टो नोडल ऑफिसर – स्वास्थ्य भवन, प्रो. देबांसु सरकार, जॉइंट डायरेक्टर रोट्ट और डॉ. अयनाभ देबगुप्ता, रीजनल सीओओ, मणिपाल हॉस्पिटल्स – ईस्ट शामिल थे।

### च्वॉइस इंटरनेशनल की आय 922 करोड़ पहुंची

**मुंबई।** च्वॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष और चौथी तिमाही के लिए अपने मजबूत वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने साल-दर-साल 21 फीसदी की वृद्धि के साथ कुल 922 करोड़ रुपए की आय दर्ज की, जो पिछले वर्ष 759 करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय 255 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 216 करोड़ रुपए थी, जिसमें 18 फीसदी की वृद्धि देखी गई। एबिटडा इस तिमाही में 98 करोड़ रुपए रहा।

# कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की वैश्विक रैंकिंग में शामिल

## न्यूजवीक एवं स्टेटिस्टा ने 30 देशों के 2,445 अस्पतालों का मूल्यांकन किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, मुंबई को 2025 के विश्व के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की प्रतिष्ठित सूची में स्थान मिला है। न्यूजवीक द्वारा स्टेटिस्टा के सहयोग से यह सूची बनाई गयी है। हॉस्पिटल की क्लिनिकल उत्कृष्टता, तकनीकी श्रेष्ठता और मरीज-केंद्रित दृष्टिकोण के लिए यह एक महत्वपूर्ण मान्यता है। न्यूजवीक एवं स्टेटिस्टा ने 30 देशों के 2,445 अस्पतालों का मूल्यांकन किया। यह मान्यता विश्व मंच पर अस्पताल के स्थान का संकेत है क्योंकि यह अस्पताल आधुनिक उपचार, वैयक्तिकरण और मरीt-प्रथम देखभाल के माध्यम से दुनिया में सर्वश्रेष्ठ के अनुरूप स्वास्थ्य सेवा मानकों को फिर से परिभाषित करना जारी रखता है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इनस्टिट्यूट भारत में सर्वश्रेष्ठ रैंक वाले अस्पतालों में से एक है।




### देखभाल और सुरक्षा वैश्विक मानदंडों के अनुरूप

विश्व के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की रैंकिंग एक अत्यधिक विश्वसनीय और सम्मानित वैश्विक मूल्यांकन है जो क्लिनिकल प्रदर्शन, मरीजों को मिलने वाले अनुभव, अस्पताल की गुणवत्ता संकेतक और मेडिकल पेशेवरों के एक वैश्विक पैनल से इनपुट सहित कई महत्वपूर्ण मापदंडों पर अस्पतालों का मूल्यांकन करता है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल को इस खास सूची में शामिल किया जाना, देखभाल और सुरक्षा में वैश्विक मानदंडों के साथ उनकी अनुरूपता को दर्शाता है। यह सम्मान अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों, विशेषज्ञों और सहायक कर्मचारियों की समर्पित टीम के प्रयासों की वजह से हासिल हुआ है, जो साथ मिलकर करुणा, आधुनिक उपचार और क्लिनिकल सटीकता की संस्कृति को बनाए रखते हैं। अस्पताल की विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधाएं, आधुनिक तकनीक, एक मजबूत पूर्णकालिक विशेषज्ञ प्रणाली और मल्टी-डिसिप्लिनरी देखभाल के साथ-साथ डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफार्म, एआई-संचालित डायग्नोस्टिक्स और न्यूनतम इनवेसिव इलाज जैसी उन्नत तकनीकों का एकीकरण मरीजों की देखभाल की नयी परिभाषा रच रहा है।

### विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में पहचान

*कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं सीईओ डॉ. संतोष शेट्टी ने कहाकि भारत और विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में से एक के रूप में पहचाना जाना हमारी सहानुभूति और मरीज-प्रथम देखभाल की संस्कृति का एक सम्मान है। यह सम्मान स्वास्थ्य सेवा वितरण में नए मानक स्थापित करने और हमारे द्वारा देखभाल किए जाने वाले हर मरीज के जीवन को बेहतर बनाने के हमारे दृष्टिकोण को पुष्ट करता है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की रैंकिंग उच्चतम गुणवत्ता वाली मेडिकल देखभाल चाहने वाले मरीजों के लिए एक विश्वसनीय ग्लोबल रेफरेंस मानी जाती है। इस सूची में कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल की उपस्थिति न केवल भारत में बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा डेस्टिनेशन के रूप में इसकी प्रतिष्ठा को पुष्टि करती है।*

# अडाणी पोर्ट्स के एनक्यूएक्सटी के अधिग्रहण को फिच रेटिंग्स ने सकारात्मक कदम माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

फिच रेटिंग्स ने अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के ऑस्ट्रेलिया में नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल के अधिग्रहण को क्रेडिट न्यूट्रल बताया है।



अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने इसके सकारात्मक रणनीतिक प्रभाव पर प्रकाश डाला। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी का मानना है कि यह अधिग्रहण एपीएसईजेड के अंतरराष्ट्रीय विविधीकरण के प्रयासों को बल देगा, जो कंपनी के लिए एक प्रमुख दीर्घकालिक लक्ष्य है। इस अधिग्रहण की जानकारी 17 अप्रैल, 2025 को दी गई थी।

अधिग्रहण के तहत एपीएसईजेड, नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल (एनक्यूएक्सटी) के मौजूदा शेयरधारकों को नए इक्विटी शेयर जारी करेगा, जो एपीएसईजेड के समान ही प्रमोटर समूह से जुड़ा है। यह सौदा विनियामक और शेयरधारक अप्रूवल के अधीन है। फिच को उम्मीद है कि अधिग्रहण से एपीएसईजेड की वित्तीय स्थिरता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और इसका ग्रॉस लेवरेज वित्त वर्ष 2026 से वित्त वर्ष 2029 में लगभग 3 गुना रहने का अनुमान है। इस लेन-देन से कंपनी के वैश्विक ईबीआईटीडीए योगदान में 4 प्रतिशत से 10 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है, जो इसकी वैश्विक विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### अधिग्रहण से एपीएसईजेड के कार्गो मिक्स में कोयले की हिस्सेदारी बढ़ेगी

*इसके अलावा, अधिग्रहण से एपीएसईजेड के कार्गो मिक्स में कोयले की हिस्सेदारी बढ़ जाएगी, हालांकि, कंटेनर में पैक और अन्य गैर-कोयला सेगमेंट में मजबूत वृद्धि के कारण समय के साथ इसमें कमी आने की उम्मीद है। परिचालन को लेकर एनक्यूएक्सटी पर प्रभाव न्यूनतम होने की उम्मीद है, क्योंकि एपीएसईजेड पहले से ही टर्मिनल का संचालन करता है। 35 मिलियन टन के वार्षिक कोयला प्रवाह और 70 प्रतिशत की वर्तमान उपयोग दर वाले इस टर्मिनल को मध्यम अवधि में सीमित पूंजीगत व्यय की आवश्यकता है। इसके अलावा, लंबी अवधि के टेक-या-पे अनुबंध और 85 वर्षों की शेष लीज अवधि एपीएसईजेड के लिए मजबूत नकदी प्रवाह दृश्यता प्रदान करती है। अधिग्रहण से कुछ रिफाइनेंसिंग जोखिम भी होता है, क्योंकि एनक्यूएक्सटी के पास 2030 तक कोई डेट मैच्योरिटी नहीं है। इसके मौजूदा डेट स्ट्रक्चर में अतिरिक्त उधार पर प्रतिबंध और नियंत्रित नकदी बहिर्वाह जैसी विशेषताएं शामिल हैं, जो वित्तीय अनुशासन को सुनिश्चित करने में मददगार बनती हैं।*

व्यापारियों ने शक्कर ड्राइफ्रूट समेत कई जरूरत सामान पर लगाई रोक

# व्यापारी बोले व्यापार नहीं देश पहले, पाकिस्तान का बहिष्कार

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

पहलगाम हमले के बाद भारत पाकिस्तान पर एक के बाद एक कड़े फैसले लेने की तैयारी में है। वहीं मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और आर्थिक राजधानी इंदौर के व्यापारियों ने भी पाकिस्तान का बहिष्कार शुरू कर दिया है। इंदौर के थोक ड्राई फ्रूट व्यापारियों ने एक्सपोर्ट पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। व्यापारियों ने बताया कि इंदौर से 50 से 100 करोड़ रुपए का ड्राइ फ्रूट, शक्कर व अन्य किराना सामग्री पाकिस्तान निर्यात होती है जिसे अब रोक दिया है।

व्यापारियों के अनुसार जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 बेगुनाह लोगों की हत्या को लेकर देशभर में जबरदस्त आक्रोश है। गोलीबारी में इंदौर के रहने वाले सुशील कुमार नथानियाल की भी मौत हो गई। वहीं उनकी बेटी को भी पैर में गोली लगी। इसके बाद से ही पूरे इंदौर शहर और खासतौर पर व्यापारिक क्षेत्र में काफी आक्रोश है।



### काजू, अखरोट और बादाम का निर्यात

उत्पादों पर रोक लगाने का फैसला ड्राई फ्रूट मार्केट श्री मारोठिया बाजार व्यापारी एसोसिएशन ने लिया है। संगठन के अध्यक्ष विशाल शर्मा के मुताबिक 5 करोड़ रुपए से ज्यादा का ड्राय फ्रूट तो केवल हमारे यहां से ही जाता है, पूरे इंदौर से करोड़ों का माल भेजा जाता है। मारोठिया बाजार से हर महीने करीब 50 से 100 करोड़ रुपए का व्यापार होता है, जिसके तहत पाकिस्तान के लिए शक्कर, काजू, अखरोट और बादाम का निर्यात होता है।

### हर जरूरत की चीज पर रोक लगाई जाएगी

*जब देश के किसी शहर के बाजार ने सीधे तौर पर अपने यहां आने वाला माल पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया है तो यहां से सप्लाई की जाने वाली हर जरूरत की चीज पर रोक लगाई जाएगी। पुलवामा हमले के बाद भी भारत सरकार ने पाकिस्तान इंपोर्ट की जाने वाली खजूर पर 200 फीसदी ड्यूटी लगाई थी। इसके बाद भारी भरकम ड्यूटी से बचने के लिए खाड़ी देशों के रास्ते इंदौर में पाकिस्तानी खजूर (खारक) पहुंच रही थी।*

बेहतर ताकत, स्थायित्व और पर्यावरण-मित्रता का दावा

# ओलेक्ट्रा ने बेहतर कंक्रीट सुदृढ़ीकरण के लिए क्रांतिकारी जीएफआरपी रीबार को लांच किया

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों में अग्रणी ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने प्रतिष्ठित एमईआईएल बजट मीट में अपने ग्राउंडब्रेकिंग ग्लास फाइबर रीइन्फोर्स्ड पॉलीमर (जीएफआरपी) रीबार का अनावरण किया है।

यह अभिनव उत्पाद कंक्रीट सुदृढ़ीकरण प्रौद्योगिकी में एक महत्वपूर्ण उन्नति का प्रतिनिधित्व करता है, जो बेहतर ताकत, स्थायित्व और पर्यावरण-मित्रता का दावा करता है। जीएफआरपी रीबार का उद्घाटन एमईआईएल के प्रबंध निदेशक पीवी कृष्ण रेड्डी ने ओलेक्ट्रा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, केवी प्रदीप औरएमईआईएल समूह के निदेशकों, सीएच सुब्बैया और बी. श्रीनिवास रेड्डी के साथ किया।




### देश के सबसे बड़े सिलिकॉन रबर, कम्पोजिट इंसुलेटर निर्माताओं में से एक

ओलेक्ट्रा का जीएफआरपी रीबार समुद्री संरचनाओं, फुटपाथों, पुल डेक, औद्योगिक फर्श, प्रीकास्ट तत्वों, सबस्टेशन सिविल संरचनाओं और जल निकासी प्रणालियों सहित विभिन्न अनुप्रयोगों में कंक्रीट सुदृढ़ीकरण को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। अकेले 2024 में भारत में लगभग 50 मिलियन टन टीएमटी स्टील रीबार की खपत के साथ, ओलेक्ट्रा का उन्नत जीएफआरपी रीबार आधुनिक बुनियादी ढांचे की मांगों को पूरा करने के लिए एक मजबूत और टिकाऊ समाधान प्रस्तुत करता है। 2000 में स्थापित, ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड (एक सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध इकाई) और एमईआईएल समूह का हिस्सा ने 2015 में भारत में इलेक्ट्रिक बसों की शुरूआत का बीड़ा उठाया और यह बिजली पारेषण प्रणालियों के लिए सिलिकॉन रबर/कम्पोजिट इंसुलेटर के देश के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक है।

### जीएफआरपी रीबार लागत बचत के साथ संरचनाओं के जीवनकाल को भी बढ़ाता

*ईसीआर ग्लास और एपॉक्सी रेजिन का उपयोग करके तैयार किया गया, ओलेक्ट्रा का जीएफआरपी रीबार पारंपरिक स्टील सुदृढ़ीकरण पर उल्लेखनीय लाभ प्रदान करता है, जो 950-1100 एमपीए की अंतिम तन्य शक्ति प्राप्त करता है - स्टील से लगभग दोगुना। इसके अतिरिक्त, यह लगभग चार गुना हल्का है, जिससे आसान हैंडलिंग और परिवहन की सुविधा मिलती है। इसकी गैर-संक्षारक, गैर-चुंबकीय, गैर-प्रवाहकीय और जल प्रतिरोधी विशेषताएं इसे विशेष रूप से मांग वाले वातावरण के लिए उपयुक्त बनाती हैं। जीएफआरपी रीबार न केवल लागत बचत और कम रखरखाव में योगदान देता है बल्कि संरचनाओं के जीवनकाल को भी बढ़ाता है।*

## बिजनेस न्यूज

### भाभा यूनिवर्सिटी में नि:शुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन




**भोपाल।** भाभा विश्व विद्यालय विधि विभाग की फैकल्टी एवं छात्रों द्वारा आम जनमानस को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने और नि:शुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से भीम राव नगर जाट खेड़ी, भोपाल में एक लीगल एड कैंप (विधिक सहायता शिविर) का आयोजन किया गया। यह शिविर विधि विभाग सहायक प्राध्यापक रवि रंजन के निर्देशन में आयोजित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कानून की जानकारी और नि:शुल्क कानूनी सहायता हर नागरिक का अधिकार है। इस तरह के शिविर समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। शिविर में अधिवक्ताओं की एक टीम ने लोगों की विभिन्न कानूनी समस्याओं जैसे संपत्ति विवाद, पारिवारिक मामलों, श्रमिक अधिकार, घरेलू हिंसा, वरिष्ठ नागरिकों से जुड़ी समस्याओं एवं संवैधानिक मूल अधिकारों पर जानकारी एवं सलाह दी। शिविर में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया और अधिकांश लोगों को मौके पर ही विधिक सलाह प्रदान की गई, जो कि पूर्व में भी भाभा विश्व विद्यालय विधि विभाग द्वारा प्रदान की जाती रही है। विधि विभाग अधिष्ठाता डॉ.शैलेंद्र मोदी ने बताया कि भविष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से आगे भी इस तरह के शिविरों का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित हो सके।

### एलआईसी ने पीड़ितों के लिए बढ़ाया मदद का हाथ




**भोपाल।** कश्मीर के पहलगाम में हुए दर्दनाक आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। इस भयावह घटना पर भारतीय जीवन बीमा निगम ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए बीमा दावों की प्रक्रिया को आसान और तेज करने का ऐलान किया है। एलआईसी ने स्पष्ट किया है कि वो प्रभावित परिवारों को शीघ्र वित्तीय राहत देने के लिए दावों के निपटान में पूरी तत्परता दिखाएगी। कंपनी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि दावेदारों की परेशानी को कम करने के लिए कई रियायतें लागू की गई हैं। अब बीमा दावे के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र की अनिवार्यता नहीं रहेगी। उसकी जगह सरकार द्वारा जारी मुआवजे से संबंधित कोई भी सरकारी रिकॉर्ड, जिसमें पॉलिसीधारक की मौत की पुष्टि हो, मृत्यु प्रमाण के रूप में मान्य होगा। दावेदार एलआईसीकी निकटतम शाखा, प्रभाग या ग्राहक सेवा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा सहायता के लिए एलआईसी की हेल्पलाइन 022-68276827 पर कॉल किया जा सकता है।

### स्कोडा ऑटो के सफल 25 साल पूरे, मार्च में 7,422 गाड़ियां बेचीं




**मुंबई।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में सफलतापूर्वक 25 साल पूरे कर लिए हैं और यह देश में उनके नए दौर की शुरुआत को दिखाता है। कंपनी ने भारत में अपने 25 साल के इतिहास में रिकॉर्डतोड़ बिक्री की उपलब्धि हासिल की है। मार्च 2025 में स्कोडा ऑटो इंडिया ने 7,422 गाड़ियां बेचीं, जो भारत में इस ब्रांड की अब तक की किसी एक महीने में बिक्री की सबसे बड़ी संख्या है। यह सफलता उनकी नई कायलाक एसयूवी के लॉन्च और रणवीर सिंह को कंपनी का पहला ब्रांड सुपरस्टार बनाने के तुरंत बाद मिली है, जिससे लोगों के बीच जागरूकता और पसंद बढ़ी है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर पेट्र जैनेबा ने बिक्री के इस रिकॉर्ड के बारे में कहा कि जब हमने नई कायलाक लांच की थी, तो हमने कहा था कि भारत में हमारी कंपनी का 'नया दौर' शुरू हो रहा है। मार्च 2025 में हमने 7,422 गाड़ियां बेचीं, जो दिखाती हैं कि हमारी योजना सही दिशा में जा रही है। यह हमारी लगातार मेहनत और उस योजना का नतीजा है, जिसके तहत हम भारतीय सड़कों पर अच्छी यूरोपीय तकनीक वाली गाड़ियां लाना चाहते हैं। ग्राहकों ने बताया है कि कायलाक बहुत अच्छी गाड़ी है।

### पीएनबी ने की रिटेल ऋण कैंपेन 'पीएनबी निर्माण 2025' की घोषणा




**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने 20 जून 2025 तक अपने विशेष संस्करण रिटेल ऋण कैंपेन पीएनबी निर्माण 2025 की घोषणा की है। यह अभियान सभी पीएनबी शाखाओं के साथ-साथ इसके डिजिटल प्लेटफॉर्म - पीएनबी वन एप और आधिकारिक वेबसाइट. के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।इस पहल के अंतर्गत पीएनबी गृह और कार ऋणों के लिए जीरो प्रोसेसिंग और डाक्यूमेंटेशन शुल्क, जैसे विशेष लाभ प्रदान कर रहा है, साथ ही एक निर्दिष्ट राशि से अधिक के गृह ऋण अधिग्रहण के लिए नि:शुल्क एनईसी, कानूनी और मूल्यांकन भी दे रहा है। पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने कहा कि पीएनबी में, हम ग्राहकों को उनकी गृह और कार स्वामित्व की यात्रा को सरल बनाने वाले खास वित्तीय समाधानों के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 'पीएनबी निर्माण 2025' के साथ, हमारा लक्ष्य अपने मूल्यवान ग्राहकों के लिए वित्तपोषण की प्रक्रिया को सरल और तेज करना है। इन लाभों के अलावा, इस अभियान में लागू नियमों और शर्तों के अधीन, गृह, कार और शिक्षा ऋणों पर 5 आधार अंकों (बीपीएस) की ब्याज दर रियायत भी शामिल है।

### टेक महिंद्रा का चौथी तिमाही में मुनाफा 77 फीसदी बढ़ा




**मुंबई।** आईटी कंपनी टेक महिंद्रा को चौथी तिमाही में 1,167 करोड़ रुपए का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट (मुनाफा) हुआ है। ये पिछले साल की तुलना में 77 फीसदी बढ़ा है। कंपनी की कुल कमाई यानी टोटल इनकम 13,556 करोड़ रुपए रही। ये पिछले साल की तुलना में 2.35 फीसदी ज्यादा है। कंपनी की इस कमाई में ऑपरेशन से रेवेन्यू सालाना आधार पर 13,384 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल से 3.98 फीसदी बढ़ा है। वहीं जनवरी से मार्च तिमाही में कंपनी का टोटल खर्च 12,091 करोड़ रुपए रहा और उसने टोटल 3,223 करोड़ रुपए का टैक्स चुकाया है। टेक महिंद्रा ने जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। कंपनी के बोर्ड ने शेयरधारकों को प्रति शेयर 30 रुपए के फाइनल डिविडेंड (लाभांश) को भी मंजूरी दी है। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे डिविडेंड कहते हैं। बाजार के जानकारों को उम्मीद थी कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में टेक महिंद्रा का मुनाफा 1,084 करोड़ रुपए होगा। इस हिसाब से देखा जाए तो कंपनी ने मार्केट विश्लेषकों की उम्मीद से बेहतर परफॉर्म किया है।

### स्कूटर बन रहे हैं ज्यादा सुरक्षित, स्मार्ट और कनेक्टेड: एथर



**नई दिल्ली।** पिछले सालों में वाहनों में काफी विकास हुआ है। राईड के अनुभव को बेहतर बनाने में टेक्नोलॉजी की एक अहम भूमिका रही है। जबरदस्त टेक्नोलॉजी फीचर्स की शुरुआत सबसे पहले कारों में हुई, जो अब तेजी से इलेक्ट्रिक स्कूटर्स में भी पेश किए जा रहे हैं। इन फीचर्स ने राईड को ज्यादा सुविधाजनक, सुरक्षित और कनेक्टेड बना दिया है। बैंगलुरू स्थित इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता, एथर एनर्जी उन पहली कंपनियों में से एक है, जिन्होंने अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर्स में डैशबोर्ड पर नैविगेशन जैसे सॉफ्टवेयर फीचर्स देना शुरू किया। एथर ने अपने इन-हाउस टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, एथरस्टैक का विकास किया। यह एक सॉफ्टवेयर सिस्टम है, जो स्कूटर के डैशबोर्ड से लेकर मोबाईल ऐप और चार्जिंग अनुभव तक हर चीज संभव बनाता है।

ई-फाइलिंग अनिवार्य, हाइब्रिड सुनवाई का प्रावधान

# जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों के लिए नए नियम नोटिफाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने जीएसटी न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) से जुड़े नियम अधिसूचित किए हैं। नए नियमों में आवेदनों की अनिवार्य ई-फाइलिंग और हाइब्रिड मोड में सुनवाई का प्रावधान किया गया है।

नियमों में यह भी प्रावधान है कि यदि आवेदक का आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण है तो दोपहर 12 बजे से पहले आवेदक की ओर से दायर किया गया कोई भी अत्यावश्यक मामला अगले कार्य दिवस पर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। अपवाद वाले मामलों में अपीलीय न्यायाधिकरण या राष्ट्रपति की विशिष्ट अनुमति से, आवेदन को अगले दिन सूचीबद्ध करने के लिए दोपहर 12 बजे के बाद, लेकिन अपराह्न 3 बजे से पहले प्राप्त किया जा सकता है। जीएसटी से संबंधित विवादों को सुलझाने के लिए महत्वपूर्ण निकाय जीएसटीएटी की पीठें राष्ट्रपति के आदेश के अधीन, सुबह 10:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक और दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक बैठेंगी। वस्तु व सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण नियम, 2025 के अनुसार अपीलीय न्यायाधिकरण के प्रशासनिक कार्यालय सभी कार्य दिवसों में प्रातः 9:30 बजे से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे।

**पश्चिम मध्य रेल**
इंजीनियरिंग शाखा
**खुली ई निविदा सूचना दिनांकः 24.04.2025**
उप मुख्य अभियंता/पुल/लाईन पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:30 बजे तक ई–टेण्डर आमंत्रित करते है। जो उसी दिनांक को 15:30 बजे खोली जाएगी। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, एवं उप मुख्य अभियंता/पुल/लाईन पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेण्डर के लिए कोई भी मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। तथा ऐसा कोई मैन्युअल ऑफ प्राप्त होता है, तो भी वह मान्य नही किया जावेगा। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेंडर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **निविदा संख्या–** DyCE-Br-L-BPI-OT-05-2025 दिनांक 23.04.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** भोपाल मंडल के Br. No.784/2 Middle line (3x18.3M span), Basana Br. No. 803/1 Middle line (5x12.2M span), Jakhala Br. No. 807 /1 Middle line (4x12.2M span), Betwa Br. No. 811/1 Middle line (5x12.2M span), Newan Br No. 902/1 DN line (8x18.3M span), Newan Br. No. 902/1 Middle line (8x18.3M span), Keotan Br. No. 945/1 Middle line (5x30.5M span) and Chhota Betwa Br. No. 887 /1 DN line (1x22.86M span) of BPL division का इंस्ट्रूमेंटेशन,, **निविदा का अनुमानित लागत–** रू.–47960000.00, **बयाना राशि–** 389800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.– 0.00, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि–** 16.05.2025
उप मुख्य अभियंता (पुल) लाईन
पश्चिम मध्य रेल, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय छावनी परिषद पचमढ़ी**
क्र.62/एस. आई/231 दिनांक - 25/04/2025
// ई-टेण्डर //
छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा टेक्ट्रर मय सूपा सहित, ट्रेक्टर हाईड्रोलिक ट्राली सहित, डम्पर 400 क्यूबिक फीट क्षमता वाला (मय डाईवर एवं डीजल खर्च सहित) आवश्यकतानुसार 01 वर्ष हेतु समय-समय पर किराये पर लेने हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी छावनी परिषद की वेबसाइट www.pachmarhi.cantt.gov.in एवं defe-procurement पोर्टल पर प्राप्त की जा सकती है।
राहुल गजभिये, भा.र.सं.से.
मुख्य अधिशासी अधिकारी
छावनी परिषद पचमढ़ी

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सारनी (म.प्र.)**
Phone& fax No. 07146-256400, Email cmosarni@mpurban.gov.in
क्रमांक/लोनिवि/ई टेण्डर-03/2025/59 सारणी दिनांक 07/04/2025
:: ई-निविदा सूचना ::
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_415415_1 07.04.2025 | Providing & fixing of Tiles/Stone with cement concrete & adhesive complete (SQM):- 01- Kota Stone, 02- Marble Stone, 03- Granite Stone, 04-Flag stone, 05-Accupressure Tiles. | 1. वर्षा में आवश्यकतानुसार 2. 25.00 लाख | 1. 5000.00 2. 18750.00 | 17.05.2025 |

टीपः निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सारनी

## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ हो वैश्विक एक्शन का ऐलान

आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है, केवल सामूहिक निंदा से बात नहीं बनेगी। पहलगाम में जिस बर्बरता से टार्गेटेड आतंकी हमला हुआ है और बेकसूर सैलानियों को सिर में गोली मारकर मौत के घाट उतारा गया है, वह बिना सुनियोजित साजिश व ट्रेनिंग संभव ही नहीं है। हमलावर आतंकवादी फौजी तरीके से प्रशिक्षित थे और अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। प्रारंभिक जांच में पहलगाम आतंकी हमले की साजिश के तार पाकिस्तान से जुड़ते दिख रहे हैं, अतीत में अनेक आतंकी हमलों में पाकिस्तान का हाथ रहा है। भारत ने विश्व के सामने आतंकवाद के प्रायोजक पाकिस्तान की संलिप्तता के सबूत अनेक बार दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका व यूरोप ने अनेक पाक आतंकी को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कर रखा है, वे आज भी पाक में हैं। फ्रांस स्थित एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) ने टेरर फंडिंग को लेकर पाकिस्तान को कई बार ब्लैकलिस्ट किया है व ग्रे लिस्ट में डाला है। इसलिए दुनिया के सामने साफ है कि दुनिया में कौन देश आतंकवाद को पाल-पोस रहा है, कौन भारत के खिलाफ आतंकवाद कर रहा है? संयुक्त राष्ट्र ने देर से ही सही पर यथार्थ कहा है कि विश्व को पहलगाम जैसे आतंकवाद की सार्वजनिक रूप से निंदा करनी चाहिए और नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है। लेकिन बड़ा सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवाद के वैश्विक रूप को स्वीकार करने में ही बहुत देर की, यहां तक कि इसे परिभाषित तक नहीं कर सका है। संयुक्त राष्ट्र ने तब तक आतंकवाद को ग्लोबल खतरा नहीं माना जब तक कि अमेरिका में 9/11 नहीं हो गया व यूरोप अनेक बार लहूलुहान नहीं हो गया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि 'भारत और पाकिस्तान के बीच की स्थिति पर 'बहुत बारीकी से और बहुत चिंता के साथ' नजर रख रहे हैं। इस तरह के बयान से साफ है कि आतंकवाद पर यूएन के रुख में अभी भी स्पष्टता नहीं है। वह पाकिस्तान की गतिविधियों को करीब से नहीं देख रहा है। असल में संयुक्त राष्ट्र अगर आतंकवाद के वैश्विक खतरे के प्रति सजग है, तो इस वैश्विक संस्था को चाहिए कि वह दहशतगर्द में लिप्त देश को आतंकवादी देश घोषित करे। इजराइल ने हमास के आतंकवाद को झेला और दुनिया ने देखा कि किस तरह से हमास के आतंकियों ने बेकसूर इजराइलियों की हत्या की, ठीक पहलगाम में आतंकी हमले की तरह। उस वक्त भी संयुक्त राष्ट्र ने एक वैश्विक संस्था के नाते आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का सार्वजनिक आह्वान नहीं किया। इजराइल ईरान प्रायोजित आतंकवाद हमास, हिजबुल्ला और हूती के हमलों का सामना लंबे समय से कर रहा है। विश्व में इस्लामिक स्टेट, अलकायदा, अल शबाब, हमास, हूती, हिजबुल्ला, तालिबान, टीटीपी, हिज्बुल, लश्कर, जैश जैसे सैकड़ों आतंकी गुट हैं, जिनके बारे में व्यापक जानकारी संयुक्त राष्ट्र के सामने है, लेकिन इन टेरर गुटों के खात्मे के लिए यूएन की तरफ से कभी भी सामूहिक आह्वान देखने को नहीं मिला है। यह वक्त आंसू बहाने या सहानुभूति जताने का नहीं है, आतंकवाद व आतंकी गुटों के खिलाफ वैश्विक एक्शन का है। इसमें संयुक्त राष्ट्र को अगुवाई करना चाहिए। अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस जैसे ताकतवर देशों को यूएन की छतरी के नीचे आतंकवाद के खात्मे के लिए एक मंच पर आना चाहिए। भारत आतंकवाद के खिलाफ मुस्तैदी से लड़ रहा है, पहलगाम हमले के गुनहगारों व साजिशकर्ताओं को नहीं बख्शेगा।




प्रतिक्रिया
अरविंद जयतिलक

# सिंधु जल संधि पर भारत का कड़ा रुख

गौर करें तो 1960 के सिंधु जल समझौते के तहत भारत अपने हिस्से का पूरा पानी इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है। भारत जब भी अपने हिस्से का जल इस्तेमाल करने की कोशिश करता है, पाकिस्तान रुकावट पैदा करने की कोशिश करता है। याद होगा वर्ष 2015 में पाकिस्तान ने भारत की किशनगंगा और पन बिजली परियोजनाओं को लेकर कड़ी आपत्ति जतायी थी और आपत्तियों को मध्यस्तता अदालत में ले जाने का प्रस्ताव किया था। अब भारत का स्पष्ट रुख है कि पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को प्रश्रय देने से बाज नहीं आता है तब तक उसे भारत सिंधु जल समझौते के स्थगित होने का दर्द सहना पड़ेगा।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले के तुरंत बाद भारत ने पाकिस्तान पर शिकंजा कसते हुए 1960 की सिंधु जल संधि को तुरंत प्रभाव से स्थगित कर दिया है। भारत का यह कड़ा रुख इसलिए भी आवश्यक था कि आतंकवाद को प्रश्रय देने के मामले में पाकिस्तान अपने रुख से बाज आने को तैयार नहीं है। वैसे भी गौर करें तो 1960 के सिंधु जल समझौते के तहत भारत अपने हिस्से का पूरा पानी इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है। भारत जब भी अपने हिस्से का जल इस्तेमाल करने की कोशिश करता है, पाकिस्तान रुकावट पैदा करने की कोशिश करता है। याद होगा वर्ष 2015 में पाकिस्तान ने भारत की किशनगंगा और पन बिजली परियोजनाओं को लेकर कड़ी आपत्ति जतायी थी और आपत्तियों को मध्यस्तता अदालत में ले जाने का प्रस्ताव किया था। अब भारत का स्पष्ट रुख है कि पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को प्रश्रय देने से बाज नहीं आता है तब तक उसे भारत सिंधु जल समझौते के स्थगित होने का दर्द सहना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि सिंधु जल समझौते के मुताबिक सतलुज, ब्यास और रावी नदी का पानी भारत को मिला है जबकि चेनाव, झेलम और सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान के हिस्से में है। इन नदियों के कुल 16.8 करोड़ एकड़-फुट पानी में से भारत को उसके लिए आवंटित तीनों नदियों से 3.3 करोड़ एकड़-फुट पानी मिलता है, जो कुल जल का 20 प्रतिशत है। भारत अपने हिस्से का करीब 93-94 प्रतिशत पानी उपयोग करता है और शेष पानी बहकर पाकिस्तान में चला जाता है। भारत अपने हिस्से के जल का इस्तेमाल करने के लिए पंजाब के शाहपुर कांडी बांध परियोजना, सतलुज-ब्यास की दूसरी लिंक परियोजना और जम्मू-कश्मीर में प्रस्तावित उज्ज बांध परियोजना को जल्द पूरा करने की कोशिश में है। अगर ये तीन परियोजनाएं पूरी हो जाती हैं तो भारत अपने हिस्से के जल का पूरा उपयोग करने लगेगा और पाकिस्तान को अतिरिक्त जल मिलना मुश्किल हो जाएगा। सिंधु दुनिया की सबसे बड़ी नदियों में से है और इसकी लंबाई तकरीबन 3000 किलोमीटर से भी अधिक है। पाकिस्तान ने सिंचाई एवं अन्य कार्यों में जल के उपयोग के लिए इस पर कई बांध बना रखे हैं जिससे बड़े पैमाने पर बिजली का उत्पादन होता है। पाकिस्तान की 2.6 करोड़ एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई इन नदियों के जल पर ही निर्भर है। सिंधु जल संधि सद्भावना पर आधारित है। यह जल संधि आधुनिक विश्व के इतिहास का सबसे उदार जल बंटवारा संधि है और यह भारत के उदार रवैए के कारण ही संभव हुआ। जानना जरूरी है कि विश्व बैंक की मध्यस्थता से ही 19 सितंबर 1960 को भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि को आकार दिया गया। सिंधु जल संधि समझने के लिए दो बातों पर विशेष ध्यान देना होगा। एक, यह कि सिंधु नदियों की व्यवस्था राजनीतिक विभाजन की दृष्टि से नहीं बनायी गयी थी। इसीलिए भौगोलिक दृष्टि से विभाजन के उपरांत पाकिस्तान को 18 मिलियन एकड़ भूमि सिंचाई योग्य मिली और भारत को 5 मिलियन एकड़ सिंचाई वाली भूमि उपलब्ध हुई। तब सिंधु नदी क्षेत्र में भारत की 20 मिलियन जनसंख्या रहती थी जबकि पाकिस्तान की इस प्रकार की आबादी 22 मिलियन थी। दूसरा, यह कि इस सिंधु नदी क्षेत्र में कुल




सात नदियां सम्मिलित थी जिसमें से सिंधु स्वयं पश्चिम में थी तथा काबुल एवं उसकी पांच सहायक नदियां-झेलम, चिनाब, रावी, सतलुज और व्यास पूर्व में स्थित थी। इनमें से काबुल को छोड़ सिंधु, झेलम और चिनाब मुख्य रूप से पाकिस्तान में बहती हैं तथा ये सिंधु क्षेत्र में लगभग 80 फीसद पानी को बहा ले जाती हैं। दूसरी ओर रावी व सतलुज मुख्य रूप से तथा ब्यास पूर्ण रूप से भारत में बहती हैं। संधि के मुताबिक भारत को इन छह नदियों का 80 फीसद जल पाकिस्तान को देना पड़ता है जबकि भारत के हिस्से में सिर्फ 19.48 फीसद पानी आता है। उल्लेखनीय है कि पंजाब के राजनीतिक विभाजन के कारण नहरी पानी विवाद सतह पर उभरा। यह विवाद 1 अप्रैल, 1948 को तब उभरा जब भारत के पंजाब प्रांत को सरकार ने पानी की रकम अदायगी न करने के कारण पाकिस्तान जाने वाला पानी रोक दिया। परंतु दोनों सरकारों ने इसे कानूनी मुद्दा न बनाते हुए द्विपक्षीय स्तर पर 4 मई, 1948 को हुए समझौते के अंतर्गत हल कर लिया। लेकिन कुछ समय बाद फिर विवाद उत्पन्न हो गया। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत उसे पानी की उचित मात्रा नहीं दे रहा है। दूसरी ओर भारत ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान अपने पंजाब प्रांत के विकास हेतु अपने साधनों के द्वारा वैकल्पिक स्रोत नहीं तलाश रहा है। यहां जानना जरूरी है कि ये नहरें आर्थिक दृष्टिकोण से उस समय बनायी गयी थी जब भारत के विभाजन का विचार किसी की सोच में नहीं था। लेकिन भारत विभाजन के उपरांत नहरों के पानी का असंतुलित विभाजन उभरकर सामने आ गया। ध्यान देना होगा कि पंजाब की पांचों नदियों में से सतलुज और रावी दोनों देशों के मध्य से बहती हैं। झेलम और चिनाब पाकिस्तान के मध्य से और व्यास पूर्णतया भारत में बहती है। किंतु भारत विभाजन के उपरांत भारत के नियंत्रण में वे तीनों मुख्यालय आ गए जिनसे दोनों देशों की नहरों को पानी की आपूर्ति की जाती थी। पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांत सिंचाई के लिए इन नहरों पर आश्रित हैं।

विभाजन के उपरांत पाकिस्तान के मन में आशंका उपजी कि भारत जब चाहे तब पानी बंद करके उसे भूखों मार सकता है। लिहाजा उसने विभाजन के बाद नहरी पानी को लेकर विवाद शुरू कर दिया। इसी संदर्भ में अमेरिका के एक विशिष्ट विशेषज्ञ डेविड लिलियेन्थल ने 1951 में भारत का दौरा करके बताया कि सिंधु नदी जल का 20 फीसद से भी कम भाग प्रयोग में लाया गया है तथा इस नदी के संग्रह क्षेत्र में से गुजरता हुआ छह नदियों का यह पानी बिना प्रयोग किए ही अरब सागर में गिर जाता है। लिहाजा उन्होंने दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए दोनों देशों को सलाह दी कि वे इस समस्या को राजनीतिक स्तर से हटाकर तकनीकी एवं व्यापारिक स्तर पर सुलझाने का प्रयास करें। इसके लिए उसने विश्व बैंक से मदद लेने की सिफारिश की। इस संदर्भ में सितंबर 1951 में विश्व बैंक के अध्यक्ष यूजीन ब्लेक ने मध्यस्थता करना स्वीकार कर लिया लेकिन पाकिस्तान ने कुछ आपत्तियां जतायी। बावजूद इसके यूजीन ब्लेक और उसके बाद मिस्टर इल्कि के सहयोग से वर्षों तक बातचीत चलने के उपरांत 19 सितंबर, 1960 को भारत और पाकिस्तान के बीच जल के सवाल पर एक समझौता हो गया। इस समझौते को सिंधु जल संधि नाम दिया गया। इस समझौते पर भारत के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु और पाकिस्तानी राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किए। 12 जनवरी 1961 को इस संधि की शर्तें लागू कर दी गयी और इस प्रकार दोनों देशों के बीच विवाद का अंत हो गया। लेकिन इस योजना के अनुसार भारत को केवल इस क्षेत्र में बहने वाले पानी का कुल 20 फीसद ही प्राप्त हुआ जो इसकी सिंचाई योग्य 26 मिलियन एकड़ भूमि के लिए पर्याप्त नहीं है। इस समझौते से भारत को नुकसान हो रहा है।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जल समझौता
मुनीष भाटिया



# सिंधु जल पर विराम, पाक प्रायोजित आतंक पर प्रहार

पहलगाम के आतंकवादी हमले में पाकिस्तान के हाथ होने के मद्देनजर भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित करने का निर्णय लिया। यह हमला, जिसमें पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों द्वारा भारतीय सुरक्षा बलों पर हमला किया गया था, भारत-पाकिस्तान संबंधों में तनाव को और बढ़ा दिया है। भारत ने पर्यटकों पर हमले को पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का एक और प्रयास माना और इसके परिणामस्वरूप, सिंधु जल समझौते के तहत पाकिस्तान को मिलने वाले जल संसाधनों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता महसूस की। इस निर्णय से भारत ने पाकिस्तान को यह संदेश दिया कि आतंकवाद और हिंसा के माध्यम से शांति की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। भारतीय सरकार ने यह स्पष्ट किया कि यदि पाकिस्तान ने अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया और शांति की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए, तो भारत को अपने जल संसाधनों के उपयोग में बदलाव करने का पूरा अधिकार है। सिंधु जल संधि भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हुई एक ऐतिहासिक जल बंटवारा संधि है, जिसे विश्व बैंक की मध्यस्थता में भारत के प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षरित किया था। यह संधि सिन्धु नदी प्रणाली की छह नदियों सिन्धु, झेलम, चिनाब, रावी, व्यास और सतलुज के जल बंटवारे से संबंधित है। संधि के अनुसार, भारत को पूर्वी नदियों (रावी, व्यास, सतलज) के जल पर पूर्ण अधिकार मिला, जबकि पाकिस्तान को पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम, चिनाब) का प्रमुख उपयोग करने का अधिकार दिया गया। सिंधु जल संधि के तहत, छह प्रमुख नदियों सिन्धु, झेलम, चिनाब, रावी, व्यास, और सतलुज के जल का बंटवारा किया गया।

संधि के अनुसार, भारत को पूर्वी नदियां (रावी, व्यास, और सतलुज) मिलीं, जो कुल जल का 62% हिस्सा हैं। इसके विपरीत, पाकिस्तान को पश्चिमी नदियाँ (सिंधु, झेलम, और चिनाब) मिलीं, जिनका कुल जल बंटवारा 38 फीसदी था। भारत को इन पश्चिमी नदियों के जल का सीमित उपयोग करने की अनुमति थी, विशेष रूप से पनबिजली परियोजनाओं और सिंचाई के लिए। यह बंटवारा दोनों देशों के बीच जल उपयोग के विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था, और यह संधि अब तक एक सफल और स्थायी जल समझौते के रूप में मानी जाती है। संधि में जल विवादों के समाधान के लिए एक स्थायी आयोग और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की व्यवस्था की गई है। सिंधु जल संधि का उल्लंघन द्विपक्षीय तनाव बढ़ा सकता है और राजनीतिक विवाद उत्पन्न कर सकता है। यदि कोई पक्ष संधि के नियमों का उल्लंघन करता है, तो दूसरे देश की जल आपूर्ति, कृषि और पनबिजली उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है, विशेषकर पाकिस्तान जैसे देश के लिए जो सिंधु नदी प्रणाली पर अत्यधिक निर्भर है। इससे अंतरराष्ट्रीय विवाद और आरोप-प्रत्यारोप बढ़ सकते हैं, और युद्ध जैसी स्थिति की धमकी तो पाकिस्तान दे ही रहा है। जब पाकिस्तान बार-बार आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देता है, तब यह सवाल उठता है कि भारत क्यों सिंधु जल संधि जैसे समझौतों का पालन करता रहे। भारत का संयम उसकी परिपक्वता, लोकतांत्रिक मूल्यों और वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है, लेकिन यह भी सच है कि पाकिस्तान को शांति की जिम्मेदारी समान रूप से निभानी होगी। भारत के पास सिंधु जल संधि के प्रावधानों की समीक्षा करने का विकल्प है, और वह पश्चिमी नदियों के जल का पूर्ण और वैध उपयोग कर सकता है, जिससे पाकिस्तान पर दबाव डाला जा सकता है। भारत की छवि केवल उसके शांतिपूर्ण रवैये से नहीं, बल्कि उसके संप्रभु हितों की रक्षा करने की क्षमता से बनती है। समय आ गया है कि भारत इस संधि की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करे कि शांति की जिम्मेदारी दोनों देशों पर समान रूप से हो, सिर्फ भारत पर नहीं। यदि भारत पश्चिमी नदियों का जल संचय करना चाहता है, तो उसे बड़े बांधों और जलाशयों का निर्माण करना होगा। इसके अलावा, पानी के वितरण के लिए नहर प्रणालियों और सुरंगों का नेटवर्क बनाना होगा। जल प्रबंधन के दौरान पर्यावरणीय प्रभावों का भी ध्यान रखना होगा। हालांकि, भारत के पास जल के लिए प्राकृतिक संसाधन हैं, लेकिन जल प्रबंधन की स्मार्ट प्रौद्योगिकियों और नदी प्रणालियों का संचालन आवश्यक होगा। इस प्रकार, भारत को जल का संतुलित और कुशल उपयोग करना होगा ताकि न केवल पानी का संचय किया जा सके, बल्कि भविष्य में जल संकट की स्थिति से भी बचाव हो सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित
दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए। माना कि साहस में गिरना भी होता है, चोट भी खानी होती है, लेकिन वही एकमात्र मार्ग है।

# महिला के शुभ कदम



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछाः केले और सेवफल क्या भाव लगाऐ है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आयी और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदारः केले 5 रु दर्जन और सेब 25 रु किलो। औरत ने कहाः जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहाः ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े देदूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोलाः यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान होजाता है।

## सटाका




## आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनाफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। **–प्रदीप साहू, भाटापारा**

## ट्रेंड

### के. कस्तूरीरंगन को नमन



वैज्ञानिक व शिक्षाविद् डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी के निधन से बहुत दुःख हुआ। बहुमुखी प्रतिभा के धनी कस्तूरीरंगन ने इसरो के प्रमुख के रूप में भारत के अंतरिक्ष मिशन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और शिक्षा, कानून और नीति निर्माण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### छात्र-छात्राओं को बधाई



10वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई! आप सभी ने अपने अथक परिश्रम, अनुशासन और दृढ निश्चय से यह सफलता प्राप्त की है।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### सर्वदलीय बैठक



शर्मनाक लेकिन अपेक्षित, पहलगाम आतंकी हमले पर सर्वदलीय बैठक में शिवसेना (उबाठा) का एक भी सांसद नहीं आया। जब देश को सुरक्षा पर एक आवाज की जरूरत है, तो रोजाना माइक पर चिल्लाने वाले अचानक चुप हो जाते हैं।
- मिलिंद देवड़ा, सांसद, शिवसेना

### हमलों से स्तब्ध



पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए हमलों से स्तब्ध और बहुत दुखी हूँ। प्रभावित परिवार एक अकल्पनीय पीड़ा से गुजर रहे होंगे - भारत और दुनिया इस अंधेरे समय में उनके साथ खड़ी है।
-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

## करंट अफेयर


# तुर्किये गैलीपोली दिवस में शामिल हुई राजकुमारी



ब्रिटेन की राजकुमारी ऐन, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और ऑस्ट्रेलिया की गवर्नर–जनरल सामंथा जॉय मोस्टिन ने 110 साल पहले अपनी जान गंवाने वाले ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के सैनिकों को प्रथम विश्व युद्ध के युद्धक्षेत्रों के निकट तुर्किये के गैलीपोली प्रायद्वीप में श्रद्धांजलि दी। यह सभा एक समुद्र तट के निकट हुई, जहां ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड सेना कोर या 'एंजैक' के कर्मी 25 अप्रैल, 1915 को भोर में पहली बार गैलीपोली में उतरे थे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन ने युद्ध की मानवीय कीमत और भविष्य में संघर्ष को रोकने के महत्व पर बात की। लक्सन ने कहा, ''एंजैक सैनिक आधी दुनिया पार करके अपने भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर यहां तट पर आए थे। कुछ घर से दूर रोमांच की उम्मीद में आए थे लेकिन उन्हें रोमांच नहीं बल्कि खौफ का सामना करना पड़ा।'' उन्होंने कहा, ''अगर हम इस अभियान का असली सबक भूल जाते हैं, तो यह उन लोगों के प्रति अन्याय होगा जिनकी वीरता को हम याद करते हैं। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए कि ऐसा कुछ फिर से न हो।'' यह अभियान ओटोमन साम्राज्य को परास्त करने के ब्रिटिश नेतृत्व वाले प्रयास का हिस्सा था, जो अंततः विफल हो गया था।

## ऑफ बीट

# वायु प्रदूषण कीड़ों के लिए भी जीवन कठिन बना रहे



कीड़े दुनिया की तीन–चौथाई फसल किस्मों को परागित करने में मदद करते हैं, जिससे वे एक कीमती संसाधन बन जाते हैं। लेकिन, हम कीड़ों का जीवन कठिन बना रहे हैं क्योंकि वे जलवायु परिवर्तन, बसावट के अवसरों में कमी और कीटनाशकों के उपयोग के खिलाफ लड़ाई का सामना कर रहे हैं, जिससे दुनिया भर में कीड़ों की आबादी में तेजी से गिरावट आ रही है। अब, हम वायु प्रदूषण के खतरों को भी इस सूची में जोड़ सकते हैं। जब कीड़े दो सामान्य वायु प्रदूषकों के संपर्क में आए, तो परागण करने वाले कीड़ों का फूलों पर आना 90 प्रतिशत तक कम हो गया। जहां हमने ओजोन या डीजल से निकले धुएं को छोड़ा, परागण करने वाले कीड़ों की संख्या में 70 प्रतिशत की कमी आई और समग्र परागण सफलता दर में 31 प्रतिशत तक की कमी आई। कई कीड़े अपनी गंध क्षमता के जरिये फूलों का पता लगाते हैं। जब वे पराग का सेवन करते हैं, तो वे तुरंत फूल की सुगंध को उसके शर्करा प्रतिफल के साथ जोड़ देते हैं। नतीजतन, जब उन्हें बाद में वही खुशबू मिलती है, तो वे किसी अन्य स्वादिष्ट व्यंजन की तलाश में उसे खोजना शुरू कर देते हैं। इस प्रकार, फूल दोहरे उद्देश्य की पूर्ति करते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# रवींद्र भवन में बैंड 'यूफनी' व 'यूफोरिया' की लाइव प्रस्तुति आज



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

## 'बैटल ऑफ द बैंड्स' प्रतियोगिता में यूथ बैंड्स लेंगे भाग

इंडीमून्स आर्ट्स फेस्टिवल एक बार फिर अपने म्यूजिक एडिशन के साथ भोपाल में गूंजने को तैयार है। यह आयोजन 26 और 27 अप्रैल को रवींद्र भवन के हंसध्वनि सभागार में होगा। कार्यक्रम में भारतीय पॉप-रॉक संगीत का उत्सव होगा। इसमें उभरते कलाकारों से लेकर प्रसिद्ध बैंड्स यूफनी और बैंड यूफोरिया लाइव परफॉर्मिस देंगे।



### अर्बन रॉक बैंड है 'यूफनी', पॉप-रॉक बैंड 'यूफोरिया बैंड'

यूफनी एक उभरता अर्बन रॉक बैंड है। जिसकी अगुवाई सनीश नायर कर रहे हैं। वहीं, डॉ. पालाश सेन के नेतृत्व वाला यूफोरिया बैंड महफूज दिल से, दूधिया रंग जैसे हिट गीतों से पॉप-रॉक संगीत की पहचान बना चुका है। इस मौके पर बैटल ऑफ द बेड्स प्रतियोगिता भी होगी। इसमें मप्र के विभिन्न कॉलेजों और शहरों से आए यूथ बैंड्स भाग लेंगे। विजेताओं को नकद पुरस्कारों के साथ भविष्य में प्रदर्शन के सुनहरे अवसर भी मिलेंगे। इंडीमून्स फेस्टिवल का उद्देश्य उभरते कलाकारों को मंच देना, संगीत प्रेमियों को एकत्रित करना और भोपाल को एक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। पिछले संस्करण में शरमन जोशी, पंकज कपूर, नितीश भारद्वाज और मकरंद देशपांडे जैसे दिग्गजों की प्रस्तुतियां देखने को मिली थीं। शाम 5 बजे से ओपन स्टेज पर बैंड बैटल्स और मुख्य प्रस्तुतियां रात 8 बजे से शुरू होगी।

# आत्महत्या रोकने मध्य भारत का पहला राष्ट्रीय मनोरोग सम्मेलन भोपाल में आज और कल

*छात्रों, बुजुर्गों, ट्रॉमा सर्वाइवर्स और एलजीबीटीक्यू+ में आत्महत्या की समस्या पर होगी गहन चर्चा*



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मध्य भारत के इतिहास में पहली बार आत्महत्या रोकथाम को समर्पित मध्य भारत का पहला राष्ट्रीय मनोरोग सम्मेलन भोपाल में 26-27 अप्रैल को आयोजित होने जा रहा है। यह सम्मेलन 26 अप्रैल (शनिवार) से ताज लेकफ्रंट में आयोजित होगा। जिसका मुख्य विषय आत्महत्या रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। सम्मेलन का उद्घाटन शाम 4 बजे उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा किया जाएगा।

### आज गांधी मेडिकल कॉलेज परिसर में वॉकाथॉन

सम्मेलन का विशेष आकर्षण आत्महत्या रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए वॉकाथॉन का आयोजन होगा जो 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे गांधी मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित होगी। आयोजन में डॉ. मुकुल और डॉ. संदीप, जीएमसी के पीजी छात्रों का अहम योगदान रहेगा।

### देश भर से 45 प्रमुख विशेषज्ञ वक्ता होंगे शामिल

विशिष्ट अतिथि डॉ. सलोनी सिदाना तथा विशेष अतिथि डॉ. कविता एन. सिंह, डीन, गांधी मेडिकल कॉलेज, इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट साइकाइट्री के तत्वावधान में प्रो. डॉ. आर. एन. साहू ने प्रेस वार्ता में दी। देश भर से 45 प्रमुख विशेषज्ञ वक्ता होंगे शामिल सम्मेलन में देश भर से 45 प्रमुख विशेषज्ञ वक्ता शामिल हो रहे हैं। साथ ही संयुक्त राज्य अमेरिका से दो अंतरराष्ट्रीय वक्ता भी वर्चुअल माध्यम से अपने विचार साझा करेंगे। यह सम्मेलन छात्रों, बुजुर्गों, ट्रॉमा सर्वाइवर्स और एलजीबीटीक्यू+ समुदाय जैसे संवेदनशील वर्गों में आत्महत्या की समस्या पर गहन चर्चा कर रोकथाम की रणनीतियां प्रस्तुत करेगा।

# बीएसएसएस आईएएस सम्मेलन में 5 देश, 15 राज्य कर रहे भागीदारी



**भारत और विदेशों के शिक्षाविद, शोधकर्ता जुड़े एक साथ**

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज (बीएसएसएस आईएएस) में शुक्रवार को वैश्विक लचीलेपन के लिए परिवर्तनकारी प्रबंधन प्रथाओं पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन हुआ। यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जा रहा है और इसमें भारत और विदेशों के शिक्षाविद, शोधकर्ता और पेशेवर एक साथ जुड़े हैं। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर रजनीश सिंह गौर, डीडीजी एनसीसी डायरेक्टेट, एमपी सीजी और की नोट स्पीकर स्लोवेनिया के प्रिमोर्स्का विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग के डीन प्रोफेसर डॉ टॉमज ग्रुसोवनिक थे। रूस के मॉस्को स्थित सिनर्जी विवि की प्रतिष्ठित प्राध्यापक एगोरोवा स्वेतलाना ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

### प्रयासों से लचीलापन अपनाने का किया आग्रह

ब्रिगेडियर रजनीश सिंह गौर ने समय पर और प्रासंगिक विषय का चयन करने के लिए संस्थान की सराहना की। प्रो डॉ. टॉमाज ग्रुसोवनिक ने श्रोताओं से सतत प्रयासों के माध्यम से लचीलापन अपनाने का आग्रह किया। ब्रिगेडियर रजनीश सिंह गौर ने कहा कि इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन वास्तविक वैश्विक संवाद और सहयोग के लिए एक मंच बनाते हैं।

# 'संग्रहालय में स्वच्छता और स्वास्थ्य का महत्व' विषय पर प्रतियोगिता



**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 30 अप्रेल तक मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत शुक्रवार को एक विशेष निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों में संग्रहालयों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छता तथा स्वास्थ्य के महत्व को समझाना था। निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय 'संग्रहालय में स्वच्छता और स्वास्थ्य का महत्व' रखा गया, जिस पर प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक अपने अपने विचार लिख कर प्रस्तुत किए।





*डिजाइन-ड्राइवन चेंज के लिए एनआईडी एमपी के फाउंडेशन विद्यार्थियों का शहर के स्कूलों से* **सहयोग**



# 'कूड़े से कमाल' नामक कचरा प्रबंधन कार्यशाला हुई सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, मध्यप्रदेश (एनआईडी एमपी) के फाउंडेशन बैच 2024-25 ने अपने डिजाइन मेथडोलॉजी परियोजनाओं के निष्कर्षों को प्रदर्शित किया, जो सहानुभूति, पर्यवेक्षण और वास्तविक जीवन के अनुभवों पर आधारित थे। यह कार्य अचारपुरा के शासकीय विद्यालय तथा स्थानीय समुदाय के साथ घनिष्ठ सहयोग के माध्यम से संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने विद्यालय के बच्चों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किए, जिनमें 'कूड़े से कमाल' नामक कचरा प्रबंधन कार्यशाला शामिल थी, जिसमें पुनः उपयोग किट्स और एक आकर्षक शुभंकर गम-मू का उपयोग किया गया।

### तम्बाकू के दुष्प्रभावों पर कहानी-कथन और वीडियो

इसके साथ ही तम्बाकू के दुष्प्रभावों को उजागर करने हेतु कहानी-कथन और वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से एक जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इन गतिविधियों ने परस्पर सीखने का माध्यम बनाया, जहां विद्यार्थियों और बच्चों ने मिलकर सामाजिक और पर्यावरणीय विषयों पर कार्य किया। साथ ही, अन्य पहलों के माध्यम से मेस में खाद्य अपव्यय, सहयोगी कर्मचारियों हेतु जल की उपलब्धता, आस-पास की स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी, गल्ला मंडी में श्रमिकों के बोझ को कम करना, नए सदस्यों के लिए परिसर परिनिरीक्षण उपकरण, तथा मासिक धर्म स्वच्छता और निस्तारण प्रणाली जैसी समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया गया।

# आकाशवाणी के सेल्स सेंटर की क्लाइंट मीट आयोजित

## रेडिओ के विज्ञापनदाताओं और प्रस्तुतकर्ताओं का सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

आकाशवाणी द्वारा एक क्लाइंट मीट का आयोजन किया गया जिसमें मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के कार्यक्रम प्रमुख, आकाशवाणी महानिदेशालय नई दिल्ली से अधिकारी, अनेक शासकीय और अशासकीय विज्ञापनदाताओं सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

आकाशवाणी भोपाल के सेल्स सेंटर हेड आनंद सिंह उद्दे ने बताया कि प्रत्येक वर्ष इस क्लाइंट मीट का आयोजन किया जाता है जिसमें सभी विज्ञापन दाता और कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ता आपस में संवाद करते है। इसमें विज्ञापन दाताओं के अनुरूप कार्यक्रमों का निर्माण या यथोचित परिवर्तन और अद्यतन जानकारियों का समावेश किये जाने पर चर्चा की जाती है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. विजय अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आकाशवाणी पर आमजन का विश्वास सदैव रहा है और आज की भागदौड़ वाली जिंदगी में भी आकाशवाणी के कार्यक्रम सुनकर लोग सुकून पाते है।

## भारतीय सेना को परमात्मा का भी आशीर्वाद प्राप्त है: मुख्यमंत्री

# लाइट एंड साउंड शो में दिखा भारतीय सेना का शौर्य

*पहलगाम की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, आतंकवादियों को जवाब मिलेगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहलगाम घटना में दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि दी*



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय सेना को परमात्मा का भी आशीर्वाद प्राप्त है जो हर तरह की अव्यवस्था को सुव्यवस्था में बदल सकती है। हाल ही में पहलगाम में हुई घटना से सभी का मन विचलित और व्यथित है। मुख्यमंत्री डॉ यादव आज भोपाल के एयर पोर्ट रोड पर द्रोणाचल परिसर स्थित योद्धा स्थल में लाइट एण्ड साउंड शो के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह शो प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार और रविवार की शाम को होगा।

सीएम ने मानवता के दुश्मनों द्वारा पहलगाम में किए गए कायराना हमले में दिवंगत सभी पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर अधर्म करने वालों को निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हमारी सरकार जहां उनका मुकाम है वहां पहुंचाकर छोड़ेगी, यह पक्की बात है। इस घटना के बाद पूरा देश एकजुटता के साथ इस नृशंस हत्या कांड के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा है।

### अद्भुत है लाइट एंड साउंड शो

सीएम शो की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसमें पाषाण युग से लेकर अब तक के अतीत को और समस्त घटनाओं को श्रेष्ठ ढंग से संयोजित किया गया है। यह स्थान श्रद्धा के भाव से हमें भर देता है। भोपाल का इतिहास भी शो का हिस्सा बना है। यह लाइट एंड साउंड शो सेना के शौर्य से परिचित करवाकर युवाओं को प्रेरित करने का कार्य करेगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि वैसे तो पर्यटन विभाग लाइट एंड साउंड शो करता है। लेकिन सेना का यह प्रयास सराहनीय है।



### प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में सेना के प्रयास सराहनीय

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि वेलनेस सेंटर " निरामया" में शिरोधारा, पंचक्रम, हाइड्रो थैरेपी और ओजोन थैरेपी उपलब्ध रहेगी। इस दौरान आयुष, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार,संगठन पदाधिकारी महेंद्र सिंह,जिला भाजपा अध्यक्ष रविंद्र यति सहित अन्य जनप्रतिनिधि और पुलिस महानिदेशक मकवाना उपस्थित थे।

### सीएम डॉ. यादव प्रगति और सैनिक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं: लेफ्टिनेंट जनरल प्रीतपाल सिंह

इस अवसर पर 21वीं कोर हेड क्वार्टर के लेफ्टिनेंट जनरल श्री प्रीतपाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव अनेक क्षेत्रों में प्रगति के लिए कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उनकी प्रतिबद्धता दिखाई देती है। सैनिक कल्याण और पूर्व सैनिकों के हित में प्रदेश में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भोपाल में अनेक सड़कों के निर्माण की स्वीकृति भी दी है जिसमें सेना के कार्यालयों और रहवास क्षेत्र को भी लाभ मिल रहा है। जो कार्य अनेक वर्ष से लंबित थे वे पूर्ण हो रहे हैं। लालघाटी क्षेत्र से सड़क द्वारा अन्य इलाके जुड़े हैं।

# एनडीआरएफ के प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को सिखाया आपदा प्रबंधन का तरीका

## आपदा प्रबंधन पर जनजातीय छात्रावास में हुई एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

एनडीआरएफ द्वारा भदभदा स्थिति अनुसूचित जाति एवं जनजातीय महाविद्यालयीनबाल छात्रावास में आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

प्राकृतिक आपदा के दौरान जीवनरक्षक, प्राथमिक उपचार एवं प्रबंधन पर केन्द्रित कार्यशाला में एनडीआरएफ के द्वारा छात्रों एवंस्टॉफ को आपदा संबंधी विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय आपदा राहत दल की 11वीं बटालियन के निरीक्षक सत्यजीत सिंह की अध्यक्षता में किया गया। सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित इस छात्रावास के छात्रों को एनडीआरएफ के प्रशिक्षकों द्वारा सर्पदंश, सीपीआर देने एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों को सीपीआर की प्रक्रिया के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। प्राकृतिक आपदा के अंतर्गत बाढ़ एवं भूकंप जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिये मॉकड्रिल के माध्यम से शेडो प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## पत्रकारिता विभाग में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# माखनलाल चतुर्वेदी विवि के छात्रों ने सीखे लेआउट डिजाइनिंग के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय लेआउट डिजाइनिंग कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। कार्यशाला में समाचार पत्र व अन्य मीडिया में ले आउट तथा डिजाइनिंग के बदलते परिदृश्य से अवगत कराया गया तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विषय विशेषज्ञ जसवंत कुशवाहा एवं धर्मेंद्र कुशवाहा ने छात्रों को एडोब इंडिजाइन पर लेआउट के गुर सिखाए। कार्यशाला का संयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. राखी तिवारी एवं प्रो. शिवकुमार विवेक द्वारा किया गया।

### अखबार में रंगों एवं फॉन्ट का है बहुत महत्व



कार्यशाला के प्रथम दिन जसवंत कुशवाहा ने छात्रों को लेआउट डिजाइनिंग के सिद्धांतों के साथ-साथ अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि अखबार में रंगों एवं फॉन्ट के चुनाव का बहुत महत्व होता है। उन्होंने एक अच्छे अखबार में सभी तत्वों - हेडलाइन, सब हेडलाइन, फ्लायर एवं कंटेंट के चुनाव पर बारीकी से चर्चा की और कहा कि अखबार में खबरों का प्लेसमेंट ऐसा होना चाहिए कि पाठक को पढ़ने में किसी तरह की समस्या न हो

## धाकड़ वकील और कांग्रेस नेता विवेक तन्खा पर बनी डॉक्यूमेंट्री हुई रिलीज

# विवेक के सामाजिक और परोपकारी कार्यों को उजागर करती है फिल्म रेनेसां मैन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

शुक्रवार को अजय चिटनीस की डॉक्यूमेंट्री फिल्म रेनेसां मैन की स्क्रीनिंग हुई। यह फिल्म कांग्रेस नेता विवेक कृष्ण तन्खा के जीवन और उनके योगदान पर आधारित है। फिल्म उनके सामाजिक और परोपकारी कार्यों को उजागर करती है। इस फिल्म की स्क्रीनिंग जहांनुमा पैलेस में हुई।





### तन्खा के जीवन के अनछुए पहलुओं को किया उजागर

इस फिल्म में समाजसेवी, राजनीतिज्ञ और परोपकारी व्यक्तित्व के धनी विवेक कृष्ण तन्खा के सफर और जिंदगी के कई अनछुए पहलुओं को उजागर किया। इस खास मौके पर कई सम्मानित कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### भुज भूकंप में दो महीने तक लोगों का इलाज कराया

इस फिल्म में दिखाया कि तन्खा राहत संस्था के माध्यम से निःशुल्क मेडिकल कैंप करते हैं। वहीं चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स के लिए कई जिलों में स्कूल चला रहे हैं। ओडिशा में आए तूफान में रोटरी क्लब की सहायता से रिलीफ ट्रेन रवाना की जिसके जरिए खाद्यान्न व अन्य जरूरी सामान प्रभावितों तक पहुंचाया। 2001 में भुज में आए भूकंप के दौरान दो महीने तक हजारों लोगों को इलाज मुहैया कराया। डॉक्यूमेंट्री में बताया गया कि विवेक तन्खा का करियर जब बहुत अच्छे से चल रहा था तभी जिंदगी ने एक करवट ले ली।





## पीएनबी घोटाले में राजस्थान में ईडी की बड़ी कार्रवाई

# बीकानेर, हनुमानगढ़ और जयपुर समेत 10 से ज्यादा ठिकानों पर रेड

एजेंसी ▶▶ जयपुर

पंजाब नेशनल बैंक में हुए करोड़ों रुपए के घोटाले को लेकर शुक्रवार को राजस्थान में ईडी ने 10 से ज्यादा ठिकानों पर छापे मारे हैं।

मामले में एफआईआर पहले ही दर्ज की जा चुकी है। श्रीगंगानगर का अमनदीप चौधरी इस घोटाले का मुख्य आरोपी है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने इस प्रकरण में एफआईआर दर्ज की थी। अब इस मामले में ईडी ने बीकानेर, हनुमानगढ़ और जयपुर में छापेमारी की कार्रवाई तेज कर दी गई है। ईडी प्रदेश में लगातार दूसरे दिन सक्रिय रही। गुरुवार को ईडी ने जल जीवन मिशन घोटाले में राजस्थान के पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश जोशी को भी गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले ईडी ने यहां सहारा प्राइम लिमिटेड की 1023 एकड़ जमीन को भी अस्थाई रूप से अटैच किया था।

**पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश को किया गिरफ्तार**

**सहारा प्राइम लिमिटेड की 1023 एकड़ जमीन अटैच**




### चिटफंड घोटाले में पूर्व कैबिनेट मंत्री खाचरियावास के यहां भी मारा था छापा

इसी महीने में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के घर पर भी ईडी ने चिटफंड घोटाले को लेकर छापा मारा था। बताया जा रहा है कि इस घोटाले में प्रदेश भर के 28 लाख निवेशकों के करीब 2850 करोड़ रुपए फंसे हैं।

### चौधरी ने बैंक से 25 करोड़ रुपए का लोन लेकर किया गोलमाल

बताया जा रहा है कि श्रीगंगानगर निवासी अमनदीप चौधरी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पंजाब नेशनल बैंक से 25 करोड़ रुपए का लोन लिया और इसके बाद बैंक को धोखा देकर रकम हड़प ली। आरोप है कि उसने वेयर हाउस में रखे माल को गिरवी रखकर लोन प्राप्त किया लेकिन बाद में बैंक को बिना जानकारी दिए वह माल बाजार में बेच दिया गया। इस पूरे मामले में अमनदीप चौधरी के साथ उसकी पत्नी सुनीता चौधरी, ओमप्रकाश और अन्य आरोपी भी शामिल हैं। ईडी की टीमों ने आरोपियों के जयपुर में 3 बीकानेर में 2और हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर में 5 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की।

### मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका

इस धोखाधड़ी को लेकरअक्टूबर 2020 में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जोधपुर में केस दर्ज किया गया था। इसमें मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका के चलते ईडी ने भी जांच शुरू की है। छापेमारी बैंकिंग सिस्टम में बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश मानी जा रही है। आरोपियों की संपत्तियों औरलेन-देन की भी पड़ताल हो रही है।

## सोनिया और राहुल को कोर्ट से बड़ी राहत



### ईडी बोली- हम नहीं चाहते आदेश लंबा खिंचे, 2 को फिर सुनवाई

नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की एक कोर्ट ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य को नोटिस जारी करने से फिलहाल इनकार कर दिया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई 2 मई को तय की है। कोर्ट ने ईडी से और अधिक प्रासंगिक दस्तावेज लाने और खामियों को दूर करने को कहा है। ईडी ने तर्क दिया कि नए कानूनी प्रावधानों के तहत आरोपी को सुने बिना शिकायत (आरोप पत्र) पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता।

## खबर संक्षेप

### डॉक्टरों की हड़ताल से बिगड़े हालात,4 की मौत



**अलीगढ़।** मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कॉलेज में रेजीडेंशियल डॉक्टरों की हड़ताल 24 अप्रैल देर रात को दूसरे दिन भी जारी रही, जिसके कारण इमरजेंसी सेवाएं ठप हो गईं। इस दौरान आपात उपचार नहीं मिलने से दो दिन में 4 मरीजों की मौत हो गई जबकि लगभग 1200 मरीजों को बिना उपचार के ही इस अस्पताल से वापस लौटना पड़ा।

### मिल का ड्रायर फटा, 5 मजदूरों का दम घुटा



**बहराइच।** जिले के दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुलाम अलीपुरा स्थिति रजगढिया राइस मिल में ड्रायर फट गया। इससे काम कर रहे 5मजूदरों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान कन्नौज के गडवना सौर्य निवासी गफ्फार अली, बबलू , राजनेश कुमार , श्रावस्ती के सिरसिया निवासी जहूर व बिहार के बिहारीगंज मदेहपुरा निवासी बिट्टू शाह के रूप में हुई है।

### पौड़ी में बच्चों से भरी वैन खाई में गिरी, 6 जख्मी



**पौड़ी।** जिला मुख्यालय पौड़ी के समीप भिताई मल्ली में स्कूली बच्चों को लेकर जा रही ओमनी वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 6 बच्चे घायल हो गए हैं। चालक व एक अन्य ग्रामीण भी घायल बताए जा रहे हैं।सभी को जिला अस्पताल पौड़ी में भर्ती कराया है। 2 गंभीर बच्चों को देहरादून एयरलिफ्ट किया गया है। इसके बाद चिकित्सक घायलों की जांच में जुटे हैं।

### दुरंतो एक्सप्रेस के इंजन से टकराया ट्रक



**नई दिल्ली।** सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की धुलाई एवं सफाई वाले स्थल पर एक ट्रक बीकानेर-सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस के इंजन से टकरा गया। यह घटना पूर्वाह्न 11:37 बजे स्टेशन की 'वाशिंग लाइन' पर उस समय हुई जब ट्रेन किशनगंज रेलवे स्टेशन की तरफ से आ रही थी। ट्रेन पटरी से नहीं उतरी और कोई हताहत नहीं हुआ है।

### एक ही पटरी पर आई राजधानी व मालगाड़ी



**कोलकाता।** सिलीगुड़ी के निकट एनजेपी क्षेत्र में राजधानी एक्सप्रेस एक मालगाड़ी से टकराते टकराते बची है। दोनों ही ट्रेन एक ही लाइन पर आ गई थी। राजधानी एक्सप्रेस के लोको पायलट की तत्परता से एक बड़ी दुर्घटना टल गई है। अचानक ब्रेक लगाने के कारण कुछ यात्री अपनी सीट से गिर गए और उनमें दहशत का माहौल बना रहा। पहले भी कई हादसे हुए हैं।

## वक्फ कानून पर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा

**पहले के प्रावधानों के दुरुपयोग का दावा**

# संसद से पारित कानून संवैधानिक तौर पर वैध, उन पर रोक नहीं लगाई जा सकती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

1,332 पृष्ठों के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में केंद्र सरकार ने विवादास्पद कानून का बचाव करते हुए कहा कि चौंकाने वाली बात है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20 लाख हेक्टेयर (ठीक 20,92,072.536 हेक्टेयर) से अधिक की बढ़ोतरी हुई। 18 लाख 29 हजार 163.896 एकड़ भूमि पर वक्फ बनाए गए

**वक्फ (संशोधन) अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज करें**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का अनुरोध किया और कहा कि इस कानून पर पूर्ण रोक नहीं लगाई जा सकती क्योंकि इसकी संवैधानिकता पर पूर्वधारणा है। 1,332 पृष्ठों के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में केंद्र सरकार ने विवादास्पद कानून का बचाव करते हुए कहा कि चौंकाने वाली बात है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20 लाख हेक्टेयर (ठीक 20,92,072.536 हेक्टेयर) से अधिक की बढ़ोतरी हुई। केंद्र सरकार के हलफनामे में कहा गया है। मुगल काल से पहले, स्वतंत्रता के पहले और स्वतंत्रता के बाद में भारत में कुल 18 लाख 29 हजार 163.896 एकड़ भूमि पर वक्फ बनाए गए। इसमें निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए पहले के प्रावधानों के दुरुपयोग का दावा किया गया है। यह हलफनामा अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव शेरशा सी शेख मोहिद्दीन की तरफ से दायर किया गया था।

**1,332 पृष्ठों के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में केंद्र सरकार का बड़ा खुलासा**



**संयुक्त सचिव शेरशा ने जवाब पेश किया**

### वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं

केंद्र सरकार ने हलफनामे में कहा कि वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं बल्कि वैधानिक निकाय है. वक्फ संशोधन कानून के मुताबिक मुतवल्ली का काम धर्मनिरपेक्ष होता है न कि धार्मिक. ये कानून चुने गए जनप्रतिनिधियों की भावनाओं को दर्शाता है। उन्होंने ही बहुमत से इसे पारित किया है।

### विधायी व्यवस्था को बदलना ठीक नहीं

हलफनामे में कहा गया है कि विधायिका द्वारा की गई विधायी व्यवस्था को बदलना अस्वीकार्य है। केंद्र सरकार ने 17 अप्रैल को, शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि वह 5 मई तक 'वक्फ बाय यूजर' संपत्ति समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं करेगी और न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्ड में कोई नियुक्ति करेगी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ अंतरिम आदेश पारित करने के मामले पर 5 मई को सुनवाई करेगी।

### धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों को नहीं छीना

हलफनामे में कहा गया है कि अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाएं इस झूठे आधार पर आगे बढ़ीं कि संशोधन धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों को छीन लेते हैं। अदालत मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर कानून की समीक्षा कर सकती है। सरकार ने कहा कि प्रमुख राजनीतिक दलों के सदस्यों वाली संसदीय समिति की तरफ से बहुत व्यापक, गहन और विश्लेषणात्मक अध्ययन के बाद संशोधन किए गए हैं।

### पारित कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू हो रही

हलफनामे में कहा गया है कि कानून में यह तय है कि संवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी और मामले पर अंतिम रूप से निर्णय लेंगी। संसद की तरफ से बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। केंद्र ने कहा कि जबकि यह अदालत मामलों की सुनवाई के दौरान इन चुनौतियों की जांच करेगी, लेकिन सामान्य मामलों में (यहां तक कि मुस्लिम समुदाय के सदस्यों पर भी) इस तरह के आदेश के प्रतिकूल परिणामों के बारे में जाने बिना पूरी तरह से रोक (या आंशिक रोक) लगाना, यदि याचिकाएं विफल हो जाती हैं, तो यह अनावश्यक होगा, खासकर ऐसे कानूनों की वैधता की धारणा के मामले में।

### कानून विधायी शक्ति के वैध प्रयोग का परिणाम

सरकार ने कहा कि संसद ने अपने अधिकार क्षेत्र में काम किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वक्फ जैसी धार्मिक संस्थाओं का प्रबंधन इस तरह से हो कि उनमें आस्था रखने वालों और समाज के लोगों का भरोसा बना रहे और धार्मिक स्वायत्तता का उल्लंघन न हो। यह कानून वैध है और विधायी शक्ति के वैध प्रयोग का परिणाम है। हलफनामे में कहा गया है कि विधायिका की तरफ से अधिनियमित विधायी व्यवस्था को बदलना अस्वीकार्य है।

## हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को फटकारा

# पुलिसकर्मियों पर एफआईआर करें, वरना अवमानना मानेंगे



एजेंसी ▶▶ मुंबई

बदलापुर मुठभेड़ मामले को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने आदेश के बाद भी बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी अक्षय शिंदे की हिरासत में मौत के मामले में पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज न करने पर नाराजगी जताई। शुक्रवार को न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने कहा कि वह इस बात से हैरान है कि उसके आदेश का पालन नहीं किया गया। यह हमारे आदेश का खुला उल्लंघन है। राज्य सरकार उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का पालन कैसे नहीं कर सकती? अगर मामले के कागजात आज ही स्थानांतरित नहीं किए गए तो आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करनी होगी। अदालत ने कहा कि यदि सरकार अब ही सात अप्रैल के आदेश का पालन करने के लिए कदम नहीं उठाती है तो वह आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने पर विचार करेगी।

### कानून के शासन का पालन किया जाना चाहिए

सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने अदालत को बताया कि नौ अप्रैल को सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने कहा कि याचिका पर पांच मई को सुनवाई होने की उम्मीद है। इस पर पीठ ने कहा कि यदि सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश पर रोक नहीं लगाई है तो सरकार इसका अनुपालन करने के लिए बाध्य है। पीठ ने कहा कि कानून के शासन का पालन किया जाना चाहिए। आपको आदेश का पालन करना होगा अन्यथा हम अवमानना (नोटिस) जारी करने के लिए बाध्य और विवश होंगे।

### कामरा की जांच करें, गिरफ्तारी नहीं

बंबई उच्च न्यायालय ने कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के विरुद्ध कथित टिप्पणी को लेकर कुणाल कामरा के खिलाफ पुलिस जांच जारी रह सकती है, लेकिन कामरा को गिरफ्तार नहीं करे। न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल और न्यायमूर्ति एसएम मोदक की पीठ ने कामरा की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें अदालत से अनुरोध करते हुए कहा गया था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध से संबंधित बड़े और गंभीर मुद्दों पर विचार करने की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि जांच पर पूरी तरह रोक लगाने के पक्ष में नहीं है। जांच जारी रह सकती है।

## पटना सिविल कोर्ट को उड़ाने की धमकी

# तीनों गेटों पर सुरक्षा बढ़ाई गहन तलाशी अभियान चला

एजेंसी ▶▶ पटना



यहां सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद कोर्ट के तीनों गेटों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। धमकी भरे मेल की सूचना मिलते ही पटना पुलिस और सुरक्षा एजेंसी अलर्ट हो गई है। वहां हरेक के सामानों की तलाशी ली जा रही। पार्किंग में खड़ी गाड़ियों की भी जांच चल रही है। टाउन डीएसपी-2 दीक्षा और पीरबहोर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। श्वान दस्ता को भी बुलाया गया है।

### मेल भेजकर धमकी दी थी

शुक्रवार को 11 बजे जिला जज के पास एक संदिग्ध मेल आया था। मेल में ढाई बजे सिविल कोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने सिविल कोर्ट की सुरक्षा कड़ी कर दी गई। कोर्ट के आसपास की सारी दुकानें भी बंद कराई जा रही हैं। एंट्री पर रोक लगा दी गई है। अंदर से लोगों को बाहर निकाला गया।

## दिल्ली मेयर चुनाव

# भाजपा के इकबाल बने 'राजा' कांग्रेस को मिले महज 8 वोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम में मेयर चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित हो गए। भाजपा पार्षद राजा इकबाल सिंह दिल्ली के नए महापौर चुने गए, उन्होंने कांग्रेस के मनदीप सिंह को 125 वोट से हराया। चुनाव में 142 सदस्यों ने हिस्सा लिया, जिसमें से एक वोट अवैध पाया गया। कांग्रेस को अपने पार्षदों की संख्या के अनुसार आठ वोट प्राप्त हुए, वहीं राजा इकबाल सिंह को 133 वोट प्राप्त मिले।

### आप इस बार रही चुनाव से बाहर

इस बार का चुनाव विशेष रूप से दिलचस्प रहा, क्योंकि सत्तारूढ़ आप ने इन पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल नहीं करवाया था। साथ ही, चुनाव प्रक्रिया से बहिष्कार भी कर दिया था। दोनों पदों के लिए विपक्षी दल भाजपा व कांग्रेस के पार्षदों के बीच मुकाबला था। एमसीडी सदन में भाजपा के पास 135 वोट हैं, जबकि कांग्रेस के पास केवल आठ वोट हैं। आप के पास 119 वोट हैं।

## सिक्किम में भारी बारिश से भूस्खलन

# हजार पर्यटक फंसे, रेस्क्यू शुरू

**सिक्किम।** यहां के ऊंचाई वाले हिल स्टेशनों लाचेन और लाचुंग में करीब 1000 पर्यटक फंस गए हैं। गुरुवार से लगातार भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के चलते यह स्थिति पैदा हुई। भूस्खलन के कारण कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिसके चलते कई गाड़ियां फंस गईं। शुक्रवार को कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मंगन जिले के पुलिस अधीक्षक सोनम डेत्सु भूटिया ने बताया कि बारिश से भूस्खलन से चुंगथांग से लाचेन जाने वाली सड़क पर मुंशीथांग के पास स्थिति खराब हो गई।



## तमिलनाडु के उदगमंडलम में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा

# अत्यावश्यक एनईपी शिक्षा में लाएगी अहम बदलाव

एजेंसी ▶▶ उदगमंडलम

**केंद्रीय और निजी विवि के कुलपतियों के सम्मेलन को किया संबोधित**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज शुक्रवार को तमिलनाडु के उदगमंडलम स्थित राजभवन में राज्य, केंद्रीय और निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली बताते हुए इसे राष्ट्र के लिए आवश्यक नीति बताया। उन्होंने कहा कि यह नीति भारतीय सभ्यता की भावना से मेल खाती है, भारतीय भाषाओं को प्राथमिकता देती है, बहु-विषयक शिक्षा को बढ़ावा देती है और शिक्षा को केवल रोजगार तक सीमित न रखते हुए समग्र व्यक्तित्व के विकास का माध्यम मानती है। इसका सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि यह छात्रों को मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा देता है और औपनिवेशिक सोच से बाहर लाता है।



### यह राष्ट्र की नीति, इसे समझना जरूरी

धनखड़ ने यह भी कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के बहुत से लोग अभी इस नीति से पूरी तरह परिचित नहीं हैं, इसलिए उन्होंने उन्हें इसकी गहराई से अध्ययन करने की सलाह दी ताकि नीति के उद्देश्यों को सही तरह समझा और लागू किया जा सके। इसे समझना जरूरी है।

### देश की भाषाएं ज्ञान का खजाना

धनखड़ ने भारत की भाषाओं को देश की विरासत और गौरव बताते हुए कहा कि संस्कृत, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, हिंदी, बंगाली जैसी भाषाएं साहित्य और ज्ञान का खजाना हैं, जिन्हें दुनिया में कहीं और नहीं पाया जा सकता। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्र के उत्थान का माध्यम और सामाजिक समता लाने वाला बड़ा कारक बताया।

### इस प्रणाली को मजबूती देनी चाहिए

धनखड़ ने कहा कि शिक्षा की पहुंच, इसकी किफायती उपलब्धता और गुणवत्ता-ये तीनों राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। हमें अपने ऐतिहासिक विरासत, विशेषकर गुरुकुल परंपरा, जिसमें ज्ञान प्राप्ति के इच्छुक किसी भी व्यक्ति को निःशुल्क शिक्षा दी जाती थी, को ध्यान में रखते हुए शिक्षा प्रणाली को मजबूती देनी होगी। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क का कार्यान्वयन, विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक सहयोग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से सीखने के परिणामों को अधिकतम करना, शैक्षणिक संस्थानों में वित्तीय प्रबंधन, अनुसंधान में उत्कृष्टता, उद्यमिता को बढ़ावा, छात्रों की क्षमता निर्माण, बौद्धिक संपदा के माध्यम से संपत्ति निर्माण जैसे विषयों पर गहन चर्चा करनी चाहिए।

## छत्तीसगढ़ में हादसा टला

# 'रोपवे' से अलग हो गई ट्रॉली भाजपा नेताओं समेत 6 घायल

एजेंसी ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में शुक्रवार को डोंगरगढ़ की पहाड़ी पर स्थित प्रसिध्द बम्लेश्वरी देवी मंदिर में दर्शन करने के बाद नीचे आते समय ट्रॉली के 'रोपवे' से अलग होकर गिरने से उसमें सवार भाजपा के नेताओं समेत 6लोग घायल हो गए। घटना अपराह्न लगभग दो बजे पहाड़ी पर स्थित बम्लेश्वरी देवी मंदिर से उतरते समय 'रोपवे' का इस्तेमाल करने के बाद हुई। ट्रॉली 'रोपवे' से अलग होकर नीचे गिर गई और इस घटना में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री रामसेवक पैंकरा, भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, भाजपा नेता दया सिंह और दो अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि घायलों में भरत वर्मा की हालत गंभीर बताई जा रही है।



*सिंधु जल समझौते पर रोक लगाकर पाकिस्तान को कड़ा संदेश*

# जम्मू कश्मीर में तेजी से जलविद्युत परियोजनाओं पर शुरू होगा काम बनेगा भारत का पावर हाउस, सिंचाई से चमकेगी पंजाब की भी किस्मत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने सबसे पहला कूटनीतिक कदम ये उठाया है कि सिंधु जल समझौते पर रोक लगा दी है। अगर आगे चलकर भी पाकिस्तान अपनी हरकतें नहीं सुधारेगा तो भारत इसे पूरी तरह से रद्द करने की ओर कदम उठा सकता है।

अगर ऐसा हो गया तो एक दिन ऐसी नौबत आ सकती है कि पाकिस्तान को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ सकता है। यही वजह है कि अपनी पहली प्रतिक्रिया में उसने इसे 'युद्ध की कार्रवाई' माना है। दूसरी तरफ भारत के लिए यह संधि विकास में बहुत बाधक है और खासकर पंजाब और जम्मू-कश्मीर की किस्मत बदल सकती है। इस फैसले से जम्मू-कश्मीर में पानी की समस्या दूर होगी और हिमालय क्षेत्र को लगभग 10,000 मेगावाट बिजली मिलेगी।

सिंधु जल संधि के निलंबन से भारत को इस नियम का पालन करने की जरूरत नहीं होगी। भारत पाक को बाढ़ के डेटा सहित हाइड्रोलॉजिकल डेटा शेयर करना और सालाना बैठक भी बंद कर सकता है।

**फैसले का प्रभाव**

1 जम्मू-कश्मीर में पानी कमी की एक बड़ी समस्या दूर होगी

2 हिमालय क्षेत्र को लगभग 10,000 मेगावाट बिजली मिलेगी

## कानूनी पहलूओं पर विचार जारी

1960 के इस समझौते के निलंबन के भारत के फैसले से चेनाब, झेलम और सिंधु नदियों पर बन रही जलविद्युत परियोजनाओं का काम तेजी से होगा। सिंधु जल संधि के अनुसार, भारत को किसी भी नई परियोजना पर काम शुरू करने से पहले पाकिस्तान को छह महीने का नोटिस देना होता है। पाकिस्तान बार-बार इन परियोजनाओं पर आपत्ति जताता रहा है, जिससे काम में रुकावट आती रही है। लेकिन, संधि के निलंबन से भारत को इस नियम का पालन करने की जरूरत नहीं होगी। भारत, पाकिस्तान को बाढ़ के डेटा सहित हाइड्रोलॉजिकल डेटा शेयर करना और सालाना बैठक भी बंद कर सकता है। सरकार इसके कानूनी पहलुओं पर विचार कर रही है।

### जम्मू-कश्मीर को मिलेगा बड़ा फायदा

सबसे बड़ा बदलाव चेनाब और झेलम नदियों पर बिजली परियोजनाएं और पानी के भंडारण की सुविधाएं बनाने में होगा। सबसे पहले 540 मेगावाट की क्वार, 1000 मेगावाट की पाकल दुल, 624 मेगावाट की किरू, 390 मेगावाट की किर्थई I और 930 मेगावाट की किर्थई II, 1,856 मेगावाट की सावलकोट जैसी जलविद्युत परियोजनाओं का निर्माण किया जाएगा। इनसे 3,000 मेगावाट से ज्यादा बिजली पैदा होने की उम्मीद है। इससे जम्मू-कश्मीर की बिजली क्षमता में 10,000 मिलियन यूनिट की वृद्धि होगी।



*सिंधु जल संधि पर सीएम अब्दुल्ला का बड़ा बयान*


## *हम कभी इसके पक्ष में नहीं रहे, यह जम्मू-कश्मीर के लिए सबसे गलत*



*जम्मू। सिंधु जल संधि को निलंबित करने के केंद्र सरकार के फैसले पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भारत सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हम कभी भी सिंधु जल संधि के पक्ष में नहीं रहे हैं। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि सिंधु जल संधि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे गलत है। जल शक्ति मंत्री की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने पाकिस्तानी जल संसाधन मंत्रालय के सचिव को औपचारिक पत्र लिखकर भेज दिया है। पत्र में सख्त भाषा में कहा गया है, सच्ची भावना से किसी संधि का सम्मान करने का उत्तरदायित्व ही उस संधि की बुनियाद होती है। मगर पाकिस्तान लगातार भारत के संघ शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से आतंकवाद को जारी रखे हुए है। पाकिस्तान की इन कार्रवाइयों ने सुरक्षा अनिश्चितताएं पैदा की हैं।*

**खबर संक्षेप**

### पाक में बम विस्फोट, 4 सैनिकों की मौत, 3 घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा शहर में सड़क किनारे एक बम धमाके में 4 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। ये हमला सुरक्षा कर्मियों को ले जा रहे एक वाहन के पास हुआ। स्थानीय पुलिस प्रमुख नवीद अहमद ने बताया कि हमला बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में हुआ। किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### भारतीय की ऑस्ट्रेलिया में गोली मारकर हत्या



**पटियाला।** पटियाला के 18 साल के युवक की ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान पटियाला के राजपुरा शहर के गुलाब नगर कॉलोनी के रहने वाले एकम सिंह साहनी (18) पुत्र अमरिंदर सिंह साहनी के रूप में हुई है। आस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स शहर में कार पार्किंग में यह घटना हुई।

शिमला समझौते का निलंबन कर पाकिस्तान ने अपने ही पांव पर मारी कुल्हाड़ी

# अब एलओसी को मानने के लिए बाध्य नहीं भारत 'नियंत्रण रेखा' पार कर कभी भी करेगा कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान की ओर से भारत संग द्विपक्षीय समझौतों को स्थगित करने के अधिकार का उपयोग बिना सोच-विचार के उठाया गया है। इसके निलंबन से पाकिस्तान ने अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। दरअसल, दोनों के बीच 1972 में हुए शिमला समझौते का निलंबन आतंकियों के पनाहगाह पाकिस्तान को भारी पड़ सकता है। शिमला समझौते का मुख्य बिंदु नियंत्रण रेखा (एलओसी) की पवित्रता को बनाए रखना है।

समझौता निलंबित होने का अर्थ है कि कोई भी पक्ष एलओसी को मानने के लिए बाध्य नहीं है और भारत एलओसी को पार कर कोई भी कार्रवाई कर सकता है। दरअसल, पाकिस्तान के पीएम कार्यालय से गुरुवार को जारी बयान का अहम बिंदु है कि पाकिस्तान भारत के साथ सभी द्विपक्षीय समझौतों को स्थगित करने के अधिकार का प्रयोग करेगा। इसमें शिमला समझौता भी शामिल है और यह कार्रवाई केवल इसी तक सीमित नहीं है।

भारत और पाकिस्तान के बीच 1972 में हुए शिमला समझौते का निलंबन आतंकियों के पनाहगाह पाकिस्तान को भारी पड़ सकता है। शिमला समझौते का मुख्य बिंदु नियंत्रण रेखा (एलओसी) की पवित्रता को बनाए रखना है। समझौता निलंबित होने का अर्थ है कि कोई भी पक्ष एलओसी को मानने के लिए बाध्य नहीं है।

**समझौते का असर**

- भारत पीओके में अधिक आक्रामक रणनीति अपना सकता है
- भारत कश्मीर पर अपनी नीतियों को और मजबूत कर सकेगा



**2 जुलाई 1972 को हुआ था शिमला समझौता**

1971 में भारत-पाक युद्ध के बाद पाकिस्तान के 90 हजार से ज्यादा सैनिकों को युद्ध बंदी बनाया गया था। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में सुधार, पाक युद्ध बंदियों को छुड़ाने की कवायद शुरू हुई। फिर दोनों देशों के बीच बेहतर संबंध के लिए 2 जुलाई 1972 को शिमला में एक समझौता हुआ। दोनों देशों ने 17 सितंबर 1971 को युद्ध विराम के रूप में मान्यता दी।

**अब एलओसी अस्तित्व में नहीं**

बयान का अर्थ समझें तो पाकिस्तान यह कह रहा है कि अब एलओसी अस्तित्व में नहीं है। इसका मतलब है कि भारत एलओसी पार कर सकता है। शिमला समझौते ने एलओसी को स्थायी सीमा के रूप में मान्यता दी थी। इसके तहत दोनों देशों ने बल प्रयोग न करने और नियंत्रण रेखा का सम्मान करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

**हिमाचल राजभवन से हटाया ऐतिहासिक टेबल पर रखा पाकिस्तान का स्मृति झंडा**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राजभवन से शिमला समझौते के ऐतिहासिक टेबल पर रखा पाकिस्तान का स्मृति झंडा हटा दिया गया है। 2 जुलाई 1972 को भारत और पाकिस्तान के बीच बेहतर संबंध बनाने के लिए शिमला में समझौता हुआ था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।



स्टार्मर और दिसानायके ने की पीएम मोदी से बात

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को जताया समर्थन





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पीएम मोदी से शुक्रवार को बात की। स्टार्मर ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि त्रासदी की इस घड़ी में ब्रिटेन भारत के साथ खड़ा है। अमेरिकी खुफिया विभाग की निदेशक तुलसी गबार्ड ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि हम आपके साथ हैं और इस जघन्य हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने में आपका समर्थन करते हैं। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने गुरुवार रात पीएम नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में इटली के पूर्ण समर्थन की बात दोहराई। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो ने भी पीएम मोदी से फोन पर बात की।

**जहां भी जरूरत होगी, हम तैयार**

*फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो ने कहा कि भारत के लोग इस तरह के कठिन समय में फ्रांस की एकजुटता और मित्रता पर भरोसा कर सकते हैं। हम हमेशा से आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट रहे हैं और हमेशा एकजुट रहेंगे। मैक्रों ने हमले में मारे गए लोगों के प्रति दुख जताते हुए कहा कि फ्रांस और उसके सहयोगी आतंकवाद के खिलाफ जहां भी जरूरत होगी, लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने पीएम मोदी के साथ हुई बातचीत की जानकारी हिंदी में एक्स पर पोस्ट की।*

**भारत को जो सही लगे, वो करे, हम उसके साथ**

*लंदन। लंदन स्थित इंडिया हाउस में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि ने तो यहां तक कहा है कि भारत इस हमले के जवाब में जो भी कार्रवाई करेगा, उसे हमारा समर्थन रहेगा। उन्होंने कहा कि हम यहां अपना दुख जताने आए हैं।*

## यूएन में उठा पहलगाम आतंकी मामला



# सभी एक सुर में बोले- नागरिकों को निशाना बनाना स्वीकार नहीं

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में भारत की ओर से हुए भविष्य के डिजिटल नागरिक को सशक्त बनाना: एकीकृत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) की ओर विशेष कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र के दूतों और नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है और इसे किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

### प्रियजनों के प्रति संवेदनाएं

अवर महासचिव और डिजिटल क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष दूत अमनदीप सिंह गिल, ब्राजील के उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत नॉरबर्टो मोरेटी और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के मुख्य डिजिटल अधिकारी रॉबर्ट ओप ने भी आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अरुण सुंदरराजन ने कहा कि मैं भारत सरकार और हाल ही में हुए अक्षम्य आतंकी हमले में नुकसान झेलने वाले लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है।

### संयम बरते भारत-पाक: गुटेरस

यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने भारत और पाकिस्तान की सरकारों से संयम बरतने और हालात को और बिगड़ने से रोकने की अपील की है। गुटेरस के प्रवक्ता स्टेफन दुजारिक ने बताया कि यूएन महासचिव दोनों देशों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। दुजारिक ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुआ आतंकी हमला, जिसमें बड़ी संख्या में आम नागरिक मारे गए, उसकी हम स्पष्ट रूप से निंदा कर चुके हैं।

# अटारी-वाघा बॉर्डर पर पाकिस्तान लौटने वालों का लगा भारी तांता

एजेंसी ▶▶ अटारी (पंजाब)

भारत सरकार द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द कर अपने मुल्क लौटने के आदेश के बाद से अटारी-वाघा बॉर्डर पर लगातार पाकिस्तानियों की भीड़ बढ़ती जा रही है। इस दौरान पाकिस्तानी नागरिकों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि जिसने भी पहलगाम में लोगों को मारा था वो गलत था और उसकी वजह से मासूम लोगों को भुगतना पड़ता है।

**भारत सरकार के फैसले का असर**



**राजस्थान से वापस जा रहे पाक विस्थापित!**

पाकिस्तान से धार्मिक यात्रा पर आए हिंदू विस्थापितों पर भी पड़ने लगा है। सरकार के फैसले से राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्रों में बसे हजारों पाक हिंदू विस्थापितों में गहरी चिंता और असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

### बांदीपोरा में मुठभेड़ जारी, एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गुरुवार सुबह से ही मुठभेड़ जारी है। इस बीच जवानों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है। इसके साथ ही आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो सुरक्षाबल के जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने बांदीपोरा जिले के कुलनार बाजीपोरा में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि छिपे हुए आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया।

नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच ईरान मध्यस्थता के लिए तैयार

# सऊदी अरब और ईरान के विदेश मंत्रियों से हुई जयशंकर की बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को दुनिया के कई देशों के विदेश मंत्रियों और राजनयिकों से बातचीत की। इसमें ईरान और सऊदी अरब के विदेश मंत्री भी शामिल हैं। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने डॉ. जयशंकर के साथ हुई बातचीत को लेकर एक्स पोस्ट में बताया, इस मुश्किल समय में तेहरान इस्लामाबाद और नई दिल्ली के बीच अधिक समझ बनाने के लिए दोनों जगहों पर मौजूद अपने कार्यालयों का उपयोग करने के लिए तैयार है। सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ फोन पर बातचीत हुई।



### नेपाली राजदूत के समक्ष प्रकट की संवेदनाएं

विदेश मंत्री ने नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर शर्मा के साथ हुई मुलाकात के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस दौरान पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए एक नेपाली नागरिक की मौत के मामले पर उनके समक्ष अपनी ओर से संवेदनाएं प्रकट की। साथ ही दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति के मामले पर भी चर्चा की गई।

## पाकिस्तान के एयरस्पेस बंद करने का होगा व्यापक असर

# खाड़ी के देश, यूरोप और अमेरिका जाना होगा 20% तक महंगा

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

**हरिभूमि विशेष:**

पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र बंद करने से भारतीय उड़ानों का समय और लागत बढ़ेगी, जिसका सीधा असर टिकट की कीमतों पर पड़ेगा। टिकट की कीमतों में 20 फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। लंबी उड़ान अवधि और देरी से यात्रियों को असुविधा होगी। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रही, तो वित्तीय और परिचालन प्रभाव और गंभीर हो सकते हैं। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत सरकार की कड़ी प्रतिक्रिया के जवाब में पाकिस्तान ने भारतीय उड़ानों के लिए अपने एयरस्पेस बंद करने की घोषणा की है। पाकिस्तान द्वारा भारत के लिए अपने हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) को बंद करने से उत्तर भारत से यूरोप, उत्तरी अमेरिका, मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया की ओर जाने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर इसका व्यापक असर पड़ेगा। भारतीय विमानों को अब पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से बचने के लिए अरब सागर के ऊपर से गुजरना होगा।

» उड़ानों का समय 30 मिनट से 2.5 घंटे तक बढ़ेगा

» लंबी दूरी की उड़ानों में ईंधन खपत पर असर

**मुश्किल में रहेंगे 'महाराजा'**



दिल्ली, चंडीगढ़, लखनऊ, जयपुर, अमृतसर जैसे शहरों से शुरू होने वाली अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें जाहिर तौर महंगी हो जाएंगी। साथ ही यूरोप, अमेरिका और मध्य पूर्व की उड़ानों का समय 30 मिनट से 2.5 घंटे तक बढ़ सकता है। दिल्ली से लंदन की उड़ान, जो पहले 9.5 घंटे की थी, अब 10.5 घंटे या अधिक की हो सकती है। खाड़ी देश (यूएई, सऊदी अरब, कतर, ओमान), यूरोप (यूके, जर्मनी, फ्रांस, इटली), उत्तरी अमेरिका (अमेरिका, कनाडा), और मध्य एशिया के कुछ हिस्सों की उड़ानें प्रभावित होंगी। एयर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस और अकासा एयर जैसी एयरलाइंस सबसे अधिक प्रभावित होंगी। लंबी दूरी की उड़ानें संचालित करने वाली एयर इंडिया को विशेष रूप से ज्यादा ईंधन खपत की वजह से अपेक्षाकृत ज्यादा नुकसान होगा। उसमें से कुछ वसूली किराया की रकम बढ़ाकर यात्रियों से वसूली जाएगी।

### गुरबत की जिंदगी जी रहा पाकिस्तान होगा और फटेहाल

वर्ष 2019 में बालाकोट हमले के बाद पाकिस्तान ने 5 महीने तक हवाई क्षेत्र बंद किया था, जिससे भारतीय एयरलाइंस को लगभग 550-700 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। उस समय भी टिकट की कीमतें बढ़ी थीं। केवल भारत ही नहीं पाकिस्तान को भी नुकसान उठाना पडेगा। पाकिस्तान को भारतीय उड़ानों से ओवरफ्लाइंग शुल्क के रूप में आय प्राप्त होती है। 2019 में हवाई क्षेत्र बंद करने से पाकिस्तान को लगभग 400-688 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। इस बार भी आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान को वित्तीय नुकसान होगा। यदि भारत भी जवाबी कार्रवाई में अपना हवाई क्षेत्र बंद करता है, तो पाकिस्तान की उड़ानें (जैसे बांग्लादेश, चीन की ओर) प्रभावित होंगी।




## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| मुंबई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 3 | 10 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| राजस्थान | 9 | 2 | 7 | 4 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप

### पॉल संचालन परिषद में चुना आईसीए प्रतिनिधि

**मुंबई।** मुंबई और हिमाचल प्रदेश के पूर्व क्रिकेटर पॉल वलथाटी को टी20 मुंबई लीग की संचालन परिषद में भारतीय क्रिकेटर संघ का प्रतिनिधि चुना गया है। टी20 मुंबई लीग अगले महीने 26 मई से आठ जून तक होगी जिसमें आठ टीमें भाग लेंगी। इससे पहले यह लीग 2018 और 2019 में खेली गई थी।

### हेजलवुड डब्लूटीसी में बोलैंड से अधिक दावेदार

**दुबई।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री ने कहा कि जून में लॉर्ड्स मैदान पर खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को स्कॉट बोलैंड की



जगह अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को चुनना चाहिए। क्योंकि दिग्गज ग्लेन मैकग्रा की तरह गेंदबाजी करने वाला यह लंबे कद का खिलाड़ी इंग्लैंड की परिस्थितियों का बेहतर तरीके से उपयोग कर पाएगा। टीम में तेज गेंदबाजी विभाग में कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की जगह लगभग पक्की है।

पहली बार चेपॉक में जीती सनराइजर्स हैदराबाद

# धोनी की टीम का खराब प्रदर्शन जारी... सनराइजर्स ने चेपॉक में हासिल की जीत

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

*आईपीएल 2025 के 43वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टक्कर हुई। इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने शानदार जीत हासिल की। पहली बार सनराइजर्स हैदराबाद ने सीएसके को उसके होमग्राउंड में हराया है।*

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच नंबर-43 में सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हरा दिया. 25 अप्रैल (शुक्रवार) चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम (चेपॉक) में आयोजित इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 155 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने 18.4 ओवर में हासिल कर लिया।

देखा जाए तो पहली बार सनराइजर्स हैदराबाद ने सीएसके को उसके होमग्राउंड में हराया है। मौजूदा आईपीएल सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स की 9 मैचों में ये सातवीं हार रही और वो पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे है। साथ ही ऐसा पहली बार हुआ है, जब चेन्नई सुपर किंग्स ने एक सीजन में अपने घर में लगातार चार मैच गंवाए. उधर सनराइजर्स हैदराबाद की टीम की इतने ही मैचों में ये तीसरी जीत रही। सनराइजर्स हैदराबाद अब पॉइंट्स टेबल में आठवें नंबर पर आ गई है। टारगेट का पीछा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा (0) का विकेट खो दिया। अभिषेक को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद ने आउट किया। इसके बाद पावरप्ले में ही सनराइजर्स हैदराबाद ने दूसरे सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (19) का भी विकेट गंवाया, जो अंशुल कम्बोज की गेंद पर बोल्ड हो गए। विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन (7) भी कुछ खास नहीं कर पाए और उनका विकेट रवींद्र जडेजा ने।



## ब्रेविस ने बनाए 42 रन हर्षल पटेल के 4 विकेट

*चेन्नई सुपर किंग्स ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 19.5 ओवर में 154 रन बनाए थे. सीएसके की शुरुआत खराब रही और उसने मैच की पहली गेंद पर शेख रशीद (0) का विकेट गंवा दिया। रशीद को मोहम्मद शमी ने अभिषेक शर्मा के हाथों कैच आउट कराया। यहां से 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे और सैम करन ने मिलकर 39 रनों की पार्टनरशिप की। करन का विकेट हर्षल पटेल ने लिया, जो सिर्फ 9 रन बना सके. आयुष म्हात्रे टच में दिख रहे थे, लेकिन वो अपनी इनिंग्स को बड़ा नहीं कर पाए। आयुष को विपक्षी कप्तान पैट कमिंस ने चलता किया। आयुष ने 6 चौके की मदद से 19 बॉल पर 30 रन बनाए। आयुष के आउट होने के समय चेन्नई सुपर किंग्स का स्कोर तीन विकेट पर 47 रन था। तीन विकेट गिरने के बाद डेवाल्ड ब्रेविस और रवींद्र जडेजा ने मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। जडेजा लय में दिख रहे थे, लेकिन कामिंदु मेंडिस की फिरकी में वो फंस गए। जडेजा ने 1 चौके और एक सिक्स की मदद से 17 बॉल पर 21 रन बनाए।*

# कैनो स्प्रिंट और ड्रैगन बोट में मप्र के खिलाड़ियों ने जीते 15 स्वर्ण पदक



- खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया चैंपियनशिप का शुभारंभ
- तीन स्पर्धाओं में देशभर के 1300 खिलाड़ी दिखा रहे है जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी के छोटे तालाब पर मप्र की जूनियर, सब जूनियर केनो स्प्रिंट, ड्रैगन बोट और पैरा कैनो की राष्ट्रीय स्पर्धा का खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुभारंभ किया। शुक्रवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन मप्र के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कैनो सप्रिंट में 13 स्वर्ण, पांच रजत व एक कांस्य सहित कुल 19 पदक जीते। ड्रैगन बोट दो किमी में तीन मुकाबलों के फाइनल हुए। इसमें मप्र ने दो में स्वर्ण पदक जीते। पदक तालिका में ओडिशा दूसरे व केरल तीसरे स्थान पर मौजूद है। मध्य प्रदेश कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन व भारतीय कयाकिंग एवं केनोइंग एसोसिएशन द्वारा राजधानी में 35वीं राष्ट्रीय केनो सप्रिंट जूनियर महिला पुरुष व सब जूनियर प्रतियोगिता, 13वीं राष्ट्रीय ड्रैगन और 18वीं राष्ट्रीय पैरा कैनो प्रतियोगिता आयोजित की जा रह है। 1000 मी. जूनियर पुरुष सी-1 में मप्र के सुशील कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। इसी तरह के-2 इवेंट में मप्र के आदित्य सिंह और मंजीत मेतई ने स्वर्ण पदक जीता। के-4 में मप्र की संतोष, अभिषेक आर्य, रोहन यादव व सचिन की चौकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।

## खेलमंत्री सारंग ने किया शुभारंभ

प्रतियोगिता का शुभारंभ खेलमंत्री विश्वास कैलाश सांरग ने किया। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी तथा आयोजन समिति को इतने बड़े आयोजन के लिए बधाई दी है। उन्होंने भोपाल खेलों का हब तो था अब काशी बन गया है। इस मौके पर जयदीप प्रसाद एडीजी एसआरबी व भारतीय कयाकिंग स्प्रिंट के चेयरमैन, भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा, मप्र कयाकिंग संघ के अध्यक्ष पीएस बुंदेला, सचिव मयंक ठाकुर, पीके बरोई, मनोज सक्सेना, राजू कनाडे, रत्ना पाटिल मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विनोद मिश्रा ने किया।

# सागर ने आरएनटीयू को भेंट की भारतीय हॉकी टीम की हस्ताक्षरित जर्सी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भारतीय हॉकी टीम के वाइस कैप्टन एवं टोक्यो व पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज़ मेडल विजेता विवेक सागर ने रायसेन जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आज रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति



संतोष चौबे को भारतीय हॉकी टीम द्वारा हस्ताक्षरित विशेष जर्सी भेंट की। कुलाधिपति संतोष चौबे ने विवेक सागर का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए बधाई दी। आगे उन्होंने कहा कि विवेक केवल हमारे विश्वविद्यालय के नहीं बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पंजाब-गोवा में जंग आज

**भुवनेश्वर।** पिछले मैच में शानदार जीत से आत्मविश्वास से लबरेज पंजाब एफसी की टीम शनिवार को यहां सुपर कप क्वार्टर फाइनल में मजबूत एफसी गोवा को हराकर इसी लय को जारी रखने की उम्मीद करेगी। पंजाब ने ओडिशा एफसी को 3-0 से जबकि एफसी गोवा ने आई लीग टीम गोकुलम केरला एफसी को इसी अंतर से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी। पंजाब एफसी के मुख्य कोच पनागियोटिस डिलम्पेरिस ने कहा, 'हमने ओडिशा के खिलाफ मैच में जोखिम लिया और उन्हें गोल में तब्दील किया। ओडिशा ने भी कई मौके बनाये और मैं चाहूंगा कि गोवा के खिलाफ कल के मैच में हम इनका दोहराव नहीं होने दें।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930